भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:12 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 222, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत-यूएई में चार समझौते 16

स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकॉर्ड 15

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी: थरूर की याचिका पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ कांग्रेस सांसद शशि थरूर की याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने पर विचार किए जाने पर सहमति व्यक्त की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई 'शिवलिंग पर बिच्छू" संबंधी थरूर की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद करने से इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने सोमवार को शाम 6 बजे तक सुनवाई की, जबकि सामान्यत: शाम 4 बजे तक ही सुनवाई की जाती है।

### दिल्ली में पटाखों के उत्पादन-बिक्री पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आगामी सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री तथा उपयोग पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक बयान में कहा कि वायु प्रदूषण में मौसमी वृद्धि को कम करने के लिए प्रतिबंध आवश्यक है। प्रदूषण पटाखों के कारण और भी बदतर हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए पिछले वर्ष की तरह हम सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर 1 जनवरी 2025 तक के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगा रहे हैं, ताकि लोगों को प्रदूषण से बचाया जा सके।

### नौशेरा में घुसपैठ नाकाम दो आतंकी मार गिराए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा के लाम सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना ने कहा कि घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लाम, नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई।

## दिल्ली में इंजीनियर के आवास से 2.39 करोड़ नकद बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● सीबीआई ने 91 हजार रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पर्यावरण मामले के एक वरिष्ठ इंजीनियर के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इंजीनियर को इसके पहले 91 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

अधिकारियों ने बताया कि सीनियर इंजीनियर मोहम्मद आरिफ और रिश्वत देने वाले किशलय शरण सिंह की गिरफ्तारी की औपचारिकताएं चल रही हैं। सीबीआई ने आरिफ, किशलय, उसके पिता और बिचौलिए भगवत शरण सिंह और दो व्यापारियों राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स के मालिक राज कुमार चुघ और एमवीएम के गोपाल नाथ कपूरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि आरिफ भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनकी कंपनियों के लिए डीपीसीसी से पुनः मंजूरी दिलाने में सहयोग करने की एवज में रिश्वत ले रहा है।

# कालिंदी को पलटाने की साजिश में 28 को उठाया

**शिवराजपुर थानाक्षेत्र के मुडेरी क्रासिंग के पास ट्रैक पर रखा था भरा सिलेंडर**

**कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर**

● एनआईए, आईबी और एटीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की

● शहर और आस-पास के जिलों से 28 से अधिक लोगों को उठाया

> अभी हमारे सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मौका मुआयना किया है। सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी दोषी होंगे, उन्हें कतई नहीं बख्शा जाएगा। -**प्रशांत कुमार**, डीजीपी



जांच करते एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को ट्रैक पर सिलेंडर रखकर पलटाने की साजिश में रेलवे के जेई ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सोमवार को एनआईए, आईबी, एटीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर और आसपास के जिलों से अब तक 28 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। घटनास्थल के चारों तरफ 10-10 किमी क्षेत्र के सीसीटीवी पुलिस खंगाल रही है।

रविवार रात करीब 8 बजे कालिंदी एक्सप्रेस कानपुर से छूटी थी। रात 8.37 बजे ट्रेन फर्रुखाबाद रूट के बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच स्थित मुडेरी गांव की क्रासिंग के पास पहुंची थी कि तभी ट्रैक पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई थी। तेज रफ्तार ट्रेन भरे सिलेंडर से टकराई तो तेज धमाका हुआ था। इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोककर गार्ड, गेटमैन और अफसरों को सूचना दी थी। इस मामले में रेलवे के जेई रमेश चंद्र ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके अनुसार वह घटनास्थल पर पहुंचे तो पाया कि ट्रैक के पास एक कांच की बोतल में पेट्रोल भरा था और बाती लगी थी। पोल 37/16-18 के पास एलपीजी सिलेंडर के घिसटने के निशान मिले और गैस सिलेंडर दाहिनी ओर झाड़ी में पड़ा मिला। इस संबंध में शिवराजपुर इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि जेई रमेश चंद्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला:** बीएनएस की धारा 287 आग या दहनशील पदार्थ का इस्तेमाल करना, धारा 125 दूसरे के जीवन को खतरे में डालने का कार्य, धारा 4 9बी विस्फोटक अधिनियम, रेलवे एक्ट में 150 दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से ट्रेन को नष्ट करना, 151 संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, 152 रेलवे से यात्रा करने वाले व्यक्तियों को चोट पहुंचाने में मामला दर्ज किया गया।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई चयन सूची तैयार करने पर रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई, यूपी सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● अब 23 सितंबर को होगी इस मामले में अगली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य में 69,000 सहायक शिक्षकों की नई चयन सूची तैयार करने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने जून 2020 और जनवरी 2022 में जारी शिक्षकों की चयन सूचियों को रद करने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी, जिनमें 6,800 अभ्यर्थी शामिल थे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगी। साथ ही, न्यायालय ने संबंधित पक्षों के वकीलों से कहा कि वे अधिकतम सात पृष्ठों के संक्षिप्त लिखित नोट दाखिल करें। पीठ ने कहा कि वह याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी।

यूपी सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी शीर्ष अदालत में पेश हुईं। हाईकोर्ट ने अगस्त में राज्य सरकार को प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नयी चयन सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने महेंद्र पाल और अन्य द्वारा पिछले साल 13 मार्च को एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली 90 विशेष अपीलों का निस्तारण करते हुए यह आदेश जारी किया था।

### क्या था हाईकोर्ट का आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1 जून 2020 और 5 जनवरी 2022 की चयन सूचियां को दरकिनार कर नियमों के तहत तीन माह में नई चयन सूची बनाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के इस फैसले से राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था। वहीं पिछली सूची के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षकों की सेवा पर भी संकट खड़ा हो गया था। कोर्ट ने कहा था कि नई चयन सूची में 1981 के नियम के तहत आरक्षण अधिनियम 1994 के मुताबिक आरक्षण नीति का पालन किया जाए। अगर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी की मेरिट सामान्य श्रेणी के बराबर आए तो वह सामान्य श्रेणी में आ जाएगा। इन निर्देशों के तहत ऊपरी क्रम में आरक्षण दिया जाएगा।

### अखिलेश ने सरकार को घेरा

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में उप्र की सरकार दोहरा खेल न खेले। इस दोहरी सियासत से दोनों पक्ष के अभ्यर्थियों को ठगने और सामाजिक, आर्थिक व मानसिक रूप से ठेस पहुंचाने का काम भाजपा सरकार न करे। यूपी भाजपा सरकार की भ्रष्ट-प्रक्रिया का परिणाम अभ्यर्थी क्यों भुगतें। जो काम तीन दिन में हो सकता था, उसके लिए 3 महीने का इंतजार करना और ढिलाई बरतना बताता है कि भाजपा सरकार किस तरह से नई सूची को जान-बूझकर न्यायिक प्रक्रिया में उलझाना व सुप्रीम कोर्ट ले जाकर शिक्षक भर्ती को फिर से लंबे समय के लिए टालना चाह रही है।

## काम की कीमत पर प्रदर्शन नहीं किया जा सकता: कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों को काम पर तत्काल लौटने का निर्देश देते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन कर्तव्य की कीमत पर नहीं किया जा सकता।

● सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को तत्काल लौटने को कहा

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि अगर वे काम पर लौटते हैं, तो उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत:** पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कोर्ट में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की घटना के खिलाफ चिकित्सकों की हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत हो चुकी है।

**जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक**

# कैंसर की दवाओं और नमकीन पर टैक्स घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 प्रतिशत बढ़ा

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं और नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का ऐलान किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है।

सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने का फैसला किया है। वित्तमंत्री के मुताबिक, बीते छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गया है।

### जीवन-स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम घटाने पर फैसला टला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर कम करने के लिए मंत्री समूह गठित करने का निर्णय किया है। मंत्री समूह (जीओएम) की अगुवाई बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। सीतारमण ने कहा कि मंत्री समूह अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा। बीमा प्रीमियम पर कराधान का मुद्दा संसद में उठ चुका है। विपक्षी सदस्यों ने मांग की थी कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त रखा जाए। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस मुद्दे पर सीतारमण को पत्र लिखा था।

## खेत की रखवाली कर रहे ग्रामीण को बाघ ने मार डाला

**माधोटांडा (पीलीभीत), अमृत विचार:** मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के दावों के बीच सोमवार सुबह फसल की रखवाली कर रहे एक ग्रामीण को बाघ ने मार डाला। गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। अफसरों के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद जाम खोला।

● ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से सटे इलाके में हुई। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी केदारी (60) जंगल से सटे इलाके में धान की फसल की रखवाली कर रहे थे। करीब 10 बजे बाघ ने उन पर हमला कर दिया और जंगल में खींच ले गया। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीण और वन विभाग की टीम पहुंच गई। ग्रामीण जगंल में घुस गए। उन्हें केदारी का अधखाया शव मिला। वे शव को बाहर लाए और पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान प्रशासनिक एवं वन अधिकारियों को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा।

## सूरत: गणेश पंडाल पर पथराव के बाद हिंसा, 34 गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी**



● आरोपियों के अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

गणेश उत्सव के दौरान कुछ नाबालिगों द्वारा एक पंडाल पर पर पथराव किए जाने के कारण वहां स्थापित गणेश मूर्ति खंडित हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क गई और कुछ पुलिसकर्मी सहित अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात सैयदपुरा में घटी इस घटना के सिलसिले में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है।

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि दो तरफ से पथराव हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लोगों के एक समूह ने क्षेत्र में खड़े दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया और दो अन्य में तोड़फोड़ की। इस बीच सूरत नगर निगम ने सोमवार सुबह सैयदपुरा पुलिस स्टेशन के पास आरोपियों के अवैध निर्माणों-अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया।

## नाले में नहाते समय चार बच्चे डूबे, दो की मौत

**हरपालपुर (हरदोई), अमृत विचार:** हरदेव राजा के देवस्थान पर बेलन पूजा के लिए महिलाओं के साथ गए चार बच्चे गंगा नदी के नाले में नहाते समय डूब गए थे। इनमें दो बच्चों की मौत हो गई है।

हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर के मजरा ज्ञानपुर गांव में भाद्रपद मास के सोमवार को गांव से करीब 500 मीटर दूर हरदेव राजा के स्थान पर प्रतिवर्ष बेलन पूजा होती है, जिसमें गांव की सैकड़ों महिलाएं पूजा में शामिल होती हैं। इसी दौरान गांव के कई बच्चे भी गए थे। उसमें उमाकांत का बेटा कुशल (14) तथा अनुराग (9) एवं रामलखन का बेटा अंशू (11), लालता का बेटा विजय (10) गंगा नदी से निकली सेढा नाले में नहा रहे थे। अचानक गहरे पानी में चले जाने से कुशल तथा अंशू की मौत हो गई है, जबकि अनुराग तथा विजय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुशल गांव में ही कक्षा 8 तथा अंशू कक्षा 6 का छात्र था। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार अनेक सिंह राजस्व लेखपाल श्यामवीर सिंह ने मृतक छात्रों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किशोरी से चलती कार में गैंगरेप

**संवाददाता, गोंडा**

● आरोपी आरिफ और रिजवान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र में दो युवकों ने एक दलित किशोरी से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे बाजार में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी पूर्वी ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह पति के साथ 7 सितंबर को मायके गई थी। घर पर उसकी 17 वर्षीय बेटी अकेली थी। बेटी को अकेला देख आरिफ व रिजवान नाम के दो युवक उसे मोबाइल दिलाने के बहाने कार में बिठा ले गए और उसके साथ चलती कार में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों आरोपी उसे बाजार में छोड़कर फरार हो गए। दूसरे दिन जब महिला घर लौटी तो पीड़िता ने उन्हें घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी मोहम्मद आरिफ निवासी पंतनगर फोरबिसगंज कोतवाली नगर व मोहम्मद रिजवान निवासी भगवतीगंज जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपियों के सैंपल भी लिए गए हैं। घटना में प्रयुक्त कार, जिसे मो. आरिफ चलाता था, उसे भी बरामद कर लिया गया है।

### पुलिस चौकी तक कार दौड़ाते रहे आरोपी

पीड़िता के मुताबिक दोनों आरोपी कार में उसे बैठाकर मुन्नन खां चौराहे से मनकापुर बस स्टॉप की तरफ ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मनकापुर बस स्टॉप होते हुए महराजगंज पुलिस चौकी के पास पहुंचे और कार को चौकी के सामने रोककर उसे कार से नीचे उतार दिया और फरार हो गए।

## देश में मंकीपॉक्स के दो मामले सामने आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● स्वास्थ्य मंत्रालय ने की पुष्टि, पीड़ितों को आइसोलेट किया गया

देश में बहुचर्चित मंकीपॉक्स से पीड़ित दो रोगियों की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां देश में मंकीपॉक्स के दो रोगियों की पुष्टि करते हुए बताया कि दो अलग-अलग व्यक्तियों में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि है। फिलहाल उन्हें संक्रमण के लिए निर्धारित किए गए अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।

मंकीपॉक्स के पहले संदिग्ध मामले की पुष्टि यात्रा के दौरान संबंधित संक्रमण के रूप में की गई है। प्रयोगशाला परीक्षण में रोगी में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के मंकीपॉक्स विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। मंत्रालय ने कहा है कि सामने आए मामले जुलाई 2022 से भारत में रिपोर्ट किए गए पहले के 30 मामलों के समान हैं और वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का हिस्सा नहीं हैं, जो मंकीपॉक्स के क्लेड-1 से संबंधित है।

**परंपरा** — मेघालय में अपनी पुरुष ससुराल में रहकर संभालते हैं घर-गृहस्थी, महिलाएं कामकाज के लिए जाती हैं बाहर

# यहां शादी के बाद दुल्हन नहीं, दूल्हे की विदाई, दहेज का सवाल नहीं

**शैलेश अवस्थी, शिलांग**

● बच्चों के नाम पर मां का सरनेम, संपत्ति पर अधिकार भी लड़कियों का, बराबरी का दर्जा

**अमत विचार:** महिलाओं का धमक, ठसक और जलवा देखना हो तो मेघालय आइए और सीखिए कैसे होता है नारी सशक्तिकरण। यहां दुल्हन नहीं, दूल्हा विदा होकर अपनी ससुराल जाता है और वहीं रहकर घर-गृहस्थी संभालता है।

मेघालय की खासी जनजाति में महिलाओं का वर्चस्व है। अब तो यहां की गारो और जयंतिया समुदाय ने भी यही रीति अपना ली है यानी महिलाओं को बराबरी का दर्जा। शादी में दहेज का सवाल ही नहीं है। यहां कोई इस शब्द को भी नहीं जानता। लड़की को अपना जीवनसाथी चुनने की पूरी आजादी है। लड़का और लड़की सगाई के पहले एक-दूसरे से मिलते हैं और सब अच्छी तरह से जानकारी कर लेते हैं। इसके बाद दोनों के परिवार मिलते हैं और फिर सहमति के बाद शादी तय हो जाती है। हां, एक ही गोत्र में तो शादी बिल्कुल नहीं हो सकती। दुल्हन के गहने और परंपरागत पोशाक लड़के वालों को ही भेंट करनी होती है। दुल्हन की पोशाक को धारा और दूल्हे की पोशाक को दिग्फिग कहते हैं।

लड़की और लड़का सगाई के दौरान एक-दूसरे को अंगूठी और सुपारी की थैली भेंट करते हैं। रस्म पूरी होने के बाद दूल्हे का परिवार उसे भारी मन से दुल्हन के घर के लिए विदा करता है। दूल्हा विदा होकर दुल्हन के घर यानी अपनी ससुराल आ जाता है। फिर आजीवन यहीं रहता है। हां, अपने सास-ससुर की अनुमति से अपने घर (मायके) आ-जा सकता है। यहां ज्यादातर महिलाएं नौकरी, खेती या व्यापार के लिए बाहर निकलती हैं। ससुराल में बसना यहां कोई शर्म की बात नहीं मानी जाती है।



### संपत्ति पर अधिकार बेटियों का ही

यहां वंश पिता नहीं, मां के नाम पर चलता है। बच्चों का सरनेम मां से जुड़ा होता है। चल-अचल संपत्ति पर सबसे छोटी बेटी का ही अधिकार ज्यादा होता है। वैसे मां सहमति से बड़ी बेटियों को भी हिस्सा दे सकती है। बहन चाहे तो भाई को भी अपनी मर्जी पर संपत्ति से हिस्सा दे सकती है। बड़ी बेटी विदा होकर पति के घर जा सकती है, लेकिन फिर उसकी पूरी जिम्मेदारी पति की होगी। इन सबके बीच वर्चस्व महिलाओं का ही होता है। कई बार देखा जाता है कि महिलाएं एक से अधिक शादी भी कर लेती हैं। तलाक में भी उनकी ही मर्जी चलती है।

### नारी सशक्तिकरण का अद्भुत उदाहरण

मेघालय के बाजारों, खेतों, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में जाकर देखा तो वहां भी महिलाओं की संख्या ज्यादा दिखी। वे कामकाज में पारंगत और बेहद मजबूत हैं। स्कूल-कॉलेज जाती हैं और अपने पैरों पर खड़ी होती हैं। हर वो काम कर लेती हैं, जिसमें पुरुष अपना वर्चस्व समझते हैं। यहां की सरकार भी उन्हें बहुत प्राथमिकता देती है। यहां महिलाओं की हैसियत देख सवाल उभरता है कि ऐसा पूरे देश में क्यूं नहीं हो सकता?

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : सीडीओ

## सीएम डैशबोर्ड की सीडीओ ने की समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई


समीक्षा बैठक करती सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में सोमवार को सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये।

मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कृषि संसाधन केंद्रों का चालू निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाये। मंडी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी शुल्क का संग्रह लक्ष्य के अनुरूप किया जाये। कम संग्रह को लेकर उन्होंने मंडी सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि शादी अनुदान योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ ससमय पूरा किया जाये। बैठक में यूपीसिडको के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को लक्ष्य से कम प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**▸▸ मंडी सचिव, यूपीसिडको के प्रतिनिधि व पर्यटन विकास निगम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश**

## शराब सेल्समैन से कैश-मोबाइल लूटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर निवासी देशी शराब के सेल्समैन से अज्ञात बदमाशों ने डंडों के बल पर 33 हजार रुपए की नकदी और मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर निवासी धर्मपाल राठौर पुत्र प्रह्लाद राठौर ने बताया वह मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर गाजी में देशी शराब की दुकान पर सेल्स मैन है। वह 7 सितंबर की रात को दुकान बंद कर अपनी मोटरसाइकिल से फत्तेपुर गाजी से फतेहपुर गयंद जाने वाली पक्की सड़क से घर मिश्रीपुर वापस आ रहा था। कामेपुर और फतेहपुर गयंद के बीच सुनसान स्थान पर झाड़ियों से तीन युवक डंडे लेकर निकल पड़े और उसकी बाइक को रोक लिया। उन्होंने डंडों से उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# आरोपी जेई को सौंपी गई भ्रष्टाचार की जांच

संवाददाता, पाली, हरदोई

**▸▸ शिकायतकर्ता ने किया विरोध, कहा-हाईकोर्ट तक ले जाएंगे मामला**

**अमृत विचार।** कस्बे में नगर पंचायत द्वारा विकास कार्यों के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिसको लेकर नगर के नागरिक अधिकारियों से शिकायत भी कर रहे हैं। बिरहाना निवासी प्रदीप बाजपेई ने सड़क नाली निर्माण में चेयरमैन ईओ और जेई द्वारा ठेकेदार से मिलकर भ्रष्टाचार करने की शिकायत डीएम से की गई थी शिकायत में आरोपी जेई द्वारा ही जांच की गई। जिसको लेकर प्रदीप बाजपेई ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने और ठोस कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट तक मामला ले जाने की बात कही है।

ज्ञात हो कि पाली कस्बे के वार्ड संख्या 11 काजी सराय उत्तरी में मंजूर हसन के मकान से इलियास के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य नगर पंचायत द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया। जिसकी शिकायत कस्बे के मोहल्ला बिरहाना निवासी प्रदीप बाजपेई ने 16 अगस्त को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से की। प्रदीप बाजपेई ने आरोप लगाया कि ठेकेदार देवेंद्र त्रिवेदी से मिलकर नगर पंचायत अध्यक्ष रिजवान खां, अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह यादव, जेई कौशल कुमार ने जमकर भ्रष्टाचार किया। सोमवार को लोक निर्माण विभाग के जेई कौशल कुमार शिकायत की जांच करने पहुंचे, कौशल कुमार के पास नगर पंचायत पाली का भी चार्ज है। जांच अधिकारी जेई कौशल कुमार भी उपरोक्त कार्य में हुए भ्रष्टाचार के आरोपी हैं और कौशल कुमार को ही मामले की जांच दी गई। शिकायतकर्ता प्रदीप बाजपेई ने इसको लेकर विरोध जताया। वहीं जेई कौशल कुमार ने बताया कि उन्हें अधिकारियों द्वारा शिकायत की जांच दी गई, जिस पर वह जांच करने पहुंचे थे।

## सार-संक्षेप

### मोबाइल टावर से दो लाख के उपकरण चोरी

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एगमा में लगे एयरटेल मोबाइल टावर में ऊंचाई पर लगे दो लाख के उपकरण अज्ञात चोर चुरा ले गए। टावर टेक्नीशियन के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आर एस कंपनी के एयरटेल मोबाइल टावर टेक्नीशियन संदीप कुमार ने बताया शनिवार रविवार की रात अज्ञात चोरों ने टावर की ऊंचाई पर पेज के दो लाख रुपए के चार अजना चोरी कर लिए।जिसकी इंडस आईडी 1250583 है। एक अजना की कीमत 59 हजार रुपए के आसपास है। इससे पूर्व भी 27 मई की रात भी अज्ञात चोर इसी टावर से 4 अजना चोरी कर चुके हैं। टावर टेक्नीशियन के प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दबंगों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तडेऱ के मजरा रुधीयापुरवा में ठेके पर काम के पैसे के लेनदेन में दो भाइयों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तडेर के मजरा रूधीयांपुरवा निवासी शिवकुमार ने बताया उसने गांव के सुनील और उसके भाई प्रमोद के साथ कस्बे में ठेके पर काम किया था। उसने विपक्षियों को काम के पैसे दे दिए थे। लेकिन विपक्षियों ने उसे घर जाते समय रास्ते में रोक लिया और पैसे को लेकर गाली गलौज करने लगे। मना किया तो लाठी डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया, और रुपए न देने पर जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू की है।

### पकड़े गए बाइक सवारों से चोरी के मोबाइल बरामद

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोबाइल छीनकर भाग रहे बाइक सवार को पकड़ा। बिलग्राम थाना क्षेत्र के बैफरिया गांव निवासी सचिन पुत्र दृगपाल मोहित पुत्र राम बाबू ध्रुव कुमार पुत्र राम खेलावन के रूप में हुई है। उसके पास से पुलिस ने छीना हुआ मोबाइल बरामद किया है। साथ ही एक 12 बोर तमंचा व पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस को जांच में जानकारी मिली है कि पिंटू जरौली शेरपुर गांव निवासी घर के बाहर मोबाइल से बात करते हुए सड़क पर चल रहा था। इसी दौरान बाइक पर पीछे से आए बाइक सवारों ने उसके मोबाइल पर झपट्टा मारा और भागने लगे। सभी बाइक सवार तेज गति से भाग रहा था, जिसको लेकर पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया। वहीं बैफरिया मोड़ के पास पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को घेर लिया। सभी को पकड़कर कोतवाली ले आए, जहां पर पुलिस ने बाइक सवारों के पास से एक मोबाइल फोन एक 12 बोर तमंचा 5 जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों पर मुकदमा पंजीकृत कर सभी को जेल भेज दिया है।

### गणेश उत्सव के दूसरे दिन धुंधकारी मोक्ष की कथा सुनाई


कथा सुनाते आचार्य।

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर के नुमाइश मैदान में चल रहे श्री गणेश चतुर्थी कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को शाम के समय प्रिय शरण जी महाराज वृंदावन और अनुज भाई जी महाराज वृंदावन ने भागवत कथा सुनाई। उन्होंने धुंधकारी मोक्ष, सुखदेव जन्म और परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। कथा के दौरान उन्होंने राधा रानी के भजन भी सुनाएं। कथा के बाद गणेश जी की झांकी श्री कृष्ण राधा रानी की झांकी सजाई गई। उसके उपरांत आरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया। कमेटी के अध्यक्ष सलिल अवस्थी ने बताया कि 7 सितंबर से प्रतिदिन शाम 7बजे से भजन संध्या झांकी मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। प्रतिदिन आरती सुबह 8 बजे और शाम को 6 बजे होगी। इस मौके पर कमेटी के संरक्षक राजन सिंह, आचार्य सोम पांडे, श्यामू बाजपेई, चंद्रहास, दीपांशु, अंकित अवस्थी, गौरव पांडे, शिवम पांडे, अनूप अग्निहोत्री, अभिषेक पांडे, चंचल बाजपेई, अमित गुप्ता, सुरेश बाबू शुक्ला, सोनू अग्निहोत्री, रोहित श्रीवास्तव, दुलारी पांडे, अरविंद शर्मा, अजय पांडे, आशुतोष चौहान, अंकित अग्निहोत्री, संदीप बाबू सहित अन्य बहुत से भक्तगण मौजूद रहे।

### याद किए गए 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' के रचयिता


श्याम लाल गुप्त पार्षद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते वैश्य सेवा समिति के लोग।

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** शहर के बाबूलाल गुप्ता मांटेसरी स्कूल के प्रांगण मे सोमवार को झंडा गीत 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' के रचयिता पद्मश्री स्व. श्यामलाल गुप्त 'पार्षद जी' की स्मृति में उनके जन्म दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय दौसर वैश्य सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता और संरक्षक अविनाश चंद्र गुप्त, अनिल कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस बीच विद्यार्थियों, अध्यापकों व अतिथियों ने झंडा गीत का समूह गायन कर वातावरण मे नवीन ऊर्जा का संचार किया। अविनाश चंद्र गुप्त ने 'पार्षद जी' का विविध क्षेत्रों मे योगदान व उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए झंडा गीत को राष्ट्रीय त्यौहारों के अवसर पर शुरू करने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में भारतीय दौसर वैश्य सेवा समिति के पदाधिकारी सतेन्द्र गुप्ता, अखिलेश गुप्ता,आदर्श गुप्ता,धर्मेंद्र गुप्ता और विद्यालय के अध्यापक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य विवेक दीक्षित ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वर्षा शर्मा ने किया।

### भाजपा के कैम्प में 271 ने ली सदस्यता

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने कैम्प लगाकर 271 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। क्षेत्र के सांडा दखलौल में बूथ अध्यक्ष विजय बहादुर, खसरौल में अमित सिंह, हनुमान गढ़ी में पूर्व प्रधान कल्लू सिंह, बिलरिया में सत्यपाल ने सदस्यता कैम्प का आयोजन किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष ओमप्रकाश अर्कवंशी, धर्मेंद्र त्रिवेदी, आयुष अर्कवंशी, सुनील पांडे, अशोक दीक्षित, राजू पांडे, विनोद यादव, रामशंकर, राजेश, सुमित मौजूद रहे।

## नए अवसर तलाशने के लिए कार्यशाला करना सराहनीय कदम : सीडीओ

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** मास कम्युनिकेशन एवं रेडियो विषय पर कार्यशाला नेहरू डिग्री कॉलेज और रेडियो जागो 90.4 एफएम कम्युनिटी रेडियो के संयुक्त तत्वाधान में रेडियो जागो स्टूडियो पर आयोजित की गई। इसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने संयोजक नेहरू कॉलेज के प्राचार्य केके सिंह, आयोजक अभय शंकर गौड़, आकाशवाणी के पूर्व निदेशक डॉ. महेन्द्र पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा आज युवकों में उनके विचारों को गति देने और कैरियर में नए-नए अवसर तलाशने के लिए इस तरीके की कार्यशाला करना बहुत सराहनीय कदम है। उन्होंने मास कम्युनिकेशन को जागरूकता से जोड़ते हुए कहा कि आज पर्यावरण के क्षेत्र में सभी को विशेष तौर पर नौजवानों को आगे आना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन से सभी लोग परेशान हैं। इस कार्यशाला में आकाशवानी और दूरदर्शन के पूर्व निदेशक डॉ. महेंद्र पाठक और वरिष्ठ पत्रकार नवल कांत सिन्हा ने मांस कम्युनिकेशन, रेडियो, प्रिंट और सोशल मीडिया के बारे में व्याख्यान दिया। कार्यशाला के संयोजक नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य और आर्य कन्या महा विद्यालय, राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य तथा 100 से अधिक बालक और बालिकाएं तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभा कर रहे हैं। संचालन प्रोफेसर दीपक राय ने किया।

# सिटी मजिस्ट्रेट बोले...नो डिस्कस, नो कमेंट

## बड़े दुकानदारों को 2 दिन और छोटे को 2 मिनट की भी मोहलत न देने पर बिगड़े व्यापारी

संवाददाता, हरदोई


अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट से सवाल पूछते व्यापारी।

**अमृत विचार।** शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर बराबर उंगलियां उठ रहीं हैं। सोमवार को बड़े चौराहे से बिलग्राम चुंगी के बीच अभियान चलाया गया। उस दौरान कुछ व्यापारी इस बात पर बिगड़ गए कि बड़े दुकानदारों को दो दिन की मोहलत दी जा रही है और छोटे दुकानदारों को दो मिनट की भी नहीं ? इस पर सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार द्विवेदी पहले तो कहा...कलेक्ट्रेट जाइए, एडीएम से मिलिए, फिर चेहरे पर हंसी लाते हुए बोले...भाजपा के मीडिया प्रभारी ने भी दो मिनट की ही मोहलत मांगी थी, फिर नो डिस्कस, नो कमेंट कहते हुए आगे बढ़ गए।

शहर की तस्वीर को साफ बनाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। जैसा कि शुरुआत से ही कहा जा रहा है कि अभियान अमीरों के नहीं बल्कि रोज़ कमाने-रोज़ खाने वाले गरीबों के लिए चलाया जा रहा है। रविवार को लखनऊ चुंगी से बिलग्राम चुंगी के बीच नगर पालिका परिषद का बुलडोज़र गरजा,लेकिन छोटों को उजाड़ते और बड़े-बड़ो को छुए बगैर आगे बढ़ता गया। उसका दूसरा एपिसोड सोमवार को देखने को मिला। सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार द्विवेदी और ईओ की अगवाई में बड़े चौराहे से बिलग्राम चुंगी तक का अतिक्रमण साफ किया गया। इस बीच तमाम व्यापारी सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पहुंचे और बोले कि बड़े दुकानदारों को दो दिन की मोहलत दी जा रही है,जबकि छोटे दुकानदारों को दो मिनट की भी नही,इस पर सारी बात सुनने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने उनसे कहा कि कलेक्ट्रेट जाइए, एडीएम से मिलिए, फिर चेहरे पर हंसी लाते हुए कहा... भाजपा के मीडिया प्रभारी ने भी दो ही मिनट की मोहलत मांगी,व्यापारी आगे कुछ बोल पाते,उससे पहले नो डिस्कस,नो कमेंट कहते हुए सिटी मजिस्ट्रेट आगे बढ़ गए।

# पुलिस ने शव के साथ की खींचतान, वीडियो वायरल

संवाददाता, हरदोई

**▸▸ कासिमपुर पुलिस पर अधेड़ की मौत के मामले में सौदेबाज़ी करने का आरोप**

**▸▸ दबाव के डर से गांव नहीं बल्कि एसपी के बंगले पर शव ले कर पहुंचें घर वाले**


रतीराम (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** घर में घुस कर फावड़े और लाठी-डंडे से किए गए हमले में घायल अधेड़ की मौत के बाद भी कासिमपुर पुलिस नहीं पिघली, उल्टे हमलावरों को बचाने के लिए अधेड़ के घर वालों पर दबाव बनाते हुए सौदेबाज़ी में जुट गई। उधर, दबाव के डर से लखनऊ में पोस्टमार्टम कराने के बाद अधेड़ का शव उसके घर वाले गांव नहीं ले गए बल्कि एसपी बंगले के सामने ले जा कर रख दिया। इस बीच वहां तैनात पुलिस के जवान शव के साथ खींचतान करने लगे, जिसका वीडियो सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे क्या हुआ।

बतातें चलें कि 1 सितम्बर को कासिमपुर थाने के महमूदपुर धतिगड़ा निवासी रतिराम के ऊपर घर में घुस कर फावड़े और लाठी-डंडे से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया गया था। बुरी तरह से घायल हुए रतिराम को सीएचसी से मेडिकल कालेज और वहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां रविवार की सुबह उसकी आठवें दिन मौत हो गई। इधर कासिमपुर पुलिस पर शुरु से ही आरोप लगाए जा रहे थे कि वह हमलावरों को बचाते हुए रतिराम की पत्नी शर्मा देवी की तहरीर पर केस नहीं दर्ज कर रही है। उसकी मौत की खबर सुनते ही हमलावर दबाव बनाने के लिए पुलिस के साथ सांठगांठ करने लगे। इसका पता होने पर अधेड़ के घर वालों ने शव को सीधे गांव ले जाने का फैसला टाल दिया और रविवार की देर रात में शव एसपी बंगले के सामने रख दिया। इसका पता होते ही वहां तैनात पुलिस जवान सन्न में रह गए, पहले तो उन्होंने बातों से बात बनाने की कोशिश की, फिर बाद में शव को हटाने के लिए खींचतान करने लगे, जिसका वीडियो सामने आया है। उस वीडियो को देख कर समझा जा सकता है कि पुलिस जवान महिलाओं के साथ किस तरह से धक्का-मुक्की कर रहें है।

### गैर इरादतन हत्या कैसे इरादतन में हुई तरमीम

**संवाददाता, हरदोई। अमृत विचार :** कासिमपुर पुलिस ने काफी शोर होने और एसपी के एक्शन में आने पर रतिराम के हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी,जबकि अधेड़ के घर वालों का कहना था कि हमलावरों ने पूरे इरादे के साथ घर में घुस कर रतिराम के ऊपर हमला बोला गया था। घर वाले रतिराम का शव गांव ले गए, लेकिन तब तक अंतिम संस्कार न करने का फैसला किया,जब तक हमलावरों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो जाती। हो-हल्ला होता इससे पहले बैक फुट पर आई कासिमपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 105 को बीएनएस की धारा 103 में तरमीम किया।

### आखिर क्या है मामला

**संवाददाता, हरदोई। अमृत विचार :** आरोपी गुड्डी देवी महमूदपुर धतिगड़ा की प्रधान हैं और उसके पति निरंजन प्रधानी चलाते है। गांव वालों के जाबकार्ड निरंजन ने अपने पास रख रखें है, मनरेगा के तहत जिस जाबकार्ड धारक के खाते में पैसा जाता है, निरंजन उसके ऊपर दबाव बना कर उससे रुपयों ऐंठ लेता है। रतिराम भी जाब कार्ड धारक था, उसके खाते में रुपये आए हुए थे। 1 सितम्बर को पहले प्रधान गुड्डी देवी रतिराम के घर उससे रुपयें मांगने पहुंची, रतिराम का कहना था कि रुपये उसके खाते में आए है, उसे भी हिस्सा चाहिए, उसी बात पर गाली-गलौज हुई और फिर गुड्डी ने अफने पति निरंजन, पुत्रों के अलावा अपने लोगों के साथ रतिराम के ऊपर हमला बोल दिया।

# चोर नहीं, बेटी ने ही घर से चुराए थे जेवर

संवाददाता, हरदोई

**▸▸ सुरसा थाने के वल्लीपुर में हुई चोरी का पुलिस ने खोला राज़**

**▸▸ पढ़ने में होनहार छात्रा की ऐसी हरकत से घर वाले हैरान**

**अमृत विचार।** लाखों के ज़ेवर चोरी होने का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके पीछे की जो कहानी सामने की है,उसे सुन कर हर कोई हैरान है। दरअसल चोरी चोरों ने नहीं बल्कि उसी घर की ऐसी छात्रा ने की थी, जो पढ़ने-लिखने में काफी होनहार है। छात्रा के घर वालों ने उसकी इस हरकत को बचकानी हरकत समझ कर माफ कर दिया तो पुलिस को भी उसे माफी देनी पड़ी।

बतातें चलें कि 5 सितंबर की रात में सुरसा थाने के वल्लीपुर निवासी मनीष कुमार पुत्र मुंशीलाल के घर से लाखों के ज़ेवर चोरी होने की खबर से हड़कंप मच गया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए चोरी का खुलासा करने में जुट गई। हालांकि पुलिस को पहले से ही शक था कि ज़ेवर चोरी करने में किसी घर वाले का ही हाथ है। इस लिए उसकी जांच का रुख मनीष कुमार के घर वालों की तरफ हो गया। पूछताछ के बाद पता चला कि चोरी किए गए ज़ेवर कोई चोर नहीं ले गया, बल्कि मनीष की होनहार बेटी ने गायब किए थे। पुलिस ने उसके बताए ठिकाने से चांदी की प्लेट, दो जोड़ी पैरों की पाज़ेब, 17 जोड़ी छोटी और 4 जोड़ी पैरों की बड़ी बिछुआ, कान के झुमके, मांग टीका और अगूंठी बरामद कर ली। छात्रा ने माना कि उसी ने ज़ेवर छिपाए थे। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि छात्रा पढ़ने में काफी होनहार है, उसके पिता ने अब कोई कार्यवाही न करने की बात कही है। इस लिए पुलिस ने भी छात्रा के भविष्य को देखते हुए उसे माफ कर दिया है।

# श्री गणेशाय नम : गणेश उत्सव पर गजानन के भजनों पर झूमे भक्त

संवाददाता, हरदोई


भजन गाती गायिका। अमृत विचार


सांडी में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार


शाहाबाद में राम वाटिका में प्रस्तुति देते मेहमान कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गजानन सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रयोदश गणेश महोत्सव में तीसरे दिन के कार्यक्रम में कृपालु साधक डॉ. राजेंद्र दत्त मिश्र ने श्रद्धालुओं को भगवान गणेश के बारे में बताया। मानस प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। जिसमें विजेताओं को तुरंत ही तुलसी का पौधा व गजानन का चित्र उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। जयपुर से आईं सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी ने पंडाल में मौजूद श्रोताओं के बीच भजनों के माध्यम से अपनी छाप छोड़ी। श्रोता देर रात भजनों का आनंद लेते रहे। संचालन अशोक सिंह लालू ने किया।

समिति के अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि 10 सितंबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। शाम की आरती में कृपालु साधक डॉ. राजेंद्र दत्त मिश्र, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर बबली महिन्द्रा, चारु महिन्द्रा, डॉ. विनोद शुक्ला, अर्पण शुक्ला, दीपक कपूर, आर के बबलू, अविनाश मिश्रा व अविनाश चन्द्र गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी, प्रभाकर पाठक, जेके सेठ, संजीव रस्तोगी, कुलदीप द्विवेदी, राज मोहन पांडेय, अनुपम पांडेय, अंबुज शुक्ला, राजू मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, आलोकिता श्रीवास्तव, नवल किशोर, पंकज अवस्थी, कपिश चतुर्वेदी, नमन चतुर्वेदी, अंशू द्विवेदी, नीरज शुक्ला, कमल शुक्ला व शुभम सिंह आदि मौजूद रहे। सांडी संवाददाता के अनुसार श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति के तत्वावधान में कस्बे के बाबा कमलेश्वर नाथ मंदिर सतमठिया में चल रहे अष्टम भव्य श्री गणेश महोत्सव के द्वितीय दिवस समिति के पदाधिकारियों ने सांडी के महाराजा गणपति गजानन की आरती की। आरती के पश्चात जीतू छलिया आर्ट ग्रुप हरदोई के माध्यम से कानपुर, बरेली व लखनऊ के कलाकारों के द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी, शिव -पार्वती की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान समिति के डॉ. पंकज त्रिवेदी,कपिल गुप्ता, संजीव राठौर,नमन सिंह,मोनू राठौर, अनुराग कुशवाहा,डॉ निरपेन विश्वास, प्रिंशू सिंह ,दीपक पाठक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार नगर के राम वाटिका मैदान में चल रहे श्री गणेश महोत्सव के तीसरे दिन शाम को मेहमान कलाकारों द्वारा धार्मिक भजनों पर मनमोहक नृत्य देखकर दर्शक भाव विभोर दिखाई दिए। आयोजकों ने गणेश जी की आरती कर भक्तों में प्रसाद वितरित किया। तीसरे दिन शाम को लखनऊ के कुशल ब्राह्मणों द्वारा गणेश जी का संध्या पूजन कर आरती करवाई गई। श्री बाला जी ग्रुप के द्वारा धार्मिक नृत्य संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मां महाकाली,भोलेनाथ और हनुमान जी सहित विभिन्न मनमोहक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर आयोजक मंडल के प्रकाश चंद्र रस्तोगी, विश्वनाथ बाजपेई, अनिल मराठा, रमन गुप्ता, पंकज गुप्ता, दीपक वर्मा, रमेश गायकवाड, बलराम रस्तोगी, वैभव मिश्रा, मोहित, यश वर्मा सहित सभी कार्यकर्ता परिवार सहित उपस्थित रहे। पाली संवाददाता के अनुसार नगर के मोहल्ला बिरहाना स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर पर गणेश महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है। वहीं शाम होते ही गणेश महोत्सव देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। नगर के लोगों का कहना है कि इस बार झांकियां देखने को मिल रही है। इसके पहले उन्होंने इतनी भव्य झांकियां नहीं देखी है, वहीं नगर के लोग मंदिर कमेटी के लोगों की बड़ी सराहना कर रहे हैं।

# आरआर इंटर कॉलेज और मॉडल स्कूल जरौआ की टीमें बनीं विजेता

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपदीय विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन श्री देव दरबार आश्रम इंटर कॉलेज सांडी ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. रमाशंकर पाठक ने किया। उसके बाद उन्होंने आई हुई टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद पहले उद्घाटन मैच लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज तथा आरआर इंटर कॉलेज के बीच खेला गया।

लाल बहादुर शास्त्री की टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर में 73 रन बनाए। जिसके जवाब में आरआर इंटर कॉलेज की टीम ने 9 ओवर में ही 74 रन बनाकर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का दूसरा मैच जीआईसी टड़ियावां तथा मॉडल स्कूल जरौआ के बीच हुआ। जिसमें मॉडल स्कूल जरौआ की टीम विजेता रही। अन्य मैच मंगलवार प्रातः 8बजे से प्रारंभ होंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में जिला क्रीड़ा सचिव हंसराज कुशवाहा, श्याम नारायण त्रिवेदी, रजनीश पांडे, अनिल कुमार, अनुराग मिश्रा, अरुणेश पांडे, अखिलेश कुमार ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रधानाचार्य डॉ. राम शंकर पाठक।

# तेज बारिश से उमस बढ़ी नहीं मिली गर्मी से राहत

## नालियां चोक होने से सड़कें बनीं तालाब, आवागमन में परेशानी

संवाददाता, हरदोई


बारिश में भीग कर जाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दिन में हुई बारिश के चलते फिलहाल गर्मी से कोई राहत नहीं मिली, बल्कि लोगों ने उमस बढ़ने की बात कही है। वहीं मौसम विभाग की मानें तो अगले आने वाले दिनों में बारिश हो सकती है। सोमवार को बारिश से कुछ निजात मिली। सुबह से ही बादल छाए रहे। दोपहर बाद हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया।

बताते चलें कि लोग उमस व गर्मी का सामना कर रहे थे। सोमवार को दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। फिर हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश से धान के किसानों को कुछ राहत महसूस हुई। गौरतलब हो कि बारिश न होने से जिले में किसानों को धान की रोपाई करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। पहले जिले में अच्छी बरसात होने से लोगों ने धान की बुवाई कर ली थी, लेकिन लगभग एक महीने से जिले में बारिश न होने से किसान काफी पसोपेश में हैं, क्योंकि धान की फसल तैयार करने में पानी की अधिक जरूरत होती है। बरसात न होने से सिंचाई में इतना खर्चा आ जाता है कि लागत भी निकलना मुश्किल हो जाती है।

सुरसा संवाददाता के अनुसार सोमवार को हुई तेज बारिश ने सड़कों पर जल भराव कर दिया। नालियां चोक होने की वजह से सड़क पूरी तरह से तालाब में बदल गई। पानी से गुजर कर लोग बाजार हाट जाते हुए तस्वीर आप फोटो में देख सकते हैं कि ब्लाक मुख्यालय से लेकर सुरसा बाजार तक जल भराव बना हुआ है। ग्रामीण विनोद कश्यप ने बताया कि सोमवार को आधे घंटे की बारिश से मुख्यालय के सामने रोड पर भरा पानी रोड के किनारे बनी नालियां टूट कर जर्जर हो गई पानी का समुचित निकास न होने के कारण अधिकतर बरसात में पानी भरा रहता है।

## पुलिस ने भाभी और भतीजी को ज़िदा फूंकने वाले को किया गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां पुलिस गहरी नींद में सो रही भाभी और उसकी बच्ची को ज़िंदा फूंकने वाले देवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह अपनी भतीजी को गोद लेना चाहता था, लेकिन उसकी भाभी ने बीच में अड़ंगा लगा दी, बस उसी के चलते उसे गुस्सा आया और ऐसा कदम उठा लिया।

बताते चलें कि मल्लावां कोतवाली के हरैंया मजरा शाहपुर निवासी रामगोपाल पुत्र छेदा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसके दो भतीजे शिवनाथ और परमेश्वर है। शिवनाथ की शादी हो चुकी थी। वह पंजाब में मज़दूरी करता था, उसकी पत्नी और एक बच्ची गांव में रहती है। 20 मार्च की रात में छोटे भतीजे परमेश्वर ने गहरी नींद में सो रही शिवनाथ की पत्नी और उसकी बेटी के ऊपर डीज़ल डाल कर आग लगा दी थी,जिससे दोनों बुरी तरह से झुलस गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उसके बाद से पुलिस परमेश्वर की तलाश कर रही थी,आखिरकार परमेश्वर पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# अमन के साथ निकालें जुलूस ए मोहम्मदी

## मौलाना मेंहदी हसन ने लोगों से की अपील, समाज में अमन भाईचारगी का संदेश दें

संवाददाता, संडीला, हरदोई


अंजुमनों की कमेटी की बैठक करते कोतवाल राकेश कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर नगर की समस्त अंजुमनों की कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

नगर के छोटा चैराहा स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित बैठक में मदरसा गौसिया की मुख्य जुलूस कमेटी व नगर अन्य अंजुमनों के ज़िम्मेदार शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अहमद सईद ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी ईद मिलादुन्नबी का जुलूसे मोहम्मदी बारह रबीउलव्वल 16 सितंबर सोमवार की सुबह मदरसा गौसिया निकाले जाने फैसला किया गया। मौलाना मेंहदी हसन ने तमाम अंजुमनों के लोगों से अपील करते हुए कहा की शांतिपूर्ण तरीके से जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनायें और अमन के साथ जुलूस में शामिल होकर समाज में अमन भाई चारगी का संदेश दें। उन्होंने कहा जुलूस में अदब एहतराम के साथ शामिल हों। बैठक में शामिल कोतवाल सण्डीला राकेश कुमार ने कहा कि जुलूस व अन्य धार्मिक कार्यों को शासन की गाइड लाइन के अनुसार ही मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। बैठक का संचालन कर रहे सभासद सय्यद हसन मक्की ने नगर की तमाम अंजुमनों से कहा कि वह अपनी अंजुमन का नाम और अंजुमन के ज़िम्मेदारों का नाम मदरसा गौसिया में देदें ताकि ज़िम्मेदारों के आई कार्ड बनाये जा सकें। बैठक में मदरसा गौसिया कमेटी की ओर से कोतवाल राकेश कुमार व क़स्बा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र मिश्रा का माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से तहरीक परचमें मोहम्मदी के अध्यक्ष फ़रीद उद्दीन अहमद, नायब शहर काज़ी हकीम असद मेराज, हाफ़िज नसीम, हाफिज नसरुद्दीन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मो. नसीम खां, माज़ अहमद, उमर मुस्तफा एडवोकेट मो. काशिफ नक्शबन्दी, मुईज़उद्दीन साग़री, सभासद डॉ. निहाल वारसी, सभासद नसीम,सभासद नसीम, सभासद अक़ील अंसारी, सभासद हाफ़िज सज्जाद, सभासद छोटू के अलावा जुलूस के ज़िम्मेदार शामिल रहे।

# सर्राफा कारीगर की मौत की उलझी गुत्थी

संवाददाता, माधौगंज

**अमृत विचार:** मराठा सर्राफा कारीगर की मौत को लेकर तमाम तरह की बातें उठ रहीं हैं। पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है, लेकिन सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 'काज़ आफ डेथ' का पता नहीं चल सका, उसका पता लगाने के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है।

बताते चलें कि महाराष्ट्र के नीमसूत थाना खटाव ज़िला सतरा निवासी 36 वर्षीय देवराज प्रकाश चौहान पुत्र प्रकाश चौहान कस्बे के सदर बाजार स्थित किराए के मकान में सोना-चांदी गलाने का काम करता था। वह कई सालों से अकेले ही कस्बे में रहता था, जबकि उसकी पत्नी दीपावली है,उसे इस बारें में सूचना दे दी गई है। जैसा कि बताया गया है कि देवराज काफी दिनों से बीमार चल रहा था। रविवार की सुबह सर्राफा व्यवसाई बोबी सोनी जब उसके कमरें पर पहुंचें तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। वहां पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्ज़े में ले लिया,उसने बताया था कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### धरना प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान।

**संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए किसान यूनियन पदाधिकारियों द्वारा नगर के विद्युत उपकेन्द्र पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। बताते चलें कि क्षेत्र के किसानों की समास्याओं जैसे ग्राम पंचायतों में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ कर पशु आश्रय स्थलों मे पहुंचाना। विद्युत उपकेन्द्र बेनीगंज से हो रही अघोषित बिजली कटौती को बन्द कराकर जर्जर लाइनों को सही कराना। ग्राम पंचायत संदाना में सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पशु आश्रय स्थल का निर्माण कराना। ग्राम पंचायत सलेमपुर में स्कूल व खलिहान की जमीन को कब्जा मुक्त कराना। तहसील सदर क्षेत्र के बढ़ईयनपुरवा, कुइयां सहित दर्जनों गांवों में मक्खियों के भारी प्रकोप की समस्या का निदान कराना आदि समस्याओं के शीघ्र समाधान कराने के लिए भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन पदाधिकारियों ने विघुत उपकेन्द्र बेनीगंज में सांकेतिक धरना प्रदर्शन शुरू किया, जिसकी भनक लगते ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार को पदाधिकारियों सहित किसानों ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के प्रदेश सचिव सुरेश चन्द्र वर्मा के साथ मोबीन बाबा, सरवन कुमार, लल्लन सिंह, वीरेन्द्र यादव, आकाश रावत सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने अतिक्रमण अभियान पर उठाए सवालिया निशान



प्रेसवार्ता में बोलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष सिंह सोमवंशी। अमृत विचार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। अमृत विचार :** नगर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में पक्षपात पर अब अंगुलियां उठनी शुरू हो गई हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर सत्तादल के रसूखदारों को अभियान में छूट दिए जाने का आरोप लगाया है। शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के संबंध में जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने कहा कि अभियान सिर्फ रोज खाने कमाने वालों की रोजी रोटी बंद करने तक सीमित रह गया है। रोस्टर में बड़े चौराहे से रामदत्त चौराहे तक अभियान किस मजबूरी में नहीं रखा गया। लखनऊ रोड पर फूलचंद्र गारमेंट, फूल चंद्र मार्केट का अतिक्रमण छोड़ दिया गया। एक होटल सरकुलर रोड पर कई होटल व लॉन अतिक्रमण अभियान में छोड़ दिए गए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण अभियान केवल गरीबों को उजाड़ने के लिए चलाया जा रहा है। सत्ता से जुड़े लोगों के प्रतिष्ठानों व उनके द्वारा किए गए अतिक्रमण को छुआ तक नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इस भेदभावपूर्ण अतिक्रमण को रोका नहीं गया तो कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जमीम अहमद, जिला सचिव राजेश पांडेय, नगर सचिव शिवकुमार राठौर आदि मौजूद रहे।

### पैसा वापस न करने पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई। अमृत विचार :** प्लाट के असली मालिक की जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर बैनामा करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी राजन राठौर पुत्र श्री राम ने बताया उसने कस्बे के मोहल्ला महुआटोला में 1008 वर्गफिट का प्लाट आजम खां पुत्र मुन्ना निवासी बुधबाजार से खरीदा था। 9 मई को भूमि के असली मालिक सुलेमान खां पुत्र जकी खान को अपना पिता बताकर उस प्लाट का बैनामा करवा दिया। ग्राम मिठना पुर निवासी महिपाल सिंह मौके पर आ गए और प्लॉट का मालिक बताकर पुलिस को फोन कर बुला लिया। पुलिस के सामने कोतवाली में उसके और विपक्षी के बीच 14 जून को महिपाल सिंह से बैनामा करवा देने का समझौता हो गया। एक जुलाई को उसने महिपाल सिंह से अपनी पत्नी कंचन राठौर के नाम उक्त प्लाट का बैनामा करवा लिया। विपक्षी आजम खां ने 12 जुलाई को दस लाख अस्सी हजार रुपया वापस करते हुए शेष नौ लाख सत्तर हजार रुपए 2 सितंबर को सीओ ऑफिस में देने का वादा किया था लेकिन वापस नहीं दिए गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नामजद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने की टीमें गठित

संवाददाता, मल्लावां

**राहुल हत्याकांड**

**हरदोई, अमृत विचार।** राहुल की हत्या में नामजद उसकी भाभी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की है। अभी तक पुलिस उसका सुराग नहीं लगा है।

शनिवार की दोपहर को उन्नाव जनपद बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के हयात नगर भौरा गांव निवासी राहुल अपनी भाभी आशा देवी के साथ में दवा लेने के लिए साइकिल से घर से निकला था। शाम को मल्लावां थाना क्षेत्र के आलापुर कोट गांव के पास माइनर के किनारे मक्के के खेत में उसकी लाश पड़ी हुई मिली थी। शव के पास में चाकू, गमछा व पानी की बोतल तथा साइकिल भी मिली थी और भाभी मौके से गायब थी। परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ शिल्पा कुमारी ने बताया कि गला रेत कर हत्या की गई है। उधर, मृतक युवक के पिता रामलाल की तहरीर पर राहुल की भाभी आशा देवी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। भाभी की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी हुई है। कोतवाल अनिल कुमार सैनी ने बताया की तीन टीमों को गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। जल्द गिरफ्तारी हो जाएगी। भाभी आशा की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के रहस्य से पर्दा उठ सकेगा।

# नवाचार मेले का सीडीओ ने किया उद्घाटन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार:** डायट में सोमवार को दो दिवसीय नवाचार मेला एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ सौम्या गुरुरानी ने किया। कार्यक्रम में जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों तथा डायट प्रवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर के प्रतिभाग किया।

नवाचार मेला एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक गुणात्मक परिवर्तन यथा- शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन, कक्षा शिक्षण में लर्निंग आउटकम की संप्राप्ति, निपुण लक्ष्य की प्राप्ति, नामांकन, उपस्थिति में वृद्धि, आईसीटी के प्रयोग,

**▸▸ नवाचार मेले का उद्देश्य जनपद के सभी ब्लॉकों में जानकारी देना**

सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक विषय पर प्रस्तुतीकरण किया गया। इस नवाचार मेले का उद्देश्य जनपद के सभी ब्लॉकों में नॉलेज शेयरिंग के माध्यम से शिक्षकों द्वारा किए गए नवाचार को सभी विद्यालयों में पहुंचाना है। इस नवाचार मेले में प्रत्येक स्तर से एक विजेता का चयन किया जाएगा, जिसे राज्य स्तर के नवाचार मेले में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। सीडीओ द्वारा सभी प्रतिभागियों के विचारों, उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए नवाचार को देखा गया तथा सराहा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज जनपद के प्रत्येक विद्यालय में होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा की इस तरह के कार्यक्रम में जनपद के ज्यादा से ज्यादा नए शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग कराया जाए। कार्यक्रम में ज्यूरी सदस्य के रूप में जीआईसी टड़ियावां के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, जीडीसी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विद्या सिंह, सीएसएन कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता रहे। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी चतुर्भुज नारायण व आशा यादव रही। डायट प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की सभी प्रतिभागियों के द्वारा किए गए नवाचार और बेस्ट प्रैक्टिसेज से पूरे जनपद के शिक्षक लाभान्वित होंगे।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मना वार्षिक उत्सव

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई


वार्षिकोत्सव में ब्रम्हाकुमारी के साथ मौजूद मुख्य अतिथि विजय जायसवाल।

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मल्लावां सेवा केंद्र पर बड़ी ही धूमधाम से सेवा केंद्र का दूसरा वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसमें की मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी विशाल जयसवाल मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरी सेवा केंद्र पर बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ और सफीपुर से आई हुई ब्रह्माकुमारी पुष्पा ने नैतिक मूल्यों के आधार पर बहुत ही सुंदर व्याख्यान किया कि हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का क्या स्थान है और आत्म उन्नति के लिए बहुत ही सुंदर विधि बताई। समाज सेवी विशाल जयसवाल ने सभी लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में सभी को इस ज्ञान से जोड़ने की बहुत जरूरत है, क्योंकि इसमें ही सच्ची शांति प्राप्त होती है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो अध्यात्म मानव जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देता है। ब्रह्मा कुमार मनोज ने मंच संचालन किया। हरि नारायण तिवारी ने शुभ वचनों से सबको लाभान्वित किया। ब्रह्मा कुमार रामदुलारे ने सभी का शब्दों के द्वारा अभिनंदन बंधन स्वागत किया। मल्लावा सेवा केंद्र की इंचार्ज बीके प्रियंका ने सभी आए हुए अतिथियों का वह सभा में उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा, मल्लावां सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रियंका, भरथना से हरिनारायण तिवारी, पुखरायां से ब्रह्मा कुमार मनोज सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मच्छरों से ग्रामीण परेशान

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** नगर व क्षेत्र में दिन पर दिन बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। बरसात के बाद नगर में मच्छरों से होने वाली बीमारियों ने अपने पांव पसार दिए हैं। जिसके चलते हरियावां नगर के साथ-साथ क्षेत्र में भी मलेरिया, डेंगू, के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में फैली इस बीमारी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरियावां की ओर से अभी तक नगर में कोई छिड़काव नहीं कराया गया है, जिससे कि मच्छरों से फैलने वालीं बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। नगर की स्थिति ग़्रह है कि हर दूसरे घर में बुखार से जूझ रहे मरीज़ मिल जाएंगे, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को के कानों मे जूं तक नहीं रेंग रही है।

# राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजीव का हुआ स्वागत

संवाददाता, हरदोई


सम्मानित राजीव चौहान।

**अमृत विचार।** राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हो चुके विकास क्षेत्र बावन के शिक्षक राजीव चौहान का आज ब्लॉक संसाधन केंद्र बावन पर भव्य स्वागत किया गया।

विकास क्षेत्र बावन के प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर में लगभग 8 वर्ष से कार्यरत प्रधानाध्यापक राजीव सिंह चौहान ने अपनी कर्मठता और मेहनत के बल पर विद्यालय का पूरी तरह से कायाकल्प कर दिया है। आलम यह है कि प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर जिले के विभिन्न बड़े प्राइवेट विद्यालयों को मात देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें एक भव्य आयोजन के दौरान राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बावन पर खंड शिक्षा अधिकारी एवं एआरपी जीएस सिंह, निरुपमा सिंह, अभिषेक तिवारी एवं हरिहर नारायण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# अंतिम संस्कार रुकवाने के 35 घंटे बाद भी नहीं पहुंचे मायके वाले

संवाददाता, हरदोई

**▸▸ टीबी के चलते 7 की रात में हुई थी मौत, भाई ने यूपी-112 को बिहार से फोन कर लगाया मारने का आरोप**

**अमृत विचार।** युवती की टीबी के चलते मौत हो गई। बिहार में रह रहे उसके मायके वालों ने पहुंचने तक शव का अंतिम संस्कार न करने को कहा था, उसके बाद उनके इंतज़ार में 35 घंटे तक शव रखा रहा। उसके बाद युवती के भाई ने बिहार से यूपी-112 को फोन कर अपनी बहन को मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एसएचओ बेहटा गोकुल इन्द्रेश यादव का कहना है फिलहाल उनके पास अभी किसी तरह के कोई आरोप की तहरीर नहीं आई है।

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के सिंधौली निवासी हरिनाथ ने बताया कि उसकी शादी करीब 9 साल पहले पटना बिहार के कृष्ण चौधरी की 27 वर्षीय पुत्री खुश्बू के साथ हुई थी,उसके दो बेटे है। हरिनाथ ने बताया कि उसकी पत्नी खुश्बू को टीबी की शिकायत होने पर 6 महीने से शाहाबाद सीएचसी से उसका इलाज चल रहा था। 7 सितंबर की रात में खुश्बू की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए ले जाया जाता, लेकिन उसी बीच मौत हो गई। उसके मरने की सूचना देने पर मायके वालों ने कहा था कि उनके पहुंचने तक शव का अंतिम संस्कार न करें। उसके बाद सोमवार की सुबह खुश्बू के भाई ने यूपी-112 पर फोन करते हुए ससुराल वालों पर अपनी बहन को मार डालने का आरोप लगाया है। इसका पता होने पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए करीब 35 घंटे बाद उसका पोस्टमार्टम कराया है। एसएचओ बेहटा गोकुल यादव ने बताया कि फिलहाल उनके पास कोई तहरीर नहीं आई है,जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मौसमी चटर्जी ने दुबई में जीता डैजलिंग स्माइल का खिताब

संवाददाता, हरदोई


खिताब के साथ मिसेज गोल्ड मौसमी चटर्जी।

**अमृत विचार :** दुबई में हुई मिस एंड मिसेज़ इण्टर नेशनल वूमेन सब्सटेंस प्रतियोगिता में भारत के अलावा दुबई, जार्डन, फिलीपींस और बांग्लादेश के प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें प्रदेश से सेंट जेवियर्स की प्रिंसीपल मौसमी चटर्जी ने ग्रूमिंग सेशन राउंड, टैलेंट राउंड, फोटोशूट राउंड, एक्सकर्शन राउंड राष्ट्रीय पोशाक राउंड, अवाया राउंड, मुकुट राउंड और एक्सपोज़र इण्टर नेशनली राउंड में मिसेज़ गोल्ड रनर-अप चुनी गई। उन्होंने डैज़लिंग स्माइल का खिताब अपने नाम किया।

बताते चलें कि कोलकाता की रहने वाली मौसमी चटर्जी इससे पहले राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिताब अपने नाम कर चुकी है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एचएचबीयू अब्दुल्ला और दुबई के बंदरगाह मंत्री एचई याकूब अल अली ने मिसेज़ गोल्ड व डैज़लिंग स्माइल का खिताब दिया। मौसमी चटर्जी ने बताया है कि प्रतियोगिता के नेशनल कास्ट्यूम राउंड में जो ड्रेस पहनी थी, उसकी स्कैचिंग, पेंटिंग और एम्बांसिंग उन्हीं के स्कूल के शिक्षक कमलेश सिंह, गौरव शुक्ला, शिक्षिका नीलम राज व नीलम यादव ने ही की थी। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि के लिए पति, मां, भाई, बहन, बेटी रूपसा चटर्जी और बेटे साग्निक चटर्जी का सहयोग बताया है।

# वाहन नहीं मिला तो ट्राई साइकिल से ले गए शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** यूरिन इंफेक्शन के चलते अधेड़ को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। उसके घर वाले डेड बाडी ले जाने के लिए इधर-उधर भटकते रहे। फिर उसके बाद ट्राई साइकिल लाए, तब कहीं उसे खींच कर शव को घर ले गए। इस बारे में मेडिकल कालेज का कोई भी ज़िम्मेदार कुछ नहीं बोल रहा है।

बताया गया है कि कोतवाली शहर के मोहल्ला चील पुरवा (अशोक नगर) निवासी 70 वर्षीय राजाराम पुत्र रामनाथ के यूरिन इंफेक्शन हो गया था। रविवार को राजाराम के घर वाले उसे मेडिकल कालेज ले गए, जहां डाक्टरों ने उसके कैथेटर डाल कर घर भेज दिया था। उसके बाद सोमवार को दोबारा हालत बिगड़ने पर फिर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद राजाराम की मौत हो गई। घर वाले शव को ले जाने के लिए मेडिकल कालेज में इधर-उधर खड़ी रहने वाले शव वाहन को ढूंढ़ने लगे,लेकिन शव को ले जाने के लिए कोई भी वाहन नहीं मिला। इसका वीडियो सामने आया है। लोगों का कहना है कि वायरल वीडियो सरकारी दावों की सच्चाई साबित करने के लिए काफी है।




## एक नजर

### झोपड़ी में चल रही थी क्लीनिक, कार्रवाई की मांग

**सीतापुर :** अवैध क्लीनिक के संचालन की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तम्बौर की टीम ने पहुंच कर पड़ताल की तो झोपड़ी में क्लीनिक संचालित मिली। जहां पर दो मरीज भर्ती भी मिले। जिनमें से एक मरीज को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। अधीक्षक डॉ. मनोज ने बताया कि बिना वैध प्रपत्र के संचालित करने पर संचालक को सकरन पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि नितिन मौर्य ईरापुर गड़ौसा में अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन कर रहे थे। शिकायत के आधार पर छापा मारने पर संचालक किसी प्रकार से अभिलेख नहीं दिखा पाए। मौके पर दो मरीज भर्ती मिले। जिसमें से एक मरीज को 108 एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी लाकर भर्ती कराया गया। संचालक के खिलाफ सकरन थाने में कार्रवाई की गई है।

### टूलकिट लेना है तो करें आवेदन

**सीतापुर :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि टूलकिट योजनान्तर्गत 10 अदद मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन एवं 10 अदद पॉपकार्न मेकिंग मशीन का लक्ष्य नि :शुल्क वितरण किये जाने के लिए गठित समिति के माध्यम से चयन कराया जाना है। मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जो दोना पत्तल बनाने वाले परम्परागत कारीगर एवं स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन के इच्छुक अभ्यर्थी जो भुर्जी( भड़ीभूजा) समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखते हो, ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते हो, का चयन गठित समिति के माध्यम से किया जाना है। टूल-किट्स में 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य आयु वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल/वेबसाइट- डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. यूपीकेवीआईबी .गर्व .इन पर कर सकते है।

### गणेश महोत्सव के तीसरे दिन हुआ पूजन

**संवाददाता नेरी :** उमाशंकर इंटर कॉलेज आफ साइंस महोली में तीन दिवसीय गणेश महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा और उनकी पत्नी द्वारा हवन-पूजन किया गया। इसके बाद आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन स्कूल के छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

# जेल के आलू ने रखा बंदियों का ख्याल

## सीतापुर कारागार में अन्य वर्ष की अपेक्षा अधिक हुआ उत्पादन, जैविक खाद से किया जा रहा तैयार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** सीतापुर जेल का आलू अब खास हो चला है। क्योंकि ये अपने कारागार में निरुद्ध बंदियों के अलावा लखनऊ और लखीमपुर खीरी जेल के बंदियों की सेहत का ख्याल रख रहा है। आलू की विशेषता ये भी है कि इसका उत्पादन पूरी से जैविक खादों पर निर्भर है।

इस बार सीतापुर जेल में आलू का उत्पादन 800 क्विंटल से अधिक हुआ। जिसमे से 490 क्विंटल आलू लखनऊ और लखीमपुर खीरी जेलों में भेजा गया। जेल में आलू का उत्पादन पूरी तरह से जैविक खादों पर निर्भर है। इसलिए ये पौष्टिकता से भरा हुआ है। वहीं कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह का मानना है कि इस बार आलू अधिक स्वादिष्ट है। यही कारण है कि महिला बंदीगृह में महिलाओं के साथ आए बच्चे इसे अधिक पसंद कर रहे हैं। लखनऊ और लखीमपुर खीरी कारागार में भी इसे भेजा गया है। सब्जी बनाने के साथ भूनकर खाना भी बंदियों को अच्छा लगता है। इस बार आलू की खपत अन्य वर्षों की अपेक्षा अधिक हुई है। सब्जियों की उपजी कई किस्में भी अन्य कारागार को आपूर्ति की गई हैं।

**गोवंश का गोबर खेती के लिए कामः** कारागार में छोटे-बड़े मिलाकर 70 से अधिक गोवंश हैं। इनके गोबर से तैयार खाद ही आलू और सब्जियों की फसल को लहलहा रही है। कारागार अधीक्षक बताते हैं कि प्रयास यही रहता है कि कारागार में उपजी फसलों में रासायनिक खादों कम से कम उपयोग किया जाए। गोवंश से तैयार खाद ही पर्याप्त हो जाती है।

### आलू उत्पादन से मिला बंदियों को रोजगार

जिला कारागार के बंदियों के लिए आम के आम और गुठलियों के दाम की कहावत चरितार्थ हो रही है। क्योंकि जिन बंदियों से खेती-बाड़ी में काम लिया जाता है, उन्हें पारिश्रमिक भी दिया जाता है। कारागार में आलू की खेती करने कार्य में इस बार 100 से अधिक बंदियों को अधिक रोजगार मिला है।

### राजभवन में भी मिल चुका है पुरस्कार

सीतापुर जेल की सब्जी को राजभवन में पहला स्थान मिल चुका है। राजभवन में प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी में कारागार अव्वल रहा था। चल बैजयंती खिताब और नकद पुरस्कार भी जिला जेल को मिला। पहली बार किसी जेल को नकद पुरस्कार मिला था।



सीतापुर कारागार। अमृत विचार

# तंबौर और आसपास इलाकों में 12 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** तम्बौर इलाके में सुबह करीब साढ़े 6 बजे से गायब बिजली रात 8 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। बिजली अधिकारियों के मुताबिक, रात में बिजली बहाली की कोई उम्मीद नहीं है। बताया जाता है कि 33 केवी तम्बौर लाइन का अंडरग्राउंड केबल डैमेज हो गया है। जिसके कारण यह दिक्कत हुई है। जिसके कारण तम्बौर कस्बा सहित ग्रामीण इलाके के करीब एक सैकड़ा से अधिक गांवों में करीब 12 घंटे से बिजली सप्लाई नहीं है। जिससे उमस भरी गर्मी में परेशानी हुई। वही सुबह से गायब बिजली को लेकर फॉल्ट दूढने में बिजली कर्मियों को भी खासी मशक्कत उठानी पड़ी। दोपहर के करीब फॉल्ट पता चली। अवर अभियंता अमरीश कुमार ने बताया कि 33 केवी तम्बौर लाइन का अंडरग्राउंड केबल डैमेज हो गया है। जिसे सही करने में समय लग सकता है। उपभोक्ता हुक्मरान खान, जियाउल हक, मो. शीश, हारून गुड्डू, मेराजुद्दीन प्रधान, रिजवान अतीक, पीके दीक्षित, फराज अहमद, नवल किशोर, सलिल श्रीवास्तव, मनीष नाग, सुयश श्रीवास्तव, बृजमोहन राजपूत ने बताया कि आए दिन यह फॉल्ट रहती है, जिसके कारण कई कई घंटे बिजली सप्लाई बाधित रहती है।

# आजादी के बाद भी डग्गामार से यात्रा मजबूरी

संवाददाता नेरी, सीतापुर



आशाराम प्रधान छहेलिया।



किसान नेता अरुण शुक्ला।



विनोद त्रिवेदी एडवोकेट।



राममूर्ति शर्मा जहांसापुर।

**अमृत विचारः** जिले में एक ऐसा भी मार्ग है, जहां आजादी के 77 साल बाद भी परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। ऐसे में नेरी से मिश्रिख मार्ग की 34 किमी की दूरी तय करने में डग्गामार ही विकल्प हैं।

नेरी से मिश्रिख जाने वाले मार्ग पर दर्जनों गांव के लोग संसाधनों की कमी का दंश झेल रहे हैं। इलाका वासी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से जुड़े वाहनों में सफर करने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेने को मजबूर हैं। कोई सीधी परिवहन सेवा न होने कारण उन्हें 34 किमी के सफर के लिए 70 रुपये देने पड़ते हैं। साथ ही समय भी बहुत अधिक लगता है। जहांसापुर गांव के राममूर्ति शर्मा ने बताया कि नेरी से मिश्रिख जाने का यह मुख्य मार्ग है, परिवहन की सुविधा न होने के कारण 25 किमी ज्यादा सफर करना पड़ता है। छहेलिया ग्राम प्रधान आशाराम कहना है कि क्षेत्रीय लोगों को अगर ब्लाक मुख्यालय जाना हो, तो घंटों सवारी का इंतजार करना पड़ता है। कोटरा गांव निवासी अधिवक्ता विनोद मिश्र ने बताया कि ब्लाक मुख्यालय जाने का यह मुख्य मार्ग है, लेकिन स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए कोई बस नहीं चलाई गई है। इस वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। किसान नेता अरुण शुक्ला ने बताया कि दो माह पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन से बात हुई थी, तो उन्होंने कहा था कि उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया जाएगा। समय बीतने के बावजूद हल नहीं निकल सका है।

वहीं इस संबंध में रोडवेज के एआरएम अरुण कुमार का कहना है कि संपर्क मार्ग पर बस चलाए जाने को लेकर विचार करते हुए प्रारूप तैयार किया जा रहा है। उसी के आधार पर व्यवस्था सुचारू रूप से की जाएगी।

### लोग परेशान

- नेरी से मिश्रिख मार्ग तक सफर तय करने में इनका ही सहारा
- लोगों की मांग के बावजूद नहीं चल सकी बस

### एक नजर किराये पर

- नेरी से पिसावां 12 किमी किराया 30 रुपये।
- पिसावां से कुतुबनगर 11 किमी किराया 20 रुपये।
- कुतुबनगर से मिश्रिख 11 किमी किराया 20 रुपये।

# 35 हैंडपंपों में आधे से अधिक खराब



खराब हैंडपंप के बारे में जानकारी देता ग्रामीण। अमृत विचार



हैंडपंप से पानी निकालने का प्रयास करती महिला। अमृत विचार

संवाददाता, थानगांव

**अमृत विचारः** रेउसा विकास खंड क्षेत्र के रामीपुर गोड़वा के 18 मजरों की करीब 7 हजार की आबादी में 35 हैंडपंप लगे हैं। इसमें आधे से अधिक शुद्ध पेयजल नहीं दे रहे हैं। ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है।

रामीपुर गोड़वा ग्राम सभा में गुमई, बछमरिया, राधेपुरवा, तमंदारपुरवा, रामीपुर गोड़वा, गोंडापुरवा, चकपुरवा, लोखरिहा, गोड़वा, रकबा, झुन्डीपुरवा, टपरा सहित 18 मजरे हैं। 7 हजार की आबादी पर करीब 30-35 सरकारी हैण्डपम्प हैं। इनमें से गोड़वा चौराहे पर लगा हैंडपंप शुद्ध पेयजल नहीं दे पा रहा। गोंडापुरवा निवासी सुरेश के घर के बाहर लगा हैंडपंप काफी समय से खराब है। इनका कहना है कि साफ पानी के लिए उन्हें लंबी दौड़ लगानी पड़ती है। महुवापुरवा में अवधराम के घर के बाहर लगे हैंडपंप में हत्था और चैन भी गायब है। अंगनीपुरवा के अनूप ने बताया कि 4 साल पहले लगा हैंडपंप 6 माह बाद ही खराब हो गया। ग्रामीण राधे व रामसेवक का दावा है कि दूषित जल से बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण खण्ड विकास अधिकारी रेउसा को सूचना दी जा चुकी है। उन्होंने निर्माण कार्य में हेरफेर का भी आरोप लगाया है।

**400 बच्चों पर केवल एक हैंडपंपः** कम्पोजिट विद्यालय ( प्राथमिक व उच्च ) रामीपुर गोड़वा में एक हैण्डपम्प खराब है। दूसरे हैंडपंप के सहारे करीब 400 छात्र व विद्यालय स्टॉफ हैं। ऐसे में अधिकतर बच्चे घर से बोतल में पानी लाते हैं। छात्रों के लिए लगाई गई पानी की टंकी में ढक्कन नहीं है। इससे जल दूषित रहता है।

- रेउसा विकास खंड क्षेत्र के रामीपुर गोड़वा ग्राम पंचायत का है मामला
- गांव की 7 हजार की आबादी हो रही है प्रभावित, कई बार की जा चुकी हैं शिकायतें

> एक-दो हैंडपंप रिबोर कराए जा चुके हैं। अन्य का ब्योरा तैयार किया जा रहा है। जल्द ही ग्रामीणों को दूषित जल से निजात मिल जाएगी।
> -संतलाल पटेल, पंचायत सचिव।

# अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए नौ शातिर, भेजे गए जेल



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिले के अलग-अलग स्थानों से नौ शातिर गिरफ्तार किये गए। प्रभावी कार्रवाई के तहत सभी के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत हरगांव पुलिस टीम द्वारा इलाके के कैमा निवासी अक्षय कुमार को गिरफ्तार किया गया। थाना पिसावां पुलिस ने वांछित पुष्करलाल निवासी अकोईया थाना कोतवाली को जेल भेजा। वहीं थाना तालगांव नन्हा पुत्र पुत्तूलाल निवासी उदयभानपुर की गिरफ्तारी की। वहीं थाना कमलापुर पुलिस टीम ने अनिल कुमार निवासी ग्राम ज्योतिशाहआलमपुर के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। उधर, कोतवाली नगर से वारंटी हफीज और कोतवाली देहात क्षेत्र से वारंटी छन्नू निवासी उमरिया को जेल भेजा। नीमसार पुलिस ने रामशंकर मौर्य, भयनू और अटरिया पुलिस ने वांरटी रामसिंह पुत्र सोहन निवासी बेलही मजरा नीलगांव की गिरफ्तारी कर जेल भेजने की कार्रवाई की।

### कार्रवाई

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान

# छात्रों को किया जागरूक बांटी गई शिक्षण सामग्री

**पहला, सीतापुर, अमृत विचारः** विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत वाजिद नगर में स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था द्वारा छात्र- छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ जरूरत मंद छात्र- छात्राओं को शिक्षा सामग्री वितरित किए जाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी उदय मणि पटेल पहला / रामपुर मथुरा द्वारा कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए, जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकें। अपने देश, गांव, घर परिवार का नाम रोशन कर सकें। खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल, सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, अध्यक्ष सहज राम सहित अन्य लोगों द्वारा विद्यालय के छात्र- छात्राओं को संस्था की ओर से निःशुल्क शिक्षा सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान थाना रामपुर कलां प्रभारी नवनीत मिश्र के सहयोग से सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था की ओर से कंपोजिट विद्यालय वाजिद नगर पहला सीतापुर में मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के अंतर्गत महिलाओं को महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। इसमें थाना रामपुर कलां उपनिरीक्षक शकील खां, सिपाही अंबिका सिंह, सीमा आदि पुलिस टीम ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेल्प लाइन नंबर 112,1076,1090,181,102,108 आदि नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान वहां पर सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था की टीम और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

दी प्रेरणा | नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण सत्र के दौरान बोले जिलाधिकारी

# राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण अंग हैं लेखपाल

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी ने सोमवार को राजकीय इण्टर कालेज स्थित लेखपाल प्रशिक्षण केन्द्र में नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की। प्रशिक्षण केन्द्र में 70 लेखपालों को आगामी 6 माह तक सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस जिलाधिकारी बोले कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण अंग होते हैं।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लेखपालों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पूर्ण मनोयोग, निष्ठा एवं लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें। सभी नियमों एवं शासनादेशों की समुचित जानकारी भी प्राप्त करें। अपने सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को समय से पूर्ण करते हुये उसे उसकी पुनरावृत्ति अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण अंग हैं। जनता के सीधे सम्पर्क में रहकर शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने, शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ साथ आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में लेखपाल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इसलिए जनता के प्रति सेवा का भाव रखते हुये अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। अपर जिलाधिकारी नितीश कुमार सिंह ने कहा कि लेखपाल राजस्व व्यवस्था की रीढ़ है। आपदा के दौरान प्रबंधन में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है, जिससे व्यक्ति प्रत्येक स्थान पर सम्मान प्राप्त करने का हकदार हो जाता है। सेवाकाल में की जाने वाली गलतियों से भी बचता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेद्र द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टेर बालकृष्ण सिंह, प्रधानाचार्य लेखपाल प्रशिक्षण केन्द्र-तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, प्रधानाचार्य जीआईसी अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



लेखपालों को संबोधित करते डीएम अभिषेक आनंद।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाशं

# जंगली जानवर से दहशत में जीने को मजबूर ग्रामीण

## लोगों से पूछताछ तक ही सीमित है वन विभाग की टीम, नहीं निकल रहा है कोई हल

संवाददाता, इमलिया सुलतानपुर/ सीतापुर

**अमृत विचार:** बीते तीन दिनों से इमलिया सुलतानपुर इलाके के ग्रामीण जंगली जानवर की आमद से दहशत में जी रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीण अपने खेतों की तरफ भी जाने से डर रहे हैं। वहीं अगर अपने खेतों की ओर जाते हैं तो वह भी समूह बनाकर खेतों तक जाते हैं। वहीं अगर किसी ग्रामीण को किसी जंगली जानवर के गुर्राने की आवाज सुनाई पड़ती है, यह कहीं किसी ग्रामीण को कोई जंगली जानवर दिखाई पड़ता है तो उसकी अफवाह उड़ने से लोगों में भय बैठ जाता है। इसके बावजूद वन विभाग पूरी तरह से बेखबर है। वन विभाग की टीम बस केवल गांववालों से पूछताछ करने तक ही सीमित रह गई है।


सूरज प्रसाद, प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण।


दुजई, प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण।


जयकरन, प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण।


अनंतराम, प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण।

इमलिया क्षेत्र के ही गयाहार गांव निवासी सूरज प्रसाद का दावा है कि उसने सोमवार सुबह नहर के पास से एक किसी बड़े जंगली जानवर को कूदते देखा, जिसके गर्दन के बाल काफी बड़े थे। उसने ग्रामीणों को उसके पग चिन्ह भी दिखाए। कोरैया गांव में भी ग्रामीण रात में किसी जंगली जानवर को देखने का दावा कर रहे हैं। सरसा गांव निवासी ग्रामीण दुजई का कहना है कि उन्होंने गन्ने के खेत में घास काटते समय बहुत बड़े जंगली जानवर को देख लिया, जिससे इतना भयभीत हो गए कि उनकी तबियत तक खराब हो गई। जयकरन का कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवर देखे जाने से सभी दहशत में हैं। वन विभाग की टीम को कांबिंग करनी चाहिए, जिससे यदि कोई जंगली जानवर क्षेत्र में है तो पकड़ा जा सके। अनंतराम का कहना है कि कई लोगों ने जंगली जानवर की आवाज सुनी है लेकिन वन विभाग की टीम मानने को तैयार नहीं है। चंद्रिका भास्कर का कहना है कि हम लोग काफी दहशत में हैं। केशवपुर के हौंसलाबक्श सिंह का कहना है कि वन विभाग की टीम गांव तो आई, लेकिन पूछताछ तक ही सीमित रही। किसी बड़ी घटना का इंतजार है।


जंगली जानवर की दहशत में खेत में समूह में इकट्ठा ग्रामीण। अमृत विचार

### क्या बोले जिम्मेदार

तीन दिन पूर्व एलिया ब्लॉक क्षेत्र के जिस गांव में जंगली जानवर होने की सूचना मिली थी, वहां वन विभाग की टीम मौके पर गई थी पूरे दिन कांबिंग भी की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। खैराबाद सहित अन्य स्थानों पर भी लगातार कॉम्बिंग कराई जा रही है। ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी, लगातार कॉबिंग जारी रहेगी।

–नवीन खंडेलवाल, डीएफओ।

# ग्रामीण पर अज्ञात लोगों ने कार चढ़ाने का किया प्रयास, हड़कंप

सदरपुर/ पहला संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** सदरपुर थानाक्षेत्र के सुल्तानापुर के करीब अज्ञात सवारों ने ग्रामीणों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। इससे गांव में हड़कंप मच गया। वहीं ग्रामीणों ने किसी तरह जब उन्हें घेरा लिया तो मौका पाकर कार सवार वाहन छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

सदरपुर थानाक्षेत्र के सुलतानापुर निवासी ग्रामीणों के मुताबिक देर रात एक तेज रफ्तार कार निकल रही थी। संदिग्ध होने पर कार सवारों को टोका तो उन्होंने गाड़ी रफ्तार बढ़ा दी, किसी तरह ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचाई, वाहन सवार मुसैदाबाद की तरफ भागे, ऐसे में ग्रामीणों ने पुलिस और पड़ोस गांव के लोगों को फोन कर दिया। खुद को घिरता देख कार सवार अपना वाहन छोड़कर भाग निकले वहीं लोगों की सूचना पर सदरपुर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना था कि आरोपियों ने भागने के दौरान फायरिंग भी की। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी है। फिलहाल पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर इलाकों में पिकेट पुलिस को अलर्ट करते हुए खोजबीन की गई। वहीं सदरपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर धीरज शुक्ला ने बताया कि वाहन का स्वामी लहरपुर का है। संबंधित थाने की पुलिस को बता दिया गया है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना के बात वाहन आगे से क्षतिग्रस्त हो गया है।

## एक नजर

### राज्य महिला आयोग की सदस्य का स्वागत

**हरगांव, सीतापुर :** भाजपा नेता सुजाता कुमारी के राज्य महिला आयोग का सदस्य बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने खुशी जाहिर कर, मिठाई, खिला कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। सुजाता कुमारी के राज्य महिला आयोग का सदस्य बनने के बाद पहली बार वह अपने गृह जनपद लखीमपुर जा रही थीं। हरगांव चौराहे पर भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुणेश त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजू सिंह, रामेन्द्र शुक्ला, चेयरमैन गफ्फार खान ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर उदित बाजपेई, सुनील मिश्रा, संजय जायसवाल, राजू सिंह, बीलू शुक्ला, समर बहादुर सिंह (समरू), सचिन मिश्रा, अशोक मिश्र (सभासद), अभिषेक सिंह, बाटू सिंह, ओम सिंह रहे।

### तटबंध के निकट आवासीय पट्टे की मांग

**सीतापुर :** अंगरौरा, प्यारे पुरवा, बाबा कुटी, शंकर पुरवा व परमगोडा निवासी फूलमती, राकेश, बिलई, शिवमंगल, टहलू, जगत राम, राजेश, बालकिशन, फूले, भजनी, रामू हरिप्रसाद सेमऊ, कन्हाईलाल, परागी, तेजराम, हजारी आदि लोगों के घर कट गए हैं, ये सभी तटबंध पर रह रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि आवास बनाने के लिए ग्राम पंचायत रायसेनपुर में पट्टा दिया गया था, जो दूर है। तटबंध से बाहर आवासीय पट्टे दिए जाएं तो बेहतर रहेगा।

# अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर


आंख अस्पताल मार्ग पर बुलडोजर से अतिक्रमण हटाते नपा कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर

▶ **लालबाग चौराहे से आंख अस्पताल चौराहे तक सड़कों के इर्दगिर्द हटाया गया अतिक्रमण**

**अमृत विचार:** शहर की मुख्य बाजार में प्रशासन का बुलडोजर चला। अतिक्रतण हटाने के साथ साथ नाले भी खोले गए, इस दौरान कुछ दुकानदारों को प्रशासन की सख्ती का सामना करना पड़ा। वहीं जिला प्रशासन की कार्रवाई के चलते लोगों में हड़कंप मचा रहा।

प्रशासनिक निर्देशों पर एक बार फिर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध अभियान चला। नगर पालिका की टीम का नेतृत्व ईओ नगर पालिका वैभव त्रिपाठी ने किया। लालबाग चौराहे से शुरू हुआ अभियान आंख अस्पताल चौराहे तक चला। सड़क के इर्द-गिर्द बुलडोजर ने होर्डिंग और नालों को भी खुलवाया गया। कुछ दुकानदारों को प्रशासनिक सख्ती का भी सामना करना पड़ा। इस दौरान खास अपनी रसूख के चलते बचते नजर आए, ईओ नगर पालिका का कहना है कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत कोतवाली नगर और आसपास थानों का पुलिस बल मौजूद रहा। बताया कि सड़क के किनारे लोगों के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने का अभियान में तेजी लाई गई है, जिसके चलते सोमवार को बुलडोजर के माध्यम ध्वस्तीकरण किया गया।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में उभरे विकास के मुद्दे

**तालगांव, अमृत विचार:** ब्लॉक मुख्यालय परसेण्डी में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान आवास प्लस सर्वे के बारे में अवगत कराया गया कि पात्रता के एक दर्जन से ऊपर बिन्दु थे। अब घटकर महज 10 बिन्दु निर्धारित किये गये हैं। बैठक में सदस्यों ने क्षेत्र के विकास के मुद्दों पर चर्चा की।

आवास के लिये ग्राम पंचायतों में खुली बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर आयोजित बैठक में जरेली ग्राम पंचायत से क्षेत्र पंचायत सदस्य ने प्रार्थना पत्र देकर हवाला देते हुए बताया कि गांव के रास्ते में कीचड़ से भरे रास्ते हैं। अब तक कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है। जिसके कारण ज्यादातर रास्ते कीचड़ से भरे है। ग्रामीणों को निकलने में काफी समस्या होती है। ओदरहा में भ्रष्टाचार के लिए बताया गया कि ग्राम पंचायत में खडंजा का तल नीचा होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी हुई है। बीडियो धनन्जन सिंह ने बताया कि समस्याओं का जल्द निस्तारण जल्द किया जाएगा, क्षेत्र पंचायत की बैठक सदस्यों की संख्या कम होने के कारण स्थगित कर दी गई है।

# तालगांव में शातिरों ने समेटा तीन लाख का माल

संवाददाता तालगांव, सीतापुर

**दुस्साहस**

▶ **गौरिया मजरा लश्करपुर गांव के दो घरों में हुई चोरी**

▶ **पीड़ितों ने वारदात की सूचना पुलिस को दी**

**अमृत विचार:** तालगांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के दो घरों को चोरों ने निशाना बनाया है। दोनों घरों से नकदी, स्मार्ट मोबाइल जेवर समेत करीब तीन लाख का सामान चोर उठा ले गए। मामले की सूचना तालगांव पुलिस को दी गई। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची।

तालगांव कोतवाली के गौरिया मजरा लश्करपुर निवासी हरेश शुक्ला पुत्र शिव प्रकाश के मुताबिक, वे दस दिनों से हमीरपुर में थे। घर पर उनकी पत्नी वंदना, बेटी शगुन, दो पुत्र कार्तिक व कवि थे। बच्चे कार्तिक को दो दिनों से जाड़ा लगकर तेज बुखार आ रहा था। बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजनगर में ले जाकर उपचार कराया गया था। रविवार को बेटे की हालत फिर बिगड़ गई। उल्टियां होती देख घर के लोग उसे निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। जॉच कराई गई तो उसे मलेरिया पॉजिटिव पाया गया और प्लेटलेट्स 55 हजार निकली। इलाज के बाद स्वास्थ में कुछ सुधार होने पर बेटे कार्तिक को देर रात में घर लाया गया। कई दिनों से परेशान और थके होने के कारण परिवार के लोग गहरी नींद में सो गए थे। सोमवार को सुबह होने पर पता चला की छत के रास्ते चोर आए शातिर दीवान बेड को तोड़कर उसके भीतर रखा एक संदूक और बक्सा उठा ले गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि तीस हजार की नगदी, डेढ़ लाख के जेवर, फूले के बर्तन, जरूरी कागजात, स्मार्ट फोन आदि सामान चोरी किया गया हैं, कुल कीमत तीन लाख के करीब होगी। चोरों ने बाहरी खिड़की भी तोड़ दी।


घर के बाहर खाली पड़ा बक्सा और जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

इसी के बाद सुरेश पुत्र जटा शंकर के घर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इनके घर से पांच हजार की नकदी सहित जेवर चोरी हो गए। दोनों ही मामले की सूचना कोतवाली प्रभारी को दी गई। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची। गांव में दो चोरियों से ग्रामीण चिंतित हैं। वहीं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की है। उधर पुलिस ने कहा कि चोरी की घटना की जांच जारी है।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष के घर में हुई चोरी

**संवाददाता पहला, सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर कलां इलाके में भाजपा बूथ अध्यक्ष के घर की छत के सहारे घर में घुसे चोरों ने अलमारी से साढ़े पचास हजार की नकदी समेत अन्य कीमती जेवरात चोरी कर लिया। पीड़ित द्वारा घटना की लिखित तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लौना निवासी भाजपा नेता अखिलेश कुमार पुत्र सुरेश प्रकाश के घर रविवार की रात करीब दो बजे अज्ञात चोर छत के सहारे घर में घुस आए और कमरे में रखी अलमारी से करीब पचास हजार रूपए नकदी, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी कान के झाला सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित द्वारा थाना पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है। थाना प्रभारी नवनीत कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच शुरू कर दी गई है।

# बाइक की डिग्गी से नकदी गायब

**संवाददाता थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** रेउसा थाना क्षेत्र के रेउसा रंगवा मार्ग पर शातिरों ने एक बाइक की डिग्गी में रखी 61 हजार से अधिक नकदी चुरा ली। वारदात के बाद चोर मौके से भाग निकलने में सफल रहे। रेउसा निवासी किशोरी लाल पुत्र भगवानदीन के मुताबिक, वे सोमवार दोपहर एक बजे रेउसा में संचालित इंडियन बैंक शाखा से 61,700 रुपये की धनराशि निकाल कर बाइक की डिग्गी में रखकर रेउसा ब्लॉक किसी आवश्यक काम से आ थे। यहां पहले से घात लगाए अज्ञात चोरों ने ब्लॉक प्रांगण में खड़ी बाइक की डिग्गी से नकदी निकाली ली और फरार हो गए। पीड़ित द्वारा थाना रेउसा में तहरीर दे दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है, चोरी की घटना की जांच जारी है।

# पीजीआई नर्सिंग आफीसर परीक्षा का सॉल्वर गिरफ्तार


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिले की एसओजी टीम ने पीजीआई नर्सिंग ऑफीसर परीक्षा के सॉल्वर को गिरफ्तार किया। लखनऊ के बीकेटी निवासी आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी था। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि अब तक 15 सॉल्वर पकड़े जा चुके हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि केपी सिंह मेमोरियल कॉलेज तालगांव में पीजीआई नर्सिंग आफिसर परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान परीक्षा पत्र लीक होने की बात प्रकाश में आई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया। इसमें अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार किये गए थे। एसओजी टीम ने 15 वें वांछित और 25 हजार के इनामी लखनऊ जनपद के बीकेटी थानाक्षेत्र स्थित रामपुर बेहड़ा निवासी रविराज कश्यप को एसओजी टीम प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने लहरपुर कसरैला मार्ग परसेण्डी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। जिससे घटना में प्रयुक्त एक अदद मोबाइल ओप्पो बरामद हुआ है।

# सोशल वर्कर ने वन विभाग से मांगा ब्योरा

**लहरपुर सीतापुर:** लहरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेवादा निवासी सोशल वर्कर इंजीनियर नुसरत अली ने जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जन सूचना अधिकारी प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी सीतापुर से पांच सूचनाएं प्रदान करने की मांग की हैं। उन्होंने जनवरी 2023 से अगस्त 2024 तक लहरपुर रेंज के सभी पौध शालाओं में करवाए गए समस्त कार्यों पर खर्च की गई धनराशि का ब्योरा मांगा है। इसी समय लहरपुर रेंज के अंतर्गत वृक्षारोपण के लिए गड्ढा खुदाई की जानकारी मांगी है। इसके अलावा वृक्षारोपण के लिए प्रयोग खाद व कीटनाशक, आयरन गार्ड की संख्या व खरीद फरोख्त का हिसाब- किताब की भी जानकारी मांगी है।

# बिफरे पूर्व विधायक, किया सांकेतिक विरोध

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** महमूदाबाद के पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने अपने आवास से रामकुण्ड चौराहा होते हुए तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकालकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। बाद में तहसील पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित 21 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को सौंपा।



तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करते सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

▶ **राज्यपाल को सम्बोधित 21 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

पूर्व विधायक का कहना है कि इधर लगातार वारदातें हो रही हैं, पुलिस अंकुश नहीं रख पा रही है। कहा कि क्षेत्र में वारदात लगातार बढ़ रही हैं। इस अवसर जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी मेराज अहमद, विधानसभा अध्यक्ष मो. कादिर, पूर्व प्रमुख प्रेम सागर मौर्या, पूर्व प्रमुख रामाधार भार्गव, चेयरमैन प्रतिनिधि आमिर अराफात, नगर अध्यक्ष मो. इश्तियाक, ओंमकार नाथ सदस्य जिला पंचायत, इंद्रमोहन भार्गव सदस्य जिला पंचायत, प्रमोद वर्मा प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, नवी अहमद, नफासत खान, मनोज कुमार, शहाबू खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

**लापरवाही** सीतापुर–लहरपुर मार्ग चौड़ीकरण के बावजूद पुल का नहीं हुआ जीर्णोद्धार

# पुराना पुल लोगों को दे रहे आवागमन में बाधा

संवाददाता तालगांव, सीतापुर

**अमृत विचार:** सीतापुर-लहरपुर मार्ग का चौड़ीकरण तो हो गया है, लेकिन इस मार्ग पर नहर व नदियों पर बने पुल की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। लापरवाही के चलते यहां से गुजरने वाले राहगीरों को आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

लहरपुर-सीतापुर मार्ग पर तीन पुल बने हैं। पहला पुल कसरैला तिराहे मध्य क्षेत्र से गुजरी गोन नदी पर बना है। दूसरा मेंहदीपुरवा के निकट शारदा सहायक नहर पर बना है, जबकि तीसरा पुल कंजा शरीफपुर गांव के निकट बना है। यह तीनों पुल काफी संकरे हैं। इसके कारण दो वाहन आसानी से क्रॉस नहीं हो पाते हैं। एक तरफ वाहनों को रोककर ही दूसरी ओर से वाहन गुजरते हैं । संकरे पुलों के कारण आए दिन राहगीर हादसे का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों में डॉक्टर एहतिशाम सानू का कहना है कि जिस समय लहरपुर-सीतापुर मार्ग का निर्माण हो रहा था उस समय जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया गय, इसके चलते इस मार्ग बदहाल है। वहीं डॉक्टर अमीरुल रशीद ने बताया पुल की जर्जर हालत के बारे में जिम्मेदार लोगों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन इस पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। इनके अलावा स्थानीय निवासी अवधेश तिवारी ने बताया कि जर्जर सड़क के चलते कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसकी मरम्मत के लिए कोई आगे नहीं आया है।


लहरपुर– सीतापुर मार्ग पर बने खस्ताहाल पुल जाता युवक। अमृत विचार

# ग्रामीण की मौत पर परिजनों का हंगामा

संवाददाता, भदफर सीतापुर

**अमृत विचार:** शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के दौरान ग्रामीण की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा, लापरवाही का आरोप भी लगाया। बढ़ते बवाल की सूचना पर भदफर और लहरपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुकनापुर निवासी विनोद वाल्मीकि (50) पुत्र छोटेलाल को बिगड़ी हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लाया गया था। बताते हैं कि उसके मुंह से झाग भी निकल रहा था। ऐसे में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। खबर मिलने के बाद भदफर चौकी पुलिस और फिर पीछे से लहरपुर कोतवाली पुलिस आ गई। पुलिस ने किसी तरह स्थितियों को सामान्य कराया। चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार ने बताया है कि संभवतः विनोद शराब का सेवन किए हुए था। उसके मुंह से झाग भी निकल रहा था। ऐसे में परिजनों को जिला अस्पताल जाने की सलाह दी गई थी। एसआई योगेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराए जाने से इंकार किया। इसको लेकर प्रार्थना पत्र दिया। उधर, घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम न कराए जाने का पत्र दिया गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
# क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम ISRAIL से बदलकर MOHAMMAD ISRAIL रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o- MOHAMMAD MAZID Add: Vill Post-SATTHIN RANIGANJ AMETHI (UP)

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरे पुत्र विद्या निवास शुक्ला के विद्यालयी अभिलेखों में मेरा नाम LAXMI NARAYAN SHUKLA अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम LAXMI NARAIN SHUKLA है। दोनों मेरे ही नाम हैं। **निवासी 34/1 पयागीपुर चौराहा, सुल्तानपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व ठाकुर मान सिंह के निवास मकान संख्या 33, सेक्टर जी, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ को हम सभी भाई बहिन की आम सहमति से बेचा जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को मकान की बिक्री पर आपत्ति हो, वो 15 दिनों में आपत्ति दर्ज कराएं। – **कुंवर विक्रम सिंह, बलवंत सिंह, अनिल चंदेल, सुनील चंदेल, कपिल सिंह, विक्रांत सिंह एवम मधु सिंह**

**सूचना**

मैं **श्रीमती वंदना पाल पत्नी आर्मी नंबर 15581443 एन हवलदार राम जीवन पाल यूनिट 201 CEDU, C/O 56 APO, निवासी गांव : वजीराबाद, पोस्ट– मंझ गांव गडोरा, संडीला, हरदोई, उ0प्र0–241204** मेरे पति के सेवा दस्तावेजों में मेरा नाम और जन्म तिथि गलती से वन्दनाज पाल जन्म तिथि 12 मई 1993 दर्ज है। भविष्य में मुझे वन्दना पाल जन्म तिथि 08 जुलाई 1995 से जाना पहचाना जाये , शपथ पत्र संख्या 71AE 002461 दिनांक 06 सितंबर 2024 के माध्यम से कार्तिक कुमार सिंह, अधिवक्ता, लखनऊ के नोटरी के समक्ष।

**सूचना**

सर्वसाधन सूचित किया जाता है कि मेरे पैन कार्ड मैं मेरे पिता की नाम की इंग्लिश में तथा जन्मतिथि में परिवर्तन है जबकि सही नाम SHIVRAM SINGH और जन्मतिथि 20/07/1953 है जो की मेरे आधार कार्ड व पेंशन कार्ड में भी यही दर्ज है और इसे ही सभी कागजातों में माना जाएगा और जहां भी इसके अलावा कुछ भी लिखा है वह अमान्य होगा। **कृष्ण कुमार सिंह पुत्र श्री शिवराम सिंह एफ –608 राजाजीपुरम लखनऊ मोबाइल नंबर 9473896886**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं जितेन्द्र बहादुर, मेरा वृन्दावन योजना सेक्टर–18 लखनऊ आसरा। जी +3 में फ्लैट सं आवंटन,A – 16/32 का मूल आवंटन पत्र खो गया है। ये फ्लैट मैं श्रीमती श्वेता वैश्य को विक्रय करना तथा क्रेता एस बी आई में फ्लैट पर ऋण लेना चाहती है यदि किसी को इस सम्पत्ति पर आपत्ति है तो 15 दिन के भीतर सम्पर्क करें। एस0बी0आई आरएसीपीसी गोमतीनगर, लखनऊ। Mob.- No-8545007971

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती किसमतुन पत्नी निसार वेग निवासिनी–537ख/25/9 यश नगर, फैजुल्लागंज लखनऊ** की हूँ । मैने अपने पुत्र सोहराब बेग व उसकी पत्नी हिना बेग को उनके गलत आचरण के कारण उन्हें अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। इस आश्य की सूचना हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 15–10–2022 को प्रकाशित करायी थी परन्तु अब मेरे पुत्र को अपनी गलतियों का एहसास हो गया है और वह लोग मेरे व परिवार के साथ अच्छी तरह से रह रहे है इसलिये मैं अपनी बेदखली की सूचना को निरस्त करती हूँ।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बैंक खाते में मेरा नाम श्री देवी लिखा है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम उषा देवी अंकित है जो कि सही है। मुझे उपरोक्त दोनो नाम श्री देवी एवं उषा देवी दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। भविष्य में मुझे उषा देवी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **उषा देवी पत्नी श्री जयकरन निवासी मसौली कटरा, बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट नं0– JB222724 पर मेरा नाम RAHMATUNNISHA W/o HAFIZ MOHD NAUSHAD KHAN अंकित है। जबकि मेरे आधार पर नाम REHMATUN NISHA W/o NAUSHAD KHAN अंकित है। उपरोक्त HAFIZ MOHD NAUSHAD KHAN व NAUSHAD KHAN दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे पति के ही हैं। अत: मेरा पासपोर्ट आधार कार्ड के आधार पर जारी करने की कृपा करें। **रहमतुनिशा पत्नी नौशाद खान नि0 मो0– मलकठ कस्बा व तह0 बिलग्राम जिला– हरदोई।**

## एक नजर

### मवेशियों को चारा देने गई महिला की सर्पदंश से मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एक महिला की हालत खराब हो गई, सीएचसी में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी अरूई के रहने वाले गजराज की पत्नी राजरानी चौहान 38 सोमवार की भोर चार बजे उठ कर मवेशियों को चारा देने घर के सामने गई थी, तभी पैर के अंगूठे में सांप ने काट लिया। परिजन उसे लेकर सीएससी सिद्धौर गए, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मनुष्य को जीवन में नहीं करना चाहिए अहम

**फतेहपुर, अमृत विचार :** कस्बे के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व के दसलक्षण धर्म के दूसरे दिन सोमवार को मार्दव धर्म मनाया गया। मन्दिर में प्रात: भगवान पार्श्वनाथ का जलाभिषेक, पूजन आदि किया गया। बता दें कि नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में पर्युषण पर्व के दसलक्षण धर्म के दूसरे दिन सायंकाल भव्य मंगल आरती प्रवचन और महावीर भगवान का चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मार्दव धर्म पर प्रकाश डालते हुए इंद्र कुमार जैन ने कहा कि यह धर्म मान रूपी शत्रु का नाश करने का धर्म है। मनुष्य को जीवन में कभी भी अहम नहीं करना चाहिये। अहम कभी किसी का इस संसार में नही रहा। अहम बलशाली रावण का भी नही रहा। वही देवलोक के राजा इंद्र देव को जब अहम हुआ तो रावण ने उसके अहंकार को उसे पराजित कर दूर कर दिया। इस लिए मनुष्य को अहंकार का त्याग करना चाहिए। इस मौके पर सचिन जैन, लल्ला जैन, संदीप जैन, जितेन्द्र जैन, सारिका जैन, निशा जैन, स्वामी जैन, रेखा जैन आदि जैन समाज के लोग मौजूद थे।

# जंगली जानवर और चोर के बाद अब धमकी भरे पोस्टर

## शक होने पर जिन्हें पकड़ा गया वह सभी निकले मंदबुद्धि

**दोराहे पर ग्रामीण**

देवा/बड्डूपुर/सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जंगली जानवर के बाद चोरों के आतंक से बेहाल ग्रामीण अब दोराहे पर खड़े हैं। वे तेंदुआ, भेड़िया और सियार के हमलों के डर से अभी उबर नहीं पाए थे कि चोरों की सक्रियता ने नींद उड़ा दी है। उनकी मजबूरी का फायदा अब अराजक तत्व भी उठाने लगे हैं। बड्डूपुर में किसी ने धमकी भरा पोस्टर चिपकाकर पांच लाख की फिरौती मांग ली तो देवा क्षेत्र में गोला दागकर चोर आने की अफवाह फैला रहे हैं। उधर शक के आधार पर दबोचे गए संदिग्ध पुलिस की पड़ताल में मंदबुद्धि निकलते चले जा रहे।



ग्राम शैली कीरतपुर में लगा पोस्टर।

**मंदबुद्धि को पीट दिया**

जब इस बारे में क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मल्लावां में ग्रामीणों ने मंदबुद्धि को पीट दिया। पीटने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पोस्टर चिपकाने का प्रकरण संज्ञान में आया है, इस मामले में भी दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें।



पोस्टर के चलते दहशत में ग्रामीण। अमृत विचार

ताजा मामला देवा कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। ग्राम शेखपुर, मुजीबपुर और सलेमपुर के आसपास देर रात तेज धमाका हुआ जैसे किसी ने हथगोला दाग दिया हो। इसके बाद शोर मचाते हुए चोरों के आने की बात उड़ा दी गई। यह सब सुन ग्रामीण सक्रिय हो गए और लाठी डंडे लेकर घर से बाहर निकल आए लेकिन कोई नहीं मिला। दूसरा मामला बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शैली कीरतपुर से जुड़ा है। यहां दो दिन पहले रात में अज्ञात लोगों ने गांव में भोजपुरी भाषा में कुछ पोस्टर चिपकाए जिसमें चोरों ने अपना नाम छब्बन चौहान मटमैला बताया, पोस्ट में गांव वालों को धमकी देते हुए लिखा गया है कि तीन दिनों के भीतर अगर पूरे गांव से पांच लाख रुपये इकट्ठा कर उनकी बताई हुई जगह पर नहीं पहुंचा, तो पूरे गांव को साफ कर दिया जाएगा। इस धमकी को लेकर ग्रामीणों में रोष के साथ ही डर फैल गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना बड्डूपुर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव में लगे पोस्टर उखाड़कर फेंक दिए। ग्रामीण रात भर जाग तो रहे ही वहीं एक दर्जन के करीब संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर चुकी, इनमें कइयों को पुलिस ने मंदबुद्धि बता कर जाने दिया। उधर, रामपुरवा गांव में दो चोरों को ग्रामीणों ने दबोच लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तालाशी के दौरान चोरों से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

हालांकि यह वीडियो लगभग एक महीने पुराना बताया जा रहा है। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। यही हाल जंगली जानवर के डर से जूझ रहे सूरतगंज इलाके का भी है। ग्रामीण जंगली जानवर से निपटें, चोर से या अब अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों से यह उनके समझ से परे है।

# दर्शकों को भक्ति रस में किया भाव-विभोर

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ग्राम अमोली कला में गणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर रविवार को जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। इसके बाद पार्टी के कलाकारों ने गणेश भगवान के भजनों कि प्रस्तुति देकर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

अमोली कला में सजे गणेश भगवान के दरबार में चार चांद लगाने आए मां गार्गी जागरण पार्टी आशियाना लखनऊ के कलाकारों ने सर्वप्रथम भगवान गणेश की वंदना सुनाई। इसके बाद संगीत सम्राट विजय मिश्रा, सुमित श्रीवास्तव, गायिका जया शुक्ला और नेहा पांडेय ने एक से बढ़कर एक गणेश भगवान के भजनों को सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष गौरीकांत दीक्षित, महामंत्री प्रहलाद सिंह, रिंकू, दिव्य प्रकाश शुक्ला, राकेश शुक्ला, आदित्य तिवारी, आदर्श तिवारी, राम जी, सर्वेश तिवारी, आनंद तिवारी और सत्यम त्रिवेदी सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



जागरण में लगी गणपति की प्रतिमा।

### नेता का क्या भरोसा हट जाये कहते-कहते...

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्रीगणेश महोत्सव समिति रानीगंज की ओर से रविवार रात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय कवियों ने काव्य पाठकर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। संचालक आशीष नाग ने अंगवस्त्र भेंट कर सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। उसके बाद कवि डॉ. शर्मेश शर्मा ने नेताओं के वादे पर लिखी हुई रचना को पढ़ते हुए सुनाया 'नेता का क्या भरोसा हट जाये कहते कहते, कुर्सी की लालसा में पलट जाए कहते-कहते..' को सुनकर श्रोता तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। उधर कवि नागेन्द्र सिंह ने पढ़ा 'चाहते हो लाभ सरकारी योजनाओं का, तो हर रोज करते रहो प्रधान को प्रणाम....' सुना खूब वाहवाही लूटी तो कवि उपेंद्र सिंह नादान ने सुनाया 'मुसलसल सच ही बोले जा रहे हो, तुमको ये तरकसी मंहगी पड़ेगी' सुनाकर लोगों को गदगद कर दिया। वहीं कवि रोहित सिरफिरा ने 'रात-रातभर बात इश्क में होती है छुप छुपके मुलाकात इश्क में होती है, इश्क किया जिन लोगों ने उनसे पूछो, जूतों की बरसात इश्क में होती है..' काव्य पाठ से श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया। कवि अवनेंद्र सिंह, शिवा अनंत, आकाश उमंग और दिनेश पाण्डेय आदि ने रचनाएं सुनाकर लोगों को लोटपोट कर दिया।

## एक करोड़ आठ लाख रुपये से संवारी जाएगी तपोस्थली

**त्रिवेदीगंज, अमृत विचार:** विकास क्षेत्र के ग्राम पूरे देवीदास स्थित सतनामी कुटी को विकसित करने के लिए सरकार ने एक करोड़ आठ लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इस धनराशि से संत जगजीवन दास की तपोस्थली को संवारा जाएगा। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने सोमवार को पूरे देवीदास में धनराशि से बनाई जाने वाली इमारत का शिलान्यास किया। इस मौके पर कुटी के महंत अनुपम दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा, जिला महामंत्री सुशील जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व त्रिवेदीगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह आदि रहे।

# रोजगार मेला: 457 अभ्यर्थियों का चयन

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** देवा क्षेत्र के सलारपुर गांव स्थित आदर्श पीजी कॉलेज में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने 457 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के आधार पर चयन किया।

जिला सेवायोजन कार्यालय व आदर्श पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन सलारपुर देवा के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को एक दिवसीय निशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइट फ्यूचर कंपनी द्वारा 15, पंकज इन्टरप्राइजेज कंपनी द्वारा 86, एचडीएफसी कंपनी द्वारा 60, रॉकमैन कम्पनी द्वारा 17, द्वीपक्रिएशन कंपनी द्वारा 20, सोनाटा फाइनेंस द्वारा 10, यूनाईटेडएम कंपनी द्वारा 19, स्टार ग्रुप द्वारा 57, पुखराज कंपनी द्वारा 50, टीमलीज कंपनी द्वारा 70 व आरआर मैन पॉवर कंपनी द्वारा एक अभ्यर्थी का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 751 प्रतिभागियों ने साक्षात्कार दिया। जिसमें से 457 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में कॉलेज के चेयरमेन समीउल्लाह अंसारी, मैनेजर रफीउल्लाह अंसारी, प्राचार्य डॉ. शमशेर खान, रविकान्त तिवारी तथा जिला सेवायोज कार्यालय के सहायक निदेशक देवव्रत कुमार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



आदर्श कॉलेज में आयोजित रोजगार मेला। अमृत विचार

# आरटीआई खोलेगा वन दरोगा की संपत्ति का राज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार:** जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत वन विभाग में तैनात एक वन दरोगा की संपत्ति का ब्योरा मांगा गया है। याची का आरोप है कि उसके पास अकूत संपत्ति है। आरटीआई से इसका खुलासा होगा।

विकास खंड हरख के पनिहल ग्राम पंचायत निवासी रिंकू विश्वकर्मा ने बंकी रेंज में तैनात वन दरोगा हरिराम यादव की डीएफओ से चार बिंदुओं पर जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी है। वन दरोगा हरिराम यादव की पहली तैनाती किस पद पर थी और कब और कहा हुई थी। बंकी रेंज में इनकी तैनाती कब से है। वर्तमान में इनका वेतनमान और पे ग्रेड किस मानक का है। क्या मूल वेतन से इनकी संपत्ति अधिक है। इसके अलावा इनके पास कुल कितनी चल अचल संपत्ति है। याची रिंकू विश्वकर्मा का आरोप है कि पौधशाला के कई वाचार अपने मकान पर वन दरोगा तैनात किए हुए है। जबकि इनको वेतन वन विभाग दे रहा है। रिंकू विश्वकर्मा ने कहा कि सूचना मिलने के बाद पूरे मामले की शिकायत लोकायुक्त से की जाएगी। वन दरोगा ने वन विभाग में तैनाती के दौरान अकूत संपत्ति अर्जित की है। इसकी जांच लोकायुक्त से कराने की मांग की जाएगी।

# किशोरी की मौत, पति पर लापरवाही का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार:** निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक किशोरी की मौत हो गई। उसकी मां ने पति पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्राम मोहारीपुरवा निवासी लवकुश जायसवाल अपनी पुत्री मानसी 14 के साथ रहता है जबकि इसकी पत्नी चंद्रकला एक पुत्री व पुत्र के साथ अलग अंबेडकरनगर में अपने मायके में रह रही है। बताया गया मानसी के पैर में ऐड़ी के पास फोड़ा निकला था, फिर जांघ के पास गिल्टी निकलने पर जिला अस्पताल में इंजेक्शन लगाए गए। बाहर से एक इंजेक्शन मंगाकर दिया गया। यहां तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर ने मानसी को रेफर कर दिया। दूसरे अस्पताल में ग्लूकोज से दिए गए इंजेक्शन से तबीयत और बिगड़ गई। पत्नी का कहना है पति जिला अस्पताल ले गया था, जवाब मिलने पर एक अन्य निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# बैठक: किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द कराएं समाधान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार:** भाकियू टिकैत गुट की ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक सोमवार को पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर में हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष श्रीपाल ने 15 सितंबर को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों से शामिल होने की अपील की।

उन्होंने कहा रामनगर तहसील में चल रहे धरना प्रदर्शन में वहां के प्रशासन से यह अपेक्षा रखता हूं कि किसानों की बात सुनकर उनकी समस्या का शीघ्र समाधान कराएं। अन्यथा हैदरगढ़ इकाई भी रामनगर का साथ देगी और धरना प्रदर्शन में 12 तारीख को मदद करेगी। छह अक्टूबर को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में किसान सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जो किसान परिवार अपने पुत्र या पुत्री की शादी करना चाहते हैं, वे अपना आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष के पास 15 सितंबर से पूर्व जमा करा दें। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को निर्देश दिया गया कि किसानों की समस्याओं के प्रति जागरूक रहना है। हैदरगढ़ स्टेशन जरूर है लेकिन यहां ट्रेनों का ठहराव नहीं है। मेमो है भी तो वह उतरेठिया में रुक जाती है। लखनऊ तक नहीं जाती। लिहाजा सटल, मरुधर एक्सप्रेस, जम्मूतवी और सद्भावना एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। यदि ट्रेनों का ठहराव नहीं किया गया, तो संगठन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य रामनिवास वर्मा, नगर अध्यक्ष हैदरगढ़ राइस, कमलेश, भजन, सत्यनारायण, ओम प्रकाश, राम सुमिरन, दुखी, सतनाम, कन्हैया लाल, तकदीर, रामेश्वर, सियाराम, सुल्तान आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** वकीलों की हत्या को लेकर तहसील बार एसो. के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह व महामंत्री कुंवर बहादुर यादव की अगुवाई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हैदरगढ़ को सौंपा गया। ज्ञापन में कासगंज बार एसो. की अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या की निंदा की गई और मृतका के आश्रितों को एक करोड़ की सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, मृतक अधिवक्ता का केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाए जाने एवं दोषियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपाने वाले अधिवक्ताओं में अध्यक्ष व माहामंत्री के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह आदि शामिल रहे।

### कार्यशाला में बताए तंबाकू सेवन के नुकसान



कार्यशाला में मौजूद सीओ सदर सुमित त्रिपाठी। अमृत विचार

**संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस लाइंस स्थित सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर इसके नुकसान के बारे में बताया गया। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में सीओ सदर सुमित त्रिपाठी की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की गाइडलाइन के अनुसार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी ने तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी। पुलिसकर्मियों को तंबाकू सेवन न करने व चौराहे, स्कूल तथा सार्वजनिक स्थल पर इसका सेवन करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### मवेशी चरा रहे युवक पर जानलेवा हमला

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बेहटा गांव में रविवार की देर शाम मवेशी चरा रहे एक युवक पर विपक्षियों ने लाठी डंडा और चाकू से हमला बोल दिया। इस हमले में वह लहू लुहान हो गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज का आरोपी व उसके साथियों की तलाश कर रही है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा। बेहटाा गांव निवासी दलित राम सुचित ने कोतवाली हैदरगढ़ में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की देर शाम उनका पुत्र सुमन नहर के किनारे भैंस चरा रहा था, तभी वहां अपने तीन साथियों के साथ पहुंचे जनपद अमेठी थाना शिवरतनगंज के गांगापुर गांव निवासी संत बक्श सिंह ने उनके पुत्र पर लाठी डंडों व चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ में एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

### चाय बनाते समय लगी आग, गृहस्थी राख

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अमिलहरा मजरे बारा गांव में सोमवार की सुबह चाय बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग में एक परिवार की गृहस्थी जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी कौशल कुमार पुत्र राम प्रताप रावत दासपुर की झोपड़ी बनाकर उसी के नीचे गुजर बसर करते थे। सोमवार को सुबह छप्पर के नीचे चाय बनाते समय सिलेंडर से आग लग गई। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक सारी गृहस्थी जलकर नष्ट हो चुकी थी।

### मिलजुल कर लड़ेगें मजदूरों की लड़ाई

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** उप्र बिजली मजदूर संगठन की बैठक विद्युत वितरण खंड कार्यालय में हुई। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महामंत्री सुहेल आबिद ने कहा कि मजदूरों की लड़ाई मिलजुल कर लड़ेगें। बैठक में संविदाकर्मी की न्यूनतम मजदूरी 18 हजार, मृतक होने की दशा में आर्थिक सहायता 25 लाख, माह के प्रथम सप्ताह में वेतन, आठ घंटे कार्य, एक दिन की छुट्टी, ईपीएफ का पारदर्शी रखरखाव, लंबित 10 माह के ईपीएफ के भुगतान के प्रस्ताव किये गये। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके सिंह, कोषाध्यक्ष शक्ति श्रीवास्तव, उदय प्रताप, सूरज यादव, शिवम अवस्थी, शंकर सिंह और अजीत श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में संविदाकर्मी उपस्थित रहे।

# संगिनी व आशा बहूओं को किया गया पुरस्कृत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में सोमवार को आशा संगिनी सम्मेलन संपन्न हो गया। इस मौके पर अच्छा काम करने वाली संगिनी व आशा बहूओं को पुरस्कृत भी किया गया। सीएचसी अधीक्षक त्रिवेदीगंज डाक्टर हरप्रीत सिंह ने मौजूद संगिनी व आशा बहूओं से कहा कि वह लोग स्वास्थ्य विभाग की मजबूत कड़ी हैं। कोरोना काल में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें विस्मृति करना संभव नहीं है। अधीक्षक डाक्टर हरप्रीत सिंह ने उल्लेखनीय कार्य करने वाली संगिनी नीलम को प्रथम, मंजू को द्वितीय और मीरा को तृतीय स्थान पर रखते हुए उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा आशा बहूओं में शैल कुमारी को प्रथम, सुनीता को द्वितीय जबकि सरला देवी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मेलन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज के चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

# बारिश से थमे उमस के कदम, किसान निहाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** पसीने से नहला देने वाली उमस से बेहाल लोगों व धान की फसल के लिए मेघों की कृपा का इंतजार कर रहे किसानों की जैसे मुराद पूरी हो गई। सोमवार की दोपहर आसमान पर छाए काले बादलों ने दिन में अंधेरा तो किया ही उसके बाद बरसे बादलों ने उमस का निशान शाम तक के लिए मिटा दिया। जिले भर में हुई बारिश किसानों के चेहरे पर मुस्कान छोड़ गई। शहर में भले ही बारिश के बाद नाली नाले उफना गए पर मौसम बदलने की खुशी इस परेशानी पर भारी साबित हुई।



बारिश से लबालब हुए धान के खेत।



बारिश के दौरान छाया अंधेरा। अमृत विचार

रविवार रात भी लोगों ने करवट बदलते काटी। जरा सी मेहनत वाले काम ने पसीने से नहला दिया। लेकिन दोपहर में तेज व पछुवा हवा ने माहौल पर कब्जा कर लिया और लोगों को कुछ ही पलों में उमस से राहत मिली। आसमान को काले बादलों ने घेर लिया और कुछ ही देर में बारिश होने लगी। आलम यह कि एक ओर एसी तक राहत देने में पिछड़ रही थी वहीं बारिश होने के बाद छत के पंखे मनमाफिक हवा देने लगे। बारिश थमने के बाद हवा मंद मंद चलती रही वहीं दिन भर छाए रहे बादलों ने उमस को पैर रखने नहीं दिया। शहर में बारिश के बाद कई जगहों पर जलभराव के नजारे देखने को मिले वहीं नाले नालियां उफना गईं, एकत्र कूड़ा पानी में गीला होकर बदबू बनाता रहा पर शहरवासी बारिश के बाद जैसे निहाल हो गए। यही दशा किसानों की रही, धान की फसल का लेकर चिंतित किसान बारिश न होने से काफी परेशान थे, उनके सामने फसल बचाने की चुनौती बड़ी थी। उधर, उपकृषि निदेशक कृषि श्रवण कुमार ने बताया कि बारिश से कोई नुकसान नहीं बल्कि यह धान की फसल के लिए काफी राहत भरी है। इसी तरह की बारिश आगे भी होती रही तो किसानों की चिंता दूर हो जाएगी।

# बैठक में दायित्व का किया निर्धारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी नगर की सुप्रसिद्ध रामलीला दो अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए सोमवार को हुई बैठक में दायित्व निर्धारित करने के साथ ही आम सभा कर आगामी निर्णय लेने का फैसला लिया गया।



रामलीला सेवा समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

समिति अध्यक्ष अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में आय और व्यय की चर्चा के साथ विवरण महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने प्रस्तुत किया। आम सभा में दशहरा मेला में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रम के बारे में रूपरेखा भी तय होगी। कैबिनेट बैठक में मुख्य कार्यकारिणी में प्रशांत सिंह व सुशील जायसवाल को शामिल किया गया। बैठक में संतोष कुमार सिंह, अनिल अग्रवाल, रामलखन श्रीवास्तव, शिवकुमार वर्मा, संतोष कुमार जायसवाल, राजेश गुप्ता कृष्णा, राजू पटेल आदि मौजूद रहे। श्री रामलीला सेवा समिति की आनुसंगिक कार्यकारिणी युवा कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष रहे कुलदीप वर्मा के असामायिक निधन उपरांत समिति के सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समिति के संरक्षक अंकित गुप्ता गोलू ने रिक्त उपाध्यक्ष पद के लिए समिति के माध्यम से प्रस्ताव मांगे, जिसके क्रम में अग्रिम बैठक में निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से विनय सिंह, अमर सिंह, जयदीप सिद्धू, शैलेंद्र सिंह, कुणाल सिंह, रजत त्रिवेदी, सौरभ गुप्ता, केसरी नंदन आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने ग्रामीणों पर किया फायर

**फतेहपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला खापुरवा में खेत की देख-रेख करने जा रहे ग्रामीणों पर चोरों ने फायर झोंक दिया। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी डंडों के साथ पहुंच गए। मोहल्ला खापुरवा निवासी हिमांशु व पुतान खेत की देखरेख के लिए रविवार रात बाइक से जा रहे थे। इस बीच कुछ संदिग्ध लोगों को खड़ा देख जैसे टार्च जलाई तो फायर करते हुए मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना 112 पर दी। इस संबंध में अतिरिक्त निरीक्षक वीके सिंह ने बताया फायरिंग की सूचना गलत है। इस समय लोग तरह तरह की अफवाहें फैला रहे हैं। जिसको लेकर पुलिस गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक भी कर रही है।



कार्यक्रम को संबोधित करते अपर जनपद न्यायाधीश श्रीकृष्ण चंद्र सिंह। अमृत विचार

## प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर ध्यान करें केंद्रित: श्रीकृष्ण चंद्र

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की मंशा व जिला जज पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर सोमवार को राष्ट्रीय पोषण माह के मौके पर विखं बंकी सभागार में शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्षता अपर जिला जज श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने की। उन्होंने बताया कि हर साल सितंबर को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। समुदाय में पोषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कई गतिविधियां की जाती हैं। इसका उद्देश्य पोषण सामग्री, वितरण, पहुंच और परिणामों को मजबूत करना है तथा स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती व रोग एवं कुपोषण के प्रति प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना है। पोषण अभियान किशोरों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के लिए भारत की प्रमुख योजना है।

## एक नजर

### चोरी के सामान समेत एक गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना देवा पुलिस टीम ने भारतीय न्याय संहिता-2023 से सम्बन्धित अभियुक्त धर्मेन्द्र सिंह पुत्र लालता सिंह निवासी सुन्दरनगर पलटा थाना देवा को आक्सफोर्ड स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से चोरी का एक बैटरा, एक झटका मशीन व एक ट्रैक्टर का हीच बरामद किया गया। बरामद सामान इसके द्वारा सोनू सिंह व रंजीत यादव के साथ मिलकर छह सितंबर को सुंदरनगर से चोरी किया गया था। अन्य वांछित की गिरफ्तारी के लिए थाना देवा पुलिस टीम प्रयासरत है।

### तीन अपहृता बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित अपहृता, थाना कोठी पुलिस टीम ने अपहृता व थाना असन्द्रा पुलिस टीम सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

### अलग-अलग मामलों में चार वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सतरिख पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित यश गुप्ता पुत्र गोपाल कृष्ण गुप्ता निवासी एचआईजी-279 रतनलाल नगर थाना गोविन्द नगर व राजीव कुमार पुत्र लालबाबू साहू निवासी 540 विदासपुरम थाना बर्रा जनपद कानपुर नगर को असैनी पुल के पास से गिरफ्तार किया। थाना घुंघटेर पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त संदीप मौर्या पुत्र राम प्रताप मौर्या निवासी ग्राम बाबा का मठ मजरे बनमऊ थाना बाबा का मजार जनपद अयोध्या को बाबागंज चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम ने एससी, एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अंकित मिश्रा पुत्र बद्री प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम भैरमपुर थाना हैदरगढ़ को भैरमपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में थम गईं चार की सांसें

## मसौली में डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, बड्डूपुर में डीसीएम पलटी, खलासी मरा, चालक रेफर

मसौली/बड्डूपुर/रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार दो युवकों समेत तीन की मौत हो गई। मसौली थाना क्षेत्र में सोमवार शाम तेज गति से जा रहे डंपर ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया तो बड्डूपुर क्षेत्र में सेब लेकर पटना जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी, हादसे में खलासी की मौत हुई, वहीं चालक को ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

मसौली थाना क्षेत्र के बिंदौरा गांव के निकट कार को ओवरटेक करते समय अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बाईक सवार दो युवकों की


विजेंद्र सिंह।


धीरज यादव।

मौक़े पर ही मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़वल निवासी 30 वर्षीय विजेंद्र सिंह पुत्र राम बिहारी, 28 वर्षीय धीरज यादव पुत्र बेचनलाल सोमवार की दोपहर बाद बाराबंकी से किराने का सामान लेकर वापस घर लौट रहे थे कि बिन्दौरा गांव के निकट आगे चल रही कार को ओवरटेक करते समय पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, गंभीर रूप से जख्मी युवकों की मौक़े पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरा हादसा बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैंया मातबर गांव के निकट रेलवे क्रासिंग के निकट रविवार की देर रात हुआ। कुल्लू मनाली से सेब लादकर डीसीएम बिहार में पटना जा रही थी। सरैंया मातबर के पास डीसीएम अचानक सामने वाहन के आने से अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में चालक कन्हैयालाल निवासी सफदरगंज व खलासी इरफान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महमूदाबाद पहुंचाया, जहां खलासी इरफान की मौत हो गई, जबकि चालक कन्हैयालाल को ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चालक को ट्रामा सेंटर भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। तीसरे हादसे में सोमवार की सुबह क्षेत्र के लखनऊ अयोध्या नेशनल हाईवे पर मोहम्मदपुर चौराहा के पास डीसीएम की टक्कर से रांग साइड चल रहे बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत धुनौली ठकुरान गांव निवासी रामसजीवन का पुत्र राम भोला (30) सोमवार सुबह किसी काम से मोहम्मद पुर आया था। रांग साइड बाइक से लखनऊ अयोध्या नेशनल हाईवे पर किसी काम से जा रहा था। अयोध्या की और से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर गम्भीर रूप से घायल राम भोला को ग्रामीणों और पीआरवी ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रामसनेहीघाट इलाज के भेजा। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज विधिक कार्रवाई की।

# दो चोर पकड़े गए, तीन साथी फरार, कई घटनाएं खुलीं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** थाना असन्द्रा पुलिस टीम ने अन्तर्जनपदीय दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने इनकी निशांदेही पर चोरी के जेवरात, बैट्री व घटना में प्रयुक्त एक वाहन भी बरामद किया है।

पुलिस ने शातिर राकेश पुत्र उमानाथ, धर्मेन्द्र पुत्र फूलचन्द्र निवासी मटियारी कला छोटा रगवा थाना वारिशगंज अमेठी को 52 बीघा तालाब के पास गिरफ्तार किया, जबकि मौके से तीन अभियुक्त सिराज, करमजीत व विक्रम भागने में सफल रहे। इनके कब्जे व निशांदेही पर 04 मछली पकड़ने वाला जाल, 2 सफेद धातु की पायल, एक बैट्री व 23 सौ रुपये नकद के अलावा घटना में प्रयुक्त एक पिकप बोलेरो बरामद किया गया। पूछताछ से पता चला कि इनका एक गैंग है जो जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में चोरी की घटना को अंजाम देता है। इनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जून के महीने में थाना असन्द्रा के गौरिया गांव के दो घरों में चोरी की थी, जिसके बारे में थाना असन्द्रा पर केस पंजीकृत है। पिछले माह थाना सुबेहा के पूरे जबर से ट्रैक्टर की बैट्री भी चोरी की।

# सांसद को बताई मार्गों की दुर्दशा

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जैदपुर बाराबंकी मार्ग हजारों लोगों के आवागमन का मुख्य रास्ता है, जिस पर जैदपुर, सिद्धौर, सुबेहा आदि क्षेत्रों से लोग सफर करते हैं। वर्तमान में यह मार्ग अति दयनीय स्थिति में है। मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। कई राहगीरों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। जनता इस मार्ग के निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि के दरवाजे खटखटा चुकी है परन्तु आज तक लोगों को निराशा ही हाथ लगी है।

इस मार्ग की समस्या को लेकर सभासदों का प्रतिनिधि मंडल सभासद मोहम्मद कासिम की अगुवाई में नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया से मिला और जनता की परेशानियां से अवगत कराते हुए मार्ग निर्माण का मांग पत्र सांसद तनुज पुनिया को सौपा। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर से जैदपुर मेंन रोड सम्पर्क मार्ग की अति दयनीय स्थिति के बारे सांसद को अवगत कराया गया। सांसद तनुज पुनिया ने उक्त दोनों मार्गों के निर्माण का आश्वासन सभासद मोहम्मद कासिम को दिया। इस मौके पर राम सिंह, निजामुद्दीन शाह, मोहम्मद नसीम उर्फ शाहरुख, मोहम्मद सगीर खान, मौलाना अबू दुजाना नदवी, मोहम्मद फैज अंसारी, शाह आलम, मोहम्मद शादाब खान, मोहम्मद फरजान खान, मोहम्मद सबीब, हबीब, बाबा गुफरान खान आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# छात्रों व नौजवानों का हक छीन रही भाजपा: राकेश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** देश में जब से भाजपा की सरकार आई है, छात्रों नौजवानों के हकों को छीना जा रहा है। भाजपा सरकार गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक छात्रों के साथ अन्याय पूर्ण व्यवहार कर रही है। यह बात चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदारी में समाजवादी लोहिया वाहिनी एवं छात्र सभा के तत्वाधान में आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि यह सरकार नौजवानों को रोजगार नहीं देना चाहती। लगातार पेपर लीक की घटनाओं से प्रतियोगी छात्र हताश, निराश और परेशान


समारोह में बोलते पूर्व मंत्री राकेश वर्मा।

हो चुके हैं। सरकार सोची समझी रणनीति के तहत पेपर लीक करा देती है। जिससे युवाओं को रोजगार न देना पड़े। समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां छात्र नौजवान विरोधी हैं। सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। छात्रों के अधिकारों पर


समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

चौतरफा हमला हो रहा है। भाजपा सरकार शिक्षा के निजीकरण और व्यवसायीकरण को बढ़ावा दे रही है। वहीं सरकारी संस्थाओं को बर्बाद किया जा रहा है। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि अभिषेक यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नौजवानों के सामने इस समय बड़ी चुनौतियां हैं। वर्तमान सरकार ने नौकरी के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। बड़े-बड़े सरकारी संस्थानों में नौकरियां खत्म की जा रही हैं। समारोह को महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, जैदपुर विधायक गौरव रावत, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, हफीज भारती और लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अंकित वर्मा समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। समारोह में 22 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित भी किया गया। इसके बाद सभी नेताओं ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर सुधांशु वर्मा, अंकुर वर्मा, अनुपम जायसवाल, विद्यालय प्राचार्य गया प्रसाद दुबे, अंकित वर्मा, दिलीप गुप्ता, रीता वर्मा, प्रीतम वर्मा और रामसिंह यादव सहित तमाम समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कहीं दोहराए न गुजरे साल की तबाही, अलर्ट मोड पर प्रशासन

## मौसम विभाग का अलर्ट, भारी बारिश की संभावना, बनाई गईं 25 टीमें, शहर भर में कराई गई मुनादी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** 2023 के सितंबर माह में शहर को तालाब बना देने वाली बारिश शायद ही कोई भूला हो, उसके दोहराने की संभावना तो नही है लेकिन मौसम विभाग ने जो अलर्ट जारी किया है, उसके अनुसार अगले 24 घंटों में भारी बारिश हो सकती है।

आईएमडी का अलर्ट जारी होते ही जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। सोमवार को शहर भर में चेतावनी की मुनादी कराने के साथ ही जमुरिया नाले के किनारे बसे लोगों को आगाह किया गया। कुल 25 टीमों को सतर्क कर दिया गया है।


अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

डीएम ने संभावित हालात को लेकर आज समीक्षा बैठक भी की और सबको तैयार रहने की ताकीद की।

मौसम विभाग के अलर्ट से जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। सोमवार को डीएम सत्येन्द्र कुमार ने आपात समीक्षा बैठक की। बताया कि जलभराव से निपटने को 25 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में एक हेड कांस्टेबल, होमगार्ड, लेखपाल और सफाईकर्मी को रखा गया है। इसके साथ ही एनडीआरएफ की पर्याप्त टीमें भी लगाई गईं हैं। बारिश को देखते हुए जलभराव से होने वाली समस्या व उससे निपटने के लिए नाव, लाइफ जैकेट, रस्सी, टॉर्च जैसी दूसरी आपदा बचाव सामग्री को तैयार कर लिया गया है। अधिकारी ने सभी लेखपालों व नपा कर्मचारियों को ड्यूटी पर अलर्ट रहने को आदेशित किया। बैठक में बताया गया कि छह बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं । जिसमें नागेश्वर नाथ मंदिर, सिटी इंटर कॉलेज, पायनियर स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम, आरएलबी स्कूल और सूरजा गेस्ट हाउस शामिल है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि दो नावें राहत कार्य हेतु रखी गई हैं। राहत सम्बन्धी सभी व्यस्थाएँ पूर्ण की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में हुए जल भराव, बाढ़ की स्थिति कतई उत्पन्न नही होने पाए, इसको सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि राहत कंट्रोल रुम बना लिया जाए और इसके कई संपर्क, दूरभाष नम्बर जारी कर दिए जाए, जिससे जल भराव होने पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने ईओ नगर पालिका को व्यापार मंडल से बात करने के लिए कहा कि जिन भी व्यापारियों की दुकानें बेसमेंट में हैं विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक सामानों की, वे लोग अपने सामानों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर ले। उन्होंने कहा कि जल भराव वाले सम्भावित स्थानों पर लोग अपनी गाड़ियों को सुरक्षित स्थान पर रखे या फिर किसी चीज से गाडियों को बांध कर रखे। उन्होंने सम्भावित भारी वर्षा से होने वाले जल भराव से राहत कार्य हेतु एक वॉट्सएप ग्रुप बनाए जाने के निर्देश दिए, जिससे सभी सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी आपस में समन्वय बना सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर आर जगत साईं, उप जिलाधिकारी फतेहपुर राजेश विश्वकर्मा, सीओ सिटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय शुक्ला समेत अन्य अफसर रहे।

## सार-संक्षेप

### जन्म दिवस में शामिल होंगे स्वतंत्र देव सिंह

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को सन्त कबीर आध्यात्म संस्थान मूजापुर के पूज्य गुरुदेव के जन्म दिवस के अवसर पर शामिल होंगे एवं ब्लॉक मुख्यालय पर नवनिर्मित द्वार का उद्घाटन भी करेंगे। संत निष्ठा साहेब सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष महंत अलोकदास ने बताया कि ग्राम मूंजापुर स्थित सन्त कबीर अध्यात्म संस्थान विशाल नगर के सन्त पूज्य गुरुदेव निष्ठा साहेब के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमें सुबह 10 से 12 बजे तक सत्संग एवं प्रवचन इसके बाद 1 बजे से शाम 5 बजे तक भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी शामिल होंगे। श्री सिंह ब्लॉक मोड़ पर नवनिर्मित द्वार का उद्घाटन भी करेंगे।

### महिला ने एसडीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** दबंगों द्वारा घर और सहन के पानी की निकासी न होने देने से परेशान एक महिला ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत सतरही गांव निवासी लालमती पत्नी लाल बहादुर ने उप जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति बाहर रहकर परिवार के पालन पोषण के लिए मजदूरी करता है। वह घर में अकेली रहती है। विपक्षी हौसिला उनके दामाद रज्जू व पुत्री नीलम आए दिन घर व सहन की पानी की निकासी को लेकर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं और पानी नहीं निकलने देते। जब कभी बरसात का पानी बहकर चला जाता है, तो विपक्षी गालियां देते हुए लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम पर हुई चर्चा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैतगुट की मासिक बैठक हुई। जिसमें 15 सितंबर को रक्तदान एवं 6 अक्टूबर को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। सोमवार को विकास खंड सिरौलीगौसपुर परिसर में किसान नेता रामप्रताप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा 12 तारीख को रामनगर में चल रहे धरने पर सैकड़ो की संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित तहसील अध्यक्ष डॉ राम सजीवन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा, रामउदेस गुप्ता, जगजीवन प्रसाद, राम सिंह, सरोज कुमार, धर्मराज, नवमी लाल, बालक राम, रंजीत, रामपाल, राम बहादुर, सुरेश यादव, लक्ष्मी नारायण तिवारी, मोहम्मद जीशान, रामू गुप्ता और राजू रावत आदि लोग उपस्थित रहे ।

### 70 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित, बढ़ी परेशानी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बारिश के चलते हैदरगंज गांव के निकट 33 हजार केवी लाइन पर पेड़ की डाल गिर जाने के कारण कस्बा समेत 70 गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। देर रात तक विद्युत आपूर्ति चालू नहीं हो सकी थी। जिसके कारण उमस भरी गर्मी से लोगों को जूझना पड़ा। सोमवार की सुबह 11 बजे से शुरू हुई बूंदाबांदी व बारिश के चलते हैदरगंज के निकट 33 हजार की लाइन पर पेड़ की डाल टूटकर गिर गई। जिसके कारण कस्बा फतेहपुर, मिन नगर, रसूलपुर, इब्राहिमपुर, टांडा निजाम अली, इसरौली, बसारा, हसनपुर टांडा और पकरियापुर समेत 70 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। जिससे करीब डेढ़ लाख की आबादी प्रभावित रही। इस संबंध में एसडीओ शंभूनाथ ने बताया कि लाइन में फॉल्ट आने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। जिसपर कार्य किया जा रहा है।

### चोरों ने लाखों रुपये का अनाज किया पार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझार गांव के पूर्व प्रधान सोहन लाल के घर रखा लाखों रुपए का अनाज चोर चोरी कर चंपत हो गए। लोनीकटरा के मंझार गांव के पूर्व प्रधान सोहनलाल यादव के पुराने घर में रखा 27 बोरी गेहूं और 12 बोरी धान चोरी हो गया। सोहनलाल यादव ने बताया कि घर के बगल पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया गया है, लेकिन उसमें कुछ नहीं रिकार्ड है। थाना अध्यक्ष दौमित्र सेन रावत का कहना है कि जांच की जा रही है।

### ओवरब्रिज बनाने के लिए स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी रेलवे क्रसिंग गेट संख्या 177 बी पर ओवरब्रिज या अंडर बनने के लिए भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के जिलाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी ने अपने साथियों के साथ नारेबाजी की और स्टेशन अधीक्षक एके रायजादा को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। निहाल सिद्दीकी ने कहा कि बंकी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज या अंडरपास न बनने से नगर पंचायत बंकी समेत आसपास के सैकड़ों गांवों की लाखों की आबादी प्रभावित हो रही है। मंडल महामंत्री सुशील कुमार यादव ने कहा अवैधानिक तरीके से बाराबंकी कस्बा बंकी की रेलवे क्रॉसिंग गेट संख्या 177 बी के फाटक पर कंटीले तार लपेट दिए गए हैं। इस मौके पर विश्राम भारती, साबिर अली, मनीष यादव, साहिल दिलशाद, इंद्रनेश, अनिल यादव, श्याम कुमार, सोनू कुमार, हुकुम सिंह, ब्रिजेश यादव, सूरज कुमार, श्रीपाल प्रेम सागर, सुरेश चंद, रमेश चंद जोगी, लालराम लखन, सलमान, आकाश, शिवशंकर, रंजीत, तरुण कुमार, गुलशन देवी, दीन विनय साजीद आदि मौजूद रहे।


ओवरब्रिज की मांग को लेकर स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन।

# बिना पैसे और संसाधन कैसे पकड़े जाएं बंदर

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शासन के द्वारा बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई है। बगैर पैसे और बिना संसाधन के बंदरों को पकड़ना और आबादी से दूर जंगल में पहुंचाना कैसे संभव होगा? यह जानने की जहमत किसी अधिकारी ने नहीं उठायी। अब सवाल इस बात का उठता है कि ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों के पास आखिर कौन सी ऐसी जादुई छड़ी है, जिसके प्रयोग से बिना पैसे खर्च किए और संसाधन जुटाए बगैर बंदरों के आतंक से ग्रामीणों को छुटकारा दिलाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय बंदरों के आतंक से ग्रामीण हलकान हैं। ऐसा कोई ब्लाक क्षेत्र नहीं होगा जहां दर्जनों गांवों से बंदरों का आतंक न चल रहा

**▶▶ शासन ने ग्राम पंचायतों को सौंपी बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी**

हो। रामनगर क्षेत्र के गणेशपुर, बड़नपुर, सोहई, मीतपुर, गोबरहा, लोहटी, पसई एवं कस्बा रामनगर सहित दर्जनों गांवों में उत्पाती बंदरों का आतंक जबरदस्त चल रहा है। बंदरों के हमले से दर्जनों लोग काल के गाल में समा चुके हैं। तमाम लोग हाथ पैर तुड़वाकर बिस्तर पर पड़े जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व रेलवे क्रॉसिंग केसरीपुर के पास मोटरसाइकिल सवार युवक बंदर से टकराकर घायल हो गए थे। बंदरों का आतंक इस तरह चल रहा है कि महिलाओं और बच्चों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। गणेशपुर से मीतपुर होते हुए महादेवा जाने वाले मार्ग पर, लकड़ी मंडी से गणेशपुर मोड़ जाने वाले मार्ग, रामनगर से केसरीपुर होते हुए गणेशपुर जाने वाले मार्ग पर प्रतिदिन कई घंटे तक बंदरों का कब्जा रहता है। आवागमन बंद हो जाता है। दोनों तरफ लोग खड़े रहते हैं। साइकिल सवार और मोटरसाइकिल सवार की हिम्मत नहीं होती कि वह निकल सकें।

ग्रामीणों के द्वारा अनेकों बार इसकी लिखित शिकायत अधिकारियों से की गई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। पूरे प्रदेश से आईजीआरएस के माध्यम से लगातार बंदरों को पकड़ने की शिकायतें बढ़ीं और निस्तारण शून्य रहा। तो शासन में बैठे आला अफसरों ने बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी गांवों में ग्राम पंचायत को और कस्बे में नगर पंचायतों को सौंप दी। इसके लिए शासनादेश भी जारी कर दिया गया। अब सवाल इस बात का उठता है कि ग्राम पंचायतों के पास बंदरों को पकड़ने के लिए न तो संसाधन हैं और न ही इसके लिए कोई बजट का प्रावधान किया गया है। ग्राम पंचायत में मनरेगा हो अथवा राज्य वित्त, बिना वर्क आईडी जनरेट के कोई काम नहीं कराया जा सकता। न ही एक रुपया खर्च किया जा सकता है। मनरेगा गाइडलाइन में ऐसी व्यवस्था भी नहीं है। राज्य वित्त की किस्त जारी होने के साथ शासन के निर्देश जारी होते हैं कि यह धनराशि कहा खर्च करना है। शासनादेश जारी होने के बाद बंदरों के आतंक से परेशान लोग पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन समस्या हल नहीं हो पा रही। क्योंकि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव चाहते हुए भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं और यह समस्या दिन दूना रात्रि चौगुना की तर्ज पर बढ़ती जा रही।

# हुकुम सिंह ने गरीबों और वंचितों के लिए किया संघर्ष

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** हुकुम सिंह यादव गरीबों व वंचितों के मीहा थे। उन्होंने गरीब व वंचितों के अधिकार के लिए संघर्ष किया। यह बात सोमवार को सफदरगंज चौराहे पर आयोजित स्व. हुकुम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत नेता के भाई सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने कही। उन्होंने कहा बड़े भैया अपने उसूलों के पक्के थे। जनपद के विभिन्न स्थानों से सैकड़ो लोग दिवंगत नेता स्व. हुकुम सिंह यादव को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिव प्रकाश यादव, मुशर्रफ अली, जिला पंचायत सदस्य पंकज शर्मा, ओम चंद्र यादव, बबलू यादव, तरुण वर्मा, लल्ला यादव, रामदेव, लखपत रावत, रमापति यादव, रामदास, बृज किशोर, बृजेश रावत, रमाशंकर रावत, प्रधान विनय यादव, विवेक, वीरू, अरविंद, अमरजीत, मंशाराम और शिवकुमार आदि उपस्थित रहे।

**गणपति बप्पा मोरया** डीजे की धुन पर डांस के साथ उड़ा अंबीर-गुलाल, भारी संख्या में उमड़े भक्त, पुलिस की रही पैनी नजर

# अगले बरस फिर आने के आह्वान के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से जिला गूंज उठा। गणपति भक्तों ने भावुक माहौल में भी अंबीर गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन पर प्रतिमा का विसर्जन किया। जिले में विसर्जन का सिलसिला पुलिस सुरक्षा के बीच दोपहर से शाम तक होता रहा। अधिकतर विसर्जन सरयू नदी व कल्याणी नदी में हुए। कई स्थानों पर सांस्कृतिक आयोजनों के साथ ही भंडारा भी हुआ।

**सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि** के अनुसार सात दिवसीय गणेशोत्सव का समापन सोमवार को मूर्ति


रसूलपुर गांव से धूमधाम से निकलती श्रीगणेश विसर्जन यात्रा। अमृत विचार

विसर्जन के साथ हुआ। रसूलपुर गांव से श्रीगणेश की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालुओं ने खूब गुलाल उड़ाया। इससे पहले विधि-विधान से गणेश प्रतिमा को स्थापित किया गया था। सात दिवसीय रामकथा व अंतिम दिन जागरण संग भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को गजानन महाराज की प्रतिमा के विसर्जन के लिए तमाम श्रद्धालु एकत्र हुए। **दरियाबाद प्रतिनिधि** के अनुसार क्षेत्र में कुल सात स्थानों पर गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। सोमवार को गणपति की विदाई का दिन भी आ गया। हिंदू नव युवा समिति द्वारा मथुरानगर में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम


कल्याणी नदी में विसर्जन के लिए गणेश प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

से किया गया। समिति के अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव की अगुवाई में सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में डीजे की धुन पर डांस करते युवक प्रतिमा को विसर्जन के लिए कल्याणी नदी ले गए। यहां पर जयकारों की गूंज के बीच धूमधाम से विसर्जन किया गया। फतेहपुर कस्बे के विभिन्न मंदिरों में गणेश महोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कस्बे के ब्रह्माणी टोला स्थित यशोदा मंदिर में भक्तों द्वारा भगवान गणेश का पुष्पों से श्रृंगार किया गया। वही संतोषी माता मंदिर में स्थापित भगवान गणेश प्रतिमा को मनमोहक ढंग से सजाया गया। मेवे का भाग भगवान को अर्पित किया। इसके बाद जोशी टोला में सिद्धिविनायक भगवान श्री गणेश की झांकियां बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गईं। देर रात भक्तों द्वारा भगवान का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को गणेश प्रतिमा विसर्जित की गई

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पणः किं करिष्यति॥

जिस व्यक्ति के पास स्वयं का विवेक नहीं है। शास्त्र उसका क्या करेगा? जैसे नेत्रहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है।

संपादकीय

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे मजबूत हो रही है, सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। इस पहल के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने व निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रक्षा खरीद प्रक्रिया को 2016 में संशोधित किया गया, जिसमें घरेलू रक्षा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट प्रावधान पेश किए गए। रक्षा खरीद नीति ने आयात पर निर्भरता की चिंताओं को देखते हुए स्वदेशी विनिर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एएल-31 एफपी एयरो इंजन खरीदने हेतु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इंजनों का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा। एचएएल, बीईएल, बीडीएल, आईओएल, एमडीएल, जीएसएल, जीआरएसई और हिंदुस्तान एचएसएल रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हैं।

सरकार ने देश में आर्थिक विकास और रक्षा औद्योगिक आधार के विकास के इंजन के रूप में काम करने के लिए दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये गलियारे तमिलनाडु में चेन्नई, होसुर, कोयंबटूर, सलेम और तिरुचिरापल्ली तथा उत्तर प्रदेश में अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर और लखनऊ तक फैले हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' संकल्प के लिए विस्तृत पैमाने पर किए गए प्रयासों से रक्षा वस्तुओं के देश में ही निर्माण होने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में ही हथियार से लेकर लड़ाकू विमान तक बनाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि हम एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो हमें आधुनिक हथियारों और उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता होगी। बीते एक दशक में रक्षा क्षेत्र में भारत का निर्यात 25 गुना बढ़ चुका है। कहा जा सकता है भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की सीढ़ी पर लगातार आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है भारत का रक्षा क्षेत्र में पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2025 तक 29 फीसदी और वित्त वर्ष 2030 तक 37 फीसदी बढ़ जाएगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भरोसे 2047 तक ग्लोबल पावर बनेगा।

# लद्दाख की दिल्ली दस्तक को समझना जरूरी



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बीच दूसरे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सियासी और सामाजिक गतिविधियों पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं है। जम्मू-कश्मीर की अवाम को अगर चुनाव के बाद राज्य का दर्जा वापस होने की उम्मीद है तो लद्दाख के लोगों में भी इसकी ललक है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 हटाने के साथ ही लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया गया, लेकिन विधानसभा खत्म कर दी। उनके चार सदस्य विधानसभा के लिए चुने जाते थे। यही नहीं, सरकार में एक मंत्री पद भी मिल ही जाता था।

सामरिक महत्व वाले लद्दाख के लोग चार साल से बीच-बीच में आंदोलन करते रहे हैं। अब उन्होंने 1 सितंबर से दिल्ली के लिए यात्रा शुरू कर दी है। यात्रा 2 अक्तूबर को दिल्ली पहुंचेगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्तूबर को आएंगे और इससे पता चल जाएगा कि अनुच्छेद-370 खत्म करने और पूर्ण राज्य के लिए केंद्र सरकार का आश्वासन जमीनी स्तर पर कितना कारगर रहा है। देश का मस्तक माने जाने वाले लद्दाख में फिलहाल लेह और कारगिल जिले हैं। लेह अपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) से जुड़े लोग नवंबर 2022 में अपनी मांगें मनवाने के लिए, दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले लद्दाख में 66 दिन धरना चला था। चुनाव परिणाम में इसका गुस्सा दिखा और निर्दलीय मोहम्मद हनीफा जीत गए। भाजपा प्रत्याशी तासी ग्यालसन तीसरे स्थान पर रहे। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता शिक्षा-पर्यावरणविद सोनम वांगचुक आंदोलन के बड़े चेहरे हैं।

लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी, जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की




लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी, जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है।

रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है। याद रखना होगा। लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं।

तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे लद्दाख के हर वर्ग के लोग शिद्दत से चाहते हैं कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। मांग है कि जब तक संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाने से लद्दाख के लोग खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में नहीं समझ पाए कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है।

दूसरी ओर आंदोलन शुरू होने के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकुला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जानी है। जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनाव के बीच केंद्र ने लद्दाख में जांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग को नया जिला बनाने की घोषणा की है। लेह और कारगिल के अलावा जांस्कर और नुबरा विधानसभा सीटें थीं। कारगिल के सांकू और शकर चिक्तन को भी जिला बनाने की मांग तेज हो गई है। अपराध मुक्त लद्दाख की अर्थव्यवस्था का बुनियादी आधार पर्यटन है। चीन से सटे अरुणाचल प्रदेश को 1987 में राज्य बनाया गया था। 1972 में यह केंद्र शासित प्रदेश और इससे पहले असम का हिस्सा था। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग की जा रही है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। इस समय लद्दाख की अनुमानित जनसंख्या 3.02 लाख है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

लद्दाखवासी अपनी मांगें मनवाने के लिए जिस तरह से आंदोलित हैं, उससे लगता है कि भविष्य में कठोर फैसले ले सकते हैं। अनदेखी केंद्र की कठिनाई बढ़ा सकती है। लद्दाख के लोगों ने धर्मगुरुओं के मार्गदर्शन में कश्मीरी अलगाववादियों को ही दरकिनार नहीं किया, पाकिस्तान और चीन के मंसूबे नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों के कंधे से कंधे मिलाया। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को राज्य बहाली की जितनी बेचैनी है, लद्दाख के बाशिंदे उससे भी अधिक फिक्रमंद हैं। इस संदर्भ में पूर्व में सोनम वांगचुक ने एक उल्लेखनीय बयान दिया था। कहा था कि यहां (लद्दाख) क्या हो रहा है, क्या वही, जो चीन तिब्बत में कर रहा है। सवाल उठे कि यह अंतर्राष्ट्रीय साजिश है। कहा गया कि अलग राज्य बौद्धों के लिए गुलामी का सबब बनेगा। जम्मू विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रो. हरिओम ने 'बुद्धिस्ट प्लेयिंग विद फायरः पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ लद्दाख पोस्ट अगस्त 2019' में भी केंद्र शासित प्रदेश की आवश्यकता और अनिवार्यता बताई है। पूर्ण राज्य के विरोधी क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए स्वायत्तशासी पर्वतीय परिषद के सशक्तीकरण पर जोर देते हैं। स्वायत्तशासी परिषदें लेह और कारगिल जिलों में अस्तित्व में ही नहीं, सक्रिय भी हैं।

प्रसंगवश

## हिन्दी-उर्दू और अंग्रेजी

अंग्रेजी को अंग्रेज लेकर आए और पूरे देश (पढ़ने-लिखने वाले लोगों) में फैला दिया, लेकिन अंग्रेजी देश के किसी भी हिस्से में सामान्य जन तक नहीं पहुंच पाई। वह शासकों की और भद्रजन की ही भाषा बनी रही। हिंदी खड़ी बोली का परिष्कृत रूप है, जो मुसलमानों के आगमन के साथ, उन्हीं के कारण उत्तर-मध्य भारत और भौगोलिक रूप से इस भूभाग से विच्छिन्न हैदराबाद दकन के एक बड़े इलाके में फैल गई।

इसके पहले विद्वानों के लिए संस्कृत और सामान्य जन के लिए अपभ्रंश थी, जो प्राकृत की अंतिम और हिंदी की पहली अवस्था थी। अलग-अलग जगहों पर प्राकृत के अलग-अलग रूप थे। प्राकृत के एक क्षेत्र विशेष के रूप को पालि कहते थे। तब तक पालि-प्राकृत की तरह अपभ्रंश में भी साहित्य लिखा जाने लगा था, जिससे उसका एक मानक रूप बन रहा था। हिन्दी के विकास और विस्तार में मुसलमानों का योगदान उनके राज्य विस्तार के कारण हुआ। उन्होंने दिल्ली-मेरठ के आसपास एक छोटे से इलाके में बोली जाने वाली प्राकृत के अंतिम रूप (अक्खड़-सी खड़ी बोली) को उठाया, उसे मांजा और उसमें अरबी, फारसी, तुर्की की संज्ञाएं फेंट दीं। इस तरह उसका एक शहरी, मानक रूप बन गया। उसे उन्होंने अपने शासनकाल में न केवल आज की विशाल हिंदी पट्टी में, बल्कि इस पट्टी से दूर और इससे असंपृक्त हैदराबाद दकन के एक बड़े भूक्षेत्र में जन-जन तक फैला दिया।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मुसलमान शासक न होते तो खड़ी बोली के मानक रूप हिंदी का निर्माण और विस्तार न होता। स्वतंत्र भारत में एक वृहत् राजभाषा विभाग है और केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों तथा केंद्र के उपक्रमों में उसके कार्यालय और वेतनभोगी अधिकारियों की एक बड़ी फौज है। किंतु यह विभाग हिंदी को किसी ऐसे क्षेत्र के सामान्य-जन तक नहीं ले जा पाया, जहां वह मुस्लिम शासन काल में पहले से ही नहीं पहुंच गई थी। खुसरो के वक्त तक इस हिंदी का वह रूप स्थिर हो चुका था, जो आज तक कायम है। रहीम, रसखान वगैरह हिंदी के ही बड़े कद के रचनाकार थे। अवधी में लिखने वाले जायसी को फिलहाल छोड़ देते हैं। उर्दू का तब कहीं नामोनिशान नहीं था। यह तो 1780 के बाद फारसी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी में अरबी-फारसी की अतिरिक्त संज्ञाओं को कृत्रिम ढंग से घुसेड़कर एक नया नाम दे दिया गया-उर्दू। उर्दू वह बोली थी, जो मुसलमान सैनिक स्थानीय लोगों से काम चलाऊ संवाद के लिए इस्तेमाल करते थे। यानी खड़ी बोली। कालांतर में उसी का परिष्कृत रूप वह जबान बनी, जो दिल्ली किले की बेगमें बोलती थीं। तो उर्दू ए मुअल्ला का शाब्दिक अर्थ जो भी हो, व्यावहारिक अर्थ हुआ किले की बेगमों की जबान, जिसमें एक तहजीब थी, एक नफासत थी। 1780 के बाद मुअल्ला का पुछल्ला हटाकर किले की बेगमों की इसी जबान को उर्दू कहने लगे। इसी का प्रयोग मुस्लिम भद्रजन और उनके संपर्क में रहने वाले हिंदू भद्रजन आपसी बोलचाल में, साहित्य लेखन में और अपने अधीन बचे रह गए प्रशासन में भी करने लगे।

यह वह समय था जब अंग्रेजी राज्य के विस्तार के साथ मुस्लिम शासक वर्ग के भद्रजनों में ह्रासोन्मुख असुरक्षा का भाव और पहचान का संकट खड़ा हो गया था। सामान्य जन से पृथक, अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखने के लिए उन्होंने भाषा का एक भुरभुरा सहारा लिया और हिंदी का एक ऐसा रूप विकसित किया, जिसमें अरबी-फारसी की संज्ञाएं अधिक मात्रा में थीं और जिसे फारसी लिपि में लिखा जाता था।

कैसी विडंबना है कि कुछ ज्ञानी लोग आज मुसलमानों द्वारा संजोई और फैलाई गई हिंदी को हिंदुओं की और उसी की फारसी लिपि में लिखी जाने वाली एक शैली 'उर्दू' को मुसलमानों की भाषा मानते हैं। वह शैली क्या है? उसमें अरबी, फारसी की संज्ञाएं कुछ अधिक मात्रा में हैं। ये संज्ञाएं तो हिंदी में भी हैं और खूब हैं। इस कदर कि कोई आमफहम हिंदी बोलता है तो उर्दू वाले उसे उर्दू समझते हैं। जैसे कोई आमफहम उर्दू बोलता है तो हिंदी वाले उसे हिंदी समझते हैं। रहस्य यह है कि दोनों शैलियों में सारी की सारी क्रियाएं एक ही हैं। और बिना क्रिया भिन्न हुए कोई भी भाषा भिन्न नहीं हो सकती। आप कार्यालय जा सकते हैं, दफ्तर जा सकते हैं, ऑफिस भी जा सकते हैं, लेकिन कार्यालय और दफ्तर गो नहीं कर सकते। वह कोई भाषा नहीं होगी। 'आई गो टु माय दफ्तर/कार्यालय' अंग्रेजी हैं, इसलिए कि इसमें क्रियापद गो अंग्रेजी है। जैसे ही आप ऑफिस या दफ्तर या कार्यालय "जाएंगे" कहेंगे, वह भाषा हिंदी/उर्दू हो जाएगी।

# आपदाओं से लेना होगा सबक



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हमें एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि हम भविष्य में प्रकृति के प्रकोप से बच पाएं।

भारत के अनेक राज्य हाल ही में गंभीर प्राकृतिक आपदाओं की गिरफ्त में जकड़े रहे। आपदाओं का यह कहर अभी रुका नहीं है, बल्कि हर दूसरे या तीसरे दिन इन आपदाओं से होने वाली क्षतियों की खबरें मिलती रहती हैं। प्रमुख राज्यों पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो केरल के वायनाड जिले में हुए जबरदस्त भूस्खलन से सैकड़ों लोग काल के गाल में समा गए। न जाने कितने पेड़ उखड़ गए, कितने मकान और वाहन बह गए और कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं।

हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में बादल फटने से जिस स्तर तक तबाही मची उसका अंदाजा लगा पाना भी नितांत मुश्किल है। खास बात यह है कि इन राज्यों में क्लाउडबर्स्ट की भयावह घटना एक बार ही नहीं, बल्कि अनेक बार घटित हुई, लिहाजा इससे होने वाला नुकसान भी एक बार में नहीं कई किस्तों में हुआ। बादल फटने की घटना जम्मू कश्मीर में भी घटित हुई। आपदाओं की इस श्रृंखला ने न जाने कितनी सड़कों, पुलों, पेड़-पौधों, इमारतों और कितनी जिंदगियों को लील लिया। प्रकृति का बढ़ता प्रकोप हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है, किंतु यह भी समझने की जरूरत है कि प्रकृति इतना भीषण कहर बेवजह नहीं बरपाती। प्रकृति हमें अपने अभिशाप के दायरे में तभी लेती है जब हम अहंकारवश अपनी सीमाएं लांघकर प्रकृति की शक्ति को चुनौती देने पर उतारू हो जाते हैं।

भारत के विभिन्न राज्यों में इन त्रासदियों का जिम्मेदार आखिरकार कौन है? कटुसत्य यही है कि इन सभी दुर्घटनाओं की नींव निर्मित करने में हमारा स्वार्थ, हमारी अतिमहत्वाकांक्षाएं एवं हमारी अंधी दौड़ शामिल है। प्रकृति ने ऐसी व्यवस्था कदापि नहीं बनाई थी कि किसी स्थान पर पलक झपकते ही सामान्य से पांच सौ प्रतिशत ज्यादा बारिश हो जाए। ये सभी असामान्य घटनाएं हमारे ही द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से तैयार की गई हैं। आज हम विकास पर केंद्रित हैं और विकास के पीछे पागलों की तरह दौड़े चले जा रहे हैं, लेकिन हम यह भूल रहे हैं कि जिन गतिविधियों को हम विकास की संज्ञा देते हैं, वे तो वस्तुतः विनाश की नींव पर आधारित हैं या कह सकते हैं कि विनाश का ही दूसरा रूप हैं। आज हमारे द्वारा विकास के जिस मॉडल को अपनाया जा रहा है, उसके अंतर्गत आने वाली गतिविधियों से पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ता जा रहा है।

हमको समझना होगा कि कोई भी आपदा अचानक नहीं आती है। उसके उद्भव में एक लंबे समय तक सक्रिय रहे विभिन्न कारकों का योगदान होता है। ये कारक प्राकृतिक भी होते हैं एवं मानवजनित भी, किंतु बादल फटना एवं भूस्खलन जैसी आपदाओं के पीछे अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं। विकास की दौड़ में मनुष्य ने उन सभी कृत्यों को अंजाम दिया, जिनकी वजह से वैश्विक तापमान में लगातार इजाफा होता गया और नतीजा यह है कि अतिशय वाष्पोत्सर्जन एवं उच्च तापमान की वजह से बादलों के लिए स्वयं को रोक पाना भी मुश्किल हो गया है। नतीजतन वे अनुकूल परिस्थितियां पाकर फट पड़ते हैं और भयंकर तबाही मचा देते हैं। पर्वतों पर विकास के नाम पर अनगिनत पेड़-पौधे एवं जंगल काट दिए गए, किंतु इस कटान से पहाड़ पर क्या असर पड़ेगा, शायद हमने इस पर विचार नहीं किया। पेड़ों के काटने से पहाड़ों की मिट्टी जिस शक्ति के साथ बंधी हुई थी, वह शिथिल पड़ चुकी है और नतीजा यह है कि पहाड़ों पर भूस्खलन की घटनाएं आरंभ हो चुकी हैं। पहाड़ों की मिट्टी को स्वयं प्रकृति ने ही वृक्षों का रूप लेकर बांधकर रखा है, लेकिन हम यह बात नहीं समझते और वृक्षों का अंधाधुंध कटान कर देते हैं। बदले में हमें प्रकृति के प्रकोप का भागी बनना पड़ता है।

हाल ही में ब्रिटिश कंपनी क्लाइमेट एक्स के शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, आने वाले दो दशकों में दुनिया के 50 विरासत स्थल खो जाएंगे, जिनमें से पांच भारत के हैं। भारत के इन स्थलों में सिक्किम का कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान, उड़ीसा का कोणार्क सूर्य मंदिर, राजस्थान का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम बंगाल का सुंदर वन राष्ट्रीय उद्यान और गोवा का चर्च एवं कॉन्वेंट शामिल है। शोध के अनुसार इन धरोहरों के विलुप्त होने की वजह जलवायु परिवर्तन से जनित भूस्खलन, बाढ़, तूफान एवं भीषण गर्मी जैसी आपदाओं को बताया गया है।

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हम एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि हम भविष्य में प्रकृति के गंभीरतम प्रकोप से बच पाएं। यह प्रकृति का बदलता रुख ही है कि बारिश जैसी सामान्य एवं प्राकृतिक घटना आज हमारे लिए आफत का रूप बन चुकी है। यदि हमें अपने अस्तित्व को बचाना है तो हमें प्रकृति के अनुकूल रहना होगा।

सोशल फोरम

## कैसे हुई काले धन की शुरुआत

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू मानव में देवत्व देखने के आदी थे। वह उनके साथ के नेतागण, अर्थशास्त्री, बुद्धिजीवी सभी यह मानते थे कि भारतीय मनुष्य देवता हैं और अपने स्वार्थ की परवाह किए बिना देश के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देंगे। इस विश्वास का सबूत उन्होंने आयकर की दरों में दिया।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1960 तक शीर्ष धनियों और उद्योगपतियों की आमद पर आयकर की दर लगभग 88 प्रतिशत (प्रभावतः 97 प्रतिशत) थी यानी बहुत धनी लोग इतने देशभक्त माने गए थे कि अपने अर्जित 100 रुपये में 97 रुपये सरकार को देंगे और केवल 3 रुपये अपने पास रखेंगे। अहा, नेहरू जी से बड़ा समाजवादी और आदर्श नेता और कौन हो सकता है? यह देव-मानवतावादी सिलसिला 1973 तक चला। 1973-74 के बाद शिखर पर के धनियों की आय पर कर की दर प्रभावतः 77 प्रतिशत थी। मतलब कि शिखर के धनाढ्य लोग 100 में 23 रुपये अपने पास रखेंगे और 77 रुपये सरकार को दे देंगे। अहा, क्या गुलाबी दृष्टिकोण था। वर्ष 1985-87 में वीपी सिंह ने आयकर के चार स्लैब बनाए और शीर्ष स्लैब पर आयकर की दर को अधिकतम 50 प्रतिशत कर दिया। मानव को देवत्व से उतारकर मानव समझने की कोशिश शुरू हुई। सांस्कृतिक रूप से यह मानवीकरण मात्र पतन ही था।

यह माना गया कि आयकर की दर बहुत ज्यादा होने की वज़ह से टैक्स की चोरी होती है। यह दुखद है कि हमारे धनाढ्यों और उद्योगपतियों को देवदूत न समझकर 'कर-चोर' समझा गया, जो महामना पूंजीपति गांधीजी की बकरी तक को एयरकंडीशंड कमरे में रखने की उदारता दिखा सकते थे, उन्हें स्वार्थी, लोलुप, चरित्रहीन और दौलत का पुजारी कहा गया। यह भयंकर वैचारिक पतन था। धनाढ्यों के चरित्र पर शंका एक हृदयविदारक घटना थी। हाय, उन्हें स्वार्थी समझा गया। मनमोहन सिंह (1991-96) ने मानव को और नीचे गिराया और उन्हें स्वार्थी समझकर आयकर के मात्र तीन स्लैब बना दिए। आयकर की अधिकतम दर 40 प्रतिशत कर दी गई। पी. चिदंबरम और नीचे गिर गए। उन्होंने 1997-98 में आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत कर दी। अब तक हम और अधिक नीचे नहीं गए हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारतेंदु हिंदू राष्ट्रवादी थे



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारतेंदु 19वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'।

भारतेंदु हिंदू थे। वे वैष्णव थे, राधा-कृष्ण की युगल मूर्ति के उपासक थे, पर वे यह भी कहते थे, 'हिंदुओं का शास्त्र पंसारी की दुकान है'। उन्होंने धार्मिक पाखंड की आलोचना की, 'हिंदू चूरन इसका नाम, विलायत पूरन इसका काम।' वे ईश्वर चंद्र विद्यासागर के मित्र थे और विधवा पुनर्विवाह के समर्थक थे। वे जाति प्रथा के विरोधी थे, 'वैष्णव में हम जाति बुद्धि नहीं करेंगे।' वे विक्टोरिया की जय बोलने की रणनीति के साथ उसी कविता में यह भी कह सकते थे, 'ऐसो न चाहिए आपुके राज, प्रजा जन ज्यों मछरी बिनु पानी'।

वे 19 वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'। वे बलिया वाले भाषण में हिंदू-मुस्लिम एकता की बात कहते हैं। 'इतिहास की बात' लेख में अकबर के राज्य की प्रशंसा करते हैं। भारतेंदु के साहित्य में ऐसे विचार ज्यादा हैं, जो 19 वीं सदी के नवजागरण, उदारवाद और समावेशी भारतीय राष्ट्रीयता को ध्वनित करते हैं, लेकिन पिछली सदी के 80 और 90 के दशक में अंग्रेजी परस्त एलीट समाजवैज्ञानिकों का एक ऐसा दल उभरा, जो भारतेंदु को हिंदू राष्ट्रवादी कहने लगा। उनमें पहला नाम सुधीर चंद्र है और दूसरा वसुधा डालमिया। हिंदी में भी कुछ लेखक इसी प्रभाव में भारतेंदु को खारिज करने पर तुले हुए थे। सुधीरचंद्र की भारतेंदु की अधपढ़ता पर आधारित अधकचरी स्थापना का जवाब देने के लिए ही मैंने 1986 में 'भारतेंदु और भारतीय नवजागरण' पर एक संपादित पुस्तक निकाली, जिसमें चंद्रबली सिंह से लेकर शिव कुमार मिश्र और कुंवरपाल सिंह के भिन्न कोण से लेख थे और मेरे भी विचार थे।

वसुधा डालमिया ने तो भारतेंदु को 'हिंदू परंपराओं के राष्ट्रीयकरण' के अभियान में संकुचित कर दिया। उन्होंने अपनी पुस्तक के कवर पर भारतेंदु का जो चित्र दिया, उसमें भारतेंदु अपनी प्रेमिका मल्लिका को गोद में लेकर बैठे हुए हैं। निश्चित रूप से पुस्तक के कवर पर ऐसा चित्र देने का उद्देश्य भारतेंदु को गौरव प्रदान करना नहीं था। इस तरह वे स्त्री को भी किस संकुचित नजरिए से देख रही थीं, कहना न होगा। भारतेंदु पर आक्रमण का यह सिलसिला प्रसाद और निराला तक जारी था, मानों वे सभी निरर्थक हैं और हिंदी के महान साहित्यकार अब जाकर इन आक्रमणकारियों के रूप में धरती पर अवतरित हुए हों।

मुख्य बात है, बीसवीं सदी के आखिरी दशक में भारत की समावेशी साहित्यिक परंपराओं का अंधकार अपने चरम पर था और देश की सांप्रदायिक शक्तियों को बढ़ाने में ऐसे अंधबुद्धिवादियों के लेखन का एक प्रमुख योगदान है। इन्होंने एक बड़े मानवीय और सेकुलर आंदोलन को एकदम कोने में कर दिया और खुद भी अकेले तथा विच्छिन हो गए।

आज पिछली गलतियों से सीखकर अंधबुद्धिवाद को त्यागने और समावेशी आलोचनात्मकता को अपनाने की जरूरत है। 19 वीं सदी ने हमें 'क्रिटिकल थिंकिंग' के लिए फिर से प्रेरित किया, हमें इतना तो उसका आभार मानना ही चाहिए।

## बैंक जमाराशियों में गिरावट चिंतनीय

देश के प्रमुख वित्तीय अखबारों ने सार्वजनिक बैंकों में जमा राशियों में वृद्धि की गिरावट की खबर को प्रमुखता से छापा है। फिक्की आईबीए बैंकिंग सम्मेलन में भारतीय बैंक संघ के के अध्यक्ष श्री एमवी राव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि म्युचल फंड उच्च रिटर्न प्रदान कर रहे हैं, क्योंकि वो बैंकों के समान विनियामक प्रतिबंधों के अधीन नहीं है। इससे निवेशकों की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है, जिससे बैंकों के लिए जमा जुटाने में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखना मुश्किल हो गया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

23 अगस्त की समाप्त समीक्षाधीन पखवाड़े में सभी अनुसूचित बैंकों की जमा वृद्धि में गिरावट देखी गई है। बैंकिंग एक विशेष व्यवसाय होने से स्थाई ग्राहक संबंध से पनपता है। खासकर उस मद में जहां ग्राहक अपने जीवनभर की कमाई किसी भरोसे पर छोड़ देता हो, जमाकर्ताओं के बीच आमने-सामने की बातचीत की आवश्यकता होती है, जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से फेसलेस होकर नहीं हो सकती। आमतौर पर जमा डेस्क पर अधिकांशतः क्लर्क होते हैं, जो सीधे संवाद स्थापित करते हैं। इनकी संख्या कम होने से जमा संग्रहण में और संबद्ध सेवाओं में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

एक और प्रमुख कारण जो लो कास्ट जमाओं को लेकर बताया गया है कि 2011 से बचत खातों में विनियमन होने से अलग-अलगबैंकों की बचत खातों की ब्याज दरें अलग-अलग है। इस विनियमन को वापस लेने और भारतीय रिजर्व बैंक को दर तय करने की जरूरत है। बचत खातों पर जुर्माना, खासकर न्यूनतम शेष राशि के नियम का पालन न करने के कारण होता है। वो ग्राहक को अनुशासित करने की बजाय बैंकों में गैर ब्याज आय बढ़ाने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है, उसे भी कम करने की जरूरत है। इस गिरावट पर इंडियन बैंक एसोसिएशन और भारतीय रिजर्व बैंक को ध्यान देने और तुरंत ठोस उपाय करने की जरूरत है।

## एक नजर

### 647 युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आज देंगे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में 647 युवाओं को वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक पद पर नियुक्ति पत्र देंगे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निकाली गई भर्ती में मानचित्रकार पद पर 37 और वन रक्षक/वन्य जीव रक्षक पद पर 534 युवाओं की नियुक्ति की गई है। इसी पद पर 10 सितंबर को 647 अन्य युवाओं को भी नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, यानी वन रक्षक और वन्य जीव रक्षक के पद पर कुल 1181 युवाओं की भर्ती हो जाएगी। क्षेत्रीय वन अधिकारी के पद पर 217 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

### गोवंशों को पहनाई जाएगी रेडियम युक्त पट्टिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुपालकों एवं किसानों के गोवंश मुख्य मार्ग पर नहीं घूम सकेंगे। राष्ट्रीय राज्यमार्ग व अन्य राज्यमार्गों के समीपवर्ती ग्रामों में पशुपालकों एवं किसानों के गोवंश को रेडियमयुक्त पट्टी डाली जायेगी। पशुधन विकास मंत्री सोमवार को विधान भवन स्थित कार्यालय में गौ आश्रय स्थलों की मौजूद स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य मार्गो पर छुट्टा जानवरों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को आवश्यक एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

# पुलिस ने साढ़े सात वर्षों में ढेर किए यादवों से ज्यादा ब्राह्मण अपराधी

## मुख्यालय से जारी हुए एनकाउंटर के आंकड़े हो रहे वायरल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**207** अपराधियों का किया गया साढ़े सात वर्ष में एनकाउंटर

**67** मुस्लिम अपराधी बने पुलिस का निशाना

**140** हिंदू अपराधियों को पुलिस ने किया ढेर

**08** अपराधी ओबीसी वर्ग के मारे गए

**16** यादव जाति के अपराधियों का पुलिस ने किया एनकाउंटर

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर डकैती कांड में सहअभियुक्त मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद प्रदेश में मचा सियासी बवाल उस समय थम गया, जब पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी एनकाउंटर के जातीय और धार्मिक आंकड़े सोशल मीडिया में वायरल होने लगे। आंकड़ों में सामने आया कि एनकाउंटर में यादवों से अधिक क्षत्रिय अपराधी ढेर हुए और मुस्लिमों से तीन गुना अधिक हिंदू अपराधियों का एनकाउंटर किया गया। यही नहीं एससी के सापेक्ष सवर्ण अपराधियों पर अधिक कार्रवाई की गई है।

बता दें कि मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसटीएफ पर जाति देखकर एनकाउंटर करने का आरोप लगाया था। इस दौरान उन्होंने इसे सियासी मुद्दा बनाने की भी कोशिश करते हुए एक्स पर लगातार दो-दो पोस्ट भी किए थे। उधर, इस मुद्दे को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी प्रदेश सरकार को घेरा था। अभी इस मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल ही रहा था कि पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आंकड़ा वायरल होने लगा। हालांकि आंकड़ा जारी करने वाले अधिकारियों ने स्वयं बयान नहीं दिया। मुख्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2017 से मंगेश यादव के एनकाउंटर तक कुल 207 अपराधियों को ढेर किया गया। इन अपराधियों में मुस्लिम अपराधियों की संख्या मात्र 67 है। जबकि हिंदू अपराधियों की संख्या 140 है। यही नहीं अगर हिंदू अपराधियों में जातीय आधार पर अवलोकन किया जाए तो सर्वाधिक संख्या ब्राम्हण अपराधियों की है। यानी 20 ब्राम्हण अपराधी ढेर किए गए। इसके बाद 18 क्षत्रिय अपराधी ढेर किए गए। 17 जाट-गुर्जर अपराधी ढेर हुए जबकि यादव अपराधी जो कि सर्वाधिक चर्चा के विषय हैं उनकी संख्या 16 है। यानी क्षत्रिय अपराधियों से दो कम हैं। दलित अपराधियों की संख्या 14, एसटी अपराधी 03, सिख 02 हैं अन्य ओबीसी 08 हैं जबकि अन्य जातियों के 42 अपराधी मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

### गोलियों का सामना भी करती है पुलिसः डीजीपी

सोमवार को महानगर स्थित एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस गोलियों का सामना भी करती है। किसी एक जाति अथवा धर्म विशेष को लक्ष्य करना पुलिस का कार्य नहीं है, बल्कि अपराध देखकर पुलिस कार्रवाई करती है।

## मंगेश मुठभेड़ सुनियोजित हत्या : अजय राय


मंगेश के परिजन को ढांढस बंधाते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष।

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी मंगेश यादव का मुठभेड़ में मारा जाना एक सुनिश्चित हत्या है, इस मामले में हाईकोर्ट के सेवारत न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराई जाए। उन्होंने सोमवार को जौनपुर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि सारी परिस्थितियां मुठभेड़ के फर्जी होने की ओर इशारा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि घटना के मुख्य आरोपी विनय सिंह को एसटीएफ और पुलिस की नाक की नीचे से न्यायालय में आत्मसमर्पण कराया गया और बाकी आरोपियों को भी पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया गया। इससे एक बात और चर्चा में है कि कहीं मंगेश का मुठभेड़ उसके पिछड़े वर्ग से होने की वजह से तो नहीं किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक नदीम जावेद, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, प्रदेश महासचिव प्रभारी संगठन अनिल यादव भी मौजूद रहे।

### उठे सवाल

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए का कि जो व्यक्ति इतने संगीन अपराध में लिप्त होगा, क्या वह बेखबर अपने घर पर सोयेगा? पुलिस दो सितंबर की देर रात मंगेश यादव को उसके घर से पुलिस उठाती है और दो दिन बाद का मुठभेड़ दिखाती है। मंगेश के परिजनों के इस बयान के बाद पूरी पुलिसिया कहानी फेल हो गई है। लूट का अब तक केवल 10 प्रतिशत माल ही बरामद हुआ है, सवाल ये है कि बाकी माल कहां है?

## सपा और भाजपा चोर-चोर मौसेरे भाई : मायावती


मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने सुल्तानपुर मुठभेड़ पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा व सपा 'चोर-चोर मौसेरे भाई' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि घटना के बाद से सपा व भाजपा के जरिये एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह ही सपा सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। अनुसूचित वर्ग, अन्य पिछड़े वर्ग गरीबों, व्यापारियों आदि को सपा के गुंडे-माफिया दिन-दहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वास्तव में कानून का राज बसपा सरकार के कार्यकाल में था। कोई फर्जी मुठभेड़ भी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा व सपा के कानूनी राज के नाटक से सभी सजग रहें।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से शिकायत, जांच की मांग उठाई

**बदायूं :** मंगेश यादव के पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत सिंह यादव ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजी है। शिकायत में उन्होंने कहा कि पुलिस मंगेश यादव को उसके गांव अगरौरा से 2 सितंबर को देर रात पकड़ कर ले गई थी। इसकी गवाही उसकी बहन प्रिंसी यादव और मां ने दी है। यूपीएसटीएफ ने 5 सितम्बर को सुबह 5 बजे मिश्रपुर पुरैना के पास उसके मुठभेड़ करने की बात कही है जबकि मंगेश यादव 2 सितंबर से ही पुलिस कस्टडी में था। उन्होनें शिकायत में फर्जी एनकाउंटर करने वाले एसटीएफ सीओ डीके शाही और पूरी टीम पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। शिकायत में आयोग से योगी सरकार में 2017 से अब तक पुलिस मुठभेड़ में हुई सभी मौतों की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। आयोग यह जांच करे कि पुलिस मुठभेड़ के मामलों में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन हुआ या नहीं।

# सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में पैरवी पर सीधे नजर रखेगा न्याय विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **प्रमुख सचिव न्याय विभाग ने भेजा शासनादेश, वादों की हर सप्ताह देनी होगी जानकारी**

**अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में चल रहे ऐसे सभी मुकदमों पर अब सीधे न्याय विभाग नजर रखेगा, जहां शासन से प्रभावी पैरवी की जरूरत होगी। न्याय विभाग के प्रमुख सचिव ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिवों को शासनादेश जारी करते हुए कहा है कि शासन के सभी विभागों को अतिमहत्वपूर्ण संवेदनशील वादों की हर सप्ताह जानकारी देनी होगी।

यह शासनादेश मुख्यमंत्री कार्यालय के सबसे बड़े अधिकारी एसीएस एसपी गोयल के 2 सितंबर के पत्र के बाद न्याय विभाग से सोमवार को जारी किया है। न्याय विभाग के प्रमुख सचिव विनोद सिंह रावत ने संबंधित पत्र के पांच बिंदुओं पर अनुपालन सुनिश्चित को कहा है। मुख्यमंत्री के एसीएस ने इसकी पूरी पत्रावली भी 15 दिन में तलब की है। निर्देश में कहा गया है कि शासन स्तर पर अतिमहत्वपूर्ण संवेदनशील वादों की पैरवी जिसमें शासन पर सीधे प्रभाव पड़ता हो, उसकी सूचना विभागों के नोडल अधिकारी के माध्यम से हर सप्ताह न्याय विभाग को उपलब्ध कराएं। यदि कोई मामला शासन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है तो उसकी सूचना तत्काल न्याय विभाग देने में कोई विलंब बर्दाश्त नहीं होगा।

### अयोध्या में राम मंदिर के पास बनेगी 65.05 करोड़ से आधुनिक पार्किंग

**अमृत विचार , लखनऊ :** अयोध्या में श्री राम मंदिर के पास 65 .05 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य पार्किंग बनेगी। शासन के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने इसकी स्वीकृति दे दी है। इसी के साथ धर्मार्थ कार्य विभाग ने पहली किश्त के रूप में 22 .76 करोड़ रुपये जारी कर दी है।

### नर्सिंग छात्रों का स्टेट मेडिकल फैकल्टी में कराना होगा पंजीकरण

**अमृत विचार,लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट में ऑन लाइन इनरोलमेंट कराना होगा। इसके लिए उप्र .स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने 30 सितंबर तक वेबसाइट खोली है। फैकल्टी के सचिव डॉ .आलोक कुमार ने सभी संस्थानों के प्रधानाचार्या और निदेशक को प्रथम वर्ष के छात्रों के इनरोलमेंट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित मानकों के तहत ही छात्रों के इनरोलमेंट स्वीकार किए जाएंगे। हर छात्र की 31 दिसंबर 2024 को कम से कम 17 आयु पूर्ण होना जरूरी है।

## सरकारी कर्मियों की हाजिरी में नहीं हो सकेगा खेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इन दिनों डिजिटल हाजिरी सिस्टम को और विकसित किया जा रहा है। फेशियल रिकग्नीशन बेस्ड मोबाइल ऐप के विकसित हो जाने से सरकारी कर्मियों की हाजिरी में 'खेल' नहीं हो सकेगा। उनकी समयबद्धता और ड्यूटी के घंटे भी सुनिश्चित होंगे। एआई बेस्ड मोबाइल ऐप को यूपीडेस्को ( उप्र. सिस्टम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ) विकसित कर रहा है। पहला महत्वपूर्ण ट्रायल प्रयागराज महाकुंभ में लिया जाएगा। इसके बाद इसका प्रयोग हर सरकारी कार्यालय में भी करने की तैयारी है।

बीते दिनों शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग में जब इसे लागू किया गया तो संबधित कर्मियों ने विरोध भी जताया था। हालांकि, राज्य सरकार की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने के पीछे मंशा एक-एक सरकारी कर्मचारियों का रियल टाइम एसेसमेंट करने की भी है।

# सपा विधायक के घर में फंदा लगाकर कामवाली ने जान दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **आठ वर्ष से कर रही थी कार्य कारण पता नहीं, साथ रहने वाली युवती से पुलिस कर रही पूछताछ**

**अमृत विचार :** भदोही में सपा विधायक जाहिद जमाल बेग के घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय युवती ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या करने वाली युवती नाजिया विधायक जाहिद जमाल बेग के घर पर ही रहती है और घरेलू कार्य करती है। नाजिया का परिवार शहर में ही मामदेवपुर स्थित कांशीराम आवास में रहता है। घटना की सूचना पर सीओ सिटी अजय कुमार चौहान मौके पर पहुंचे और शव उतरवाया। इस दौरान उन्होंने पूछताछ भी की। मृतका नाजिया के साथ एक और युवती रहती है, उससे भी पूछताछ की। उधर, घटना की फोरेंसिक जांच के लिए टीम भेजी गई है, जबकि पोस्टमार्टम के लिए दो डाक्टरों को लगाया गया है। विधायक जाहिद बेग ने बताया कि नाजिया विगत आठ वर्षों से उनके घर रहते हुए घरेलू कार्य करती है। घटना क्यों हुई, कैसे हुई इसके लिए वह स्वयं भी जानकारी हासिल कर रहे हैं।

## धर्म दर्शन

# ब्रज की अधीश्वरी राधा रानी



ब्रज की अधीश्वरी राधाजी के पृथ्वी पर अवतरण की अनेक कल्पना रम्य एक दूसरे की विरोधी कथाएं हमारे पौराणिक साहित्य में विद्यमान हैं। आदिपुराण के अनुसार श्रीहरि विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लेने से पहले अपने परिवार के अंतरंग सदस्यों एवं देवताओं को पृथ्वी पर अवतार लेने का निर्देश दिया था। इस आदेश के अनुपालन में राधा का धरावतरण हुआ। ब्रह्म वैवर्त पुराण (2/49/35/42 तथा नारद पुराण (2/81) के अनुसार गोकुल में दैत्य वृषभानु के अवतार गोप राज वृषभानु गोप की पत्नी कलावती के गर्भ से राधा ने पृथ्वी पर अवतार लिया था। इसके विपरीत पद्मपुराण (7) के अनुसार दक्ष के लिए धरती को स्वच्छ करते समय भूमि कन्या के रूप में मिली राधा का पालन पोषण अपनी पुत्री के समान ही मानकर किया था। ब्रह्मवैवर्त ही अन्यत्र इनका जन्म कृष्ण के वामअंक से अंकित करता है (2/12/16)।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

नारद पुराण के अनुसार कृष्ण की अनन्य सखी राधा ने उनको विरजा नामक गोपी के साथ घोर एकांत में एक साथ देख लिया था। क्रोधित राधा इसकी शिकायत करने विष्णु जी के पास गई, किंतु राधा को क्रोधित देख विष्णु जी लुप्त हो गए। इसके विरजा दुबारा कृष्ण के साथ एकांत में देख राधा अपना आपा खो बैठीं। कुपित हो वह बिना सोचे-विचारे श्री हरिविष्णुजी की निंदा करने लगीं। इस पर अत्यंत उग्र हो सुदामा ने राधा को शाप दे दिया- 'तुमको मानव योनि में जन्म लेकर कृष्ण से दीर्घावधि तक विरह दुःख भोगना होगा (नारद पुराण 2/81)। इसका समर्थन ब्रह्मवैवर्त पुराण,2/49) भी करता है। इस पर सुदामा से अत्यंत अप्रसन्न राधा ने सुदामा को एक लंबी अवधि तक के लिए दानवयोनि में जन्म लेने का शाप दे दिया (देवी भागवत, 2/19)। राधा के शाप के कारण सुदामा को शंखचूड़ असुर के रूप में जन्म ले समुद्र तल में निवास करना पड़ा (ब्रह्मवैवर्त पु., 2/49/34)। सुदामा की प्रार्थना पर कृष्ण ने शाप की अवधि मात्र सौ वर्षों तक कर दी। स्मरणीय है कि सुदामा की मुक्ति के लिए स्वयं श्रीकृष्ण को अपने अनन्य भक्त को मारने के स्थान पर भगवान शिव के हाथों, शंखचूड़ का वध कराना पड़ा था।

आदिपुराण (अध्याय-11) के अनुसार श्री राधा का विवाह उनके अनन्य प्रेमी श्रीकृष्ण के साथ, वैशाख शुक्ल, तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र में हुआ था, किंतु ब्रह्म वैवर्त (2/49/37) सहित अन्य पुराण राधा का विवाह रायण नामक गोप से बताते हैं। किन्हीं पुराणों में आयु में कृष्ण से 8 वर्षों अधिक बड़ी राधा के पति को नंद गोप की साली तथा कृष्ण की मामी बताते हैं तो कुछ उनकी अनन्य विरहिणी प्रेमिका। ब्रह्मवैवर्त ही कहीं दोनों को एक दूसरे की उपासक बता कहीं राधा को प्राथमिकता दें 'राधा-कृष्ण' का जयनाद करता हैं तो कहीं 'कृष्ण-राधा'। प्रथम पक्ष की संख्या अधिक है (ब्रह्मवैर्त,2/48/12-13;2/49-59)।

# वाचस्पति

अथर्ववेद के प्रथम मंत्र के ऋषि अथर्वा व देवता वाचस्पति हैं। वाक्वाणी से अभिव्यक्ति होती है। परब्रह्म में तो अव्यक्त रूप से सभी कुछ समाहित रहता है। जब वह ब्रह्म अव्यक्त को अभिव्यक्त करता है तो उस व्यक्त करने वाले ब्रह्म को ही वाचस्पति कहा जाता है, जिसने इस विश्व को प्रकट किया, उसी से किसी विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रार्थना किया जाना भी समीचीन है। त्रिसप्त की त्रिधा सृष्टि में तीन लोक, तीन गुण, तीन आयाम, त्रिदेव आदि सभी आते हैं। इसके साथ सप्त आवरण, सप्त धातु, सप्त व्याहृतियां, परमाणु के सात प्रकोष्ठ (आर्बिट) आदि भी आते हैं। इन सभी के योग-भेद (म्यूटेशन कांबिनेशन) अनंत बन जाते हैं। उन्हें केवल प्रकटकर्ता वाचस्पति ही भली प्रकार जानते हैं।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हमें इस संसार में रहते हुए इन सभी के साथ समुचित वर्ताव करना होगा। इसलिए अथर्ववेद के प्रथम मंत्र में इन्हीं वाचस्पति से प्रार्थना की गई है कि वे उन सब के व्यक्त स्थूल-सूक्ष्म सहयोगों के बल हमें भी प्रदान करें। ऋषि कहते हैं कि ये जो त्रिसप्त (तीन एवं सात के संयोग) विश्व के सभी रूपों को धारण करके सब ओर संव्याप्त और गतिशील हैं, हे वाचस्पते! आप उनके शरीरस्थ बल को आज हमें प्रदान करें। हे वाचस्पते! आप दिव्य ज्ञान से युक्त होकर बारंबार हमारे समक्ष आएं,आप हमें प्रफुल्लित करें। प्राप्त ज्ञान हम में स्थिर रहे। हे देव! धनुष की चढ़ी हुई प्रत्यंचा से खींचे हुए दोनों छोरों के समान दैवीय ज्ञान धारण करने में समर्थ मेधा-बुद्धि एवं वांछित साधन सामग्री आप हमें प्रदान करें। प्राप्त बुद्धि और वैभव हममें पूरी तरह स्थिर रहे। (ज्ञान की प्राप्ति और धारण करने की सामर्थ्य- यह दो क्षमताएं धनुष के दो सिरों की तरह हैं। एक साथ प्रयास पूर्वक बल लगाकर बाण की तरह ज्ञान का वांछित प्रयोग किया जा सकता है)। हे वाकपति! आप हमें अपने पास बुलाएं। इस निमित्त हम आपका आवाहन करते हैं। हमें सदैव आपका सान्निध्य प्राप्त हो। हम कभी भी ज्ञान से विमुख न हों।

## वर्ग पहेली-187

**बाएं से दाएं**

1. 1. कपड़े की गठरी 2. बंडल, गठरी, बुगचा।
5. 1. (पुराण) दुर्गा या चंडी का एक नाम 2. अनंत मूल, सारिवा।
7. 1. लगाना, पोतना 2. वह वस्तु जो लगाई जाए, लेप, उबटन 3. घमंड, अभिमान, अहंकार 4. संबंध, लगाव।
8. रोक, निषेध।
10. किसी वस्तु का भाव, दर, मूल्य।
11. 1. शैव संप्रदाय की एक शाखा 2. उक्त शाखा का अनुयायी 3. भैरव या शक्ति के उपासक, एक प्रकार के तांत्रिक जो अपने हाथ में कपाल या मनुष्य की खोपड़ी लिए रहते हैं 4. बंगाल में रहने वाली एक पुरानी वर्ण संकर जाति।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बासी 2. खाने की वस्तु जो ख़राब हो चुकी हो 3. सूखी।
2. 1. स्त्री, औरत 2. स्त्री के लिए प्रयुक्त आदरसूचक शब्द।
3. एक पदवाला, एक चरण वाला (छंद या पद्य)।
4. 1. दमन करना 2. नष्ट करना, मिटाना 3. आग लगाना 4. प्रकाशमान करना, चमकाना।
6. जांघ, जंघा।
7. 1. पश्चिमी गोलार्ध का एकमात्र उपमहाद्वीप जो उत्तरी और दक्षिणी दो भागों में बंटा है 2. उत्तरी अमरीका का वह देश जो युनाइटेड स्टेट्स ऑव अमरीका के नाम से जाना जाता है।
9. 1 तोड़ने-फोड़ने

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| ■ | 4 | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | ■ |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -186 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घु | ■ | ■ | 2 ऐ | ■ | ■ |
| प | ■ | 3 खं | ड | 4 ब | रा |
| ■ | 5 सौ | ■ | 6 व | टी | ■ |
| ■ | र | ■ | टो | ■ | 7 पु |
| 8 रा | ज | प | रि | वा | र |
| ■ | ग | ■ | य | ■ | वा |
| 9 पा | त | ■ | ल | ■ | ई |

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | 4 | | | | 7 |
| | | 4 | 5 | | | | 3 | |
| 8 | | | 2 | 9 | | | | 1 |
| 4 | | | | | 3 | | 9 | |
| 1 | 8 | | | | | | 2 | 4 |
| | 6 | | 4 | | | | | 3 |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 9 |
| | 2 | | | | 1 | 6 | | |
| 3 | | | | 6 | | 8 | 7 | |

### सुडोकू -99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 23 .11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष :** आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। बजट की कमी के कारण आपके काम कुछ अवरुद्ध हो सकते हैं। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिए।

**वृष :** आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। नया व्यवसाय आप शुरू करने का विचार बना सकते हैं। घर में साज-सजावट की योजना बनाएंगे हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन :** आज शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आपके काम आएगी।

**कर्क :** आज विवाहेतर संबंधों से बचे अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। मधुमेंह के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**सिंह :** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**कन्या :** आज महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा।

**तुला :** आज आप वर्तमान स्थिति को लेकर कुछ असंतुष्ट हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी होने की आशंका है। पैतृक संपत्ति के मामले सुलझ सकते हैं। आपके काम की गति कुछ धीमी रहेगी। नौकरी सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे।

**वृश्चिक :** आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। ससुराल पक्ष में कोई आयोजन हो सकता है। आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा।

**धनु :** आज आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दांपत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है। अच्छे लोगों और शांत चित्त के लोगों के साथ समय बिताएं।

**मकर :** आज कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा। शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन :स्थिति मजबूत रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जाएंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें।

**कुंभ :** आज महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। जॉब में इच्छानुसार स्थानांतरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आप कुछ नया शुरू करने का प्रयास करेंगे। उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**मीन :** आज कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 20 .04 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | आखिरी गुलाम | सुबह : 09 .00 |
| B4U MOVIES | राज तिलक | शाम : 06 .00 |
| &pictures | अंतिम | सुबह : 11.06 |
| &pictures | ये साली आशिकी | रात : 08 .00 |
| SONY PIX | मैकेनिक | सुबह : 11 .12 |
| SONY PIX | गॉडजिला | रात : 09 .00 |
| ZEE CINEMA | जय सिम्हा | सुबह : 10 .05 |
| ZEE CINEMA | वेधा | रात : 08 .00 |
| colors CINEPLEX | पुलिस वाला गुंडा 2 | सुबह : 11 .34 |
| colors CINEPLEX | सत्यभामा | रात : 08 .02 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी पिक्स पर रात : 09 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू काफी देर से अपने मैरिज सर्टिफिकेट को देख रहा था।
उसकी पत्नी बोली- इतनी देर से इसे क्यों घूर रहे हो?
पप्पू - इसकी एक्सपायरी डेट ढूंढ रहा हूं।
उसके बाद पत्नी ने पप्पू की एक्सपायरी जैसी हालत कर दी।

मिंटू- भाई मुझे हाथ देखना आता है।
चिंटू- अच्छा मेरा देख जरा।
मिंटू- तुम्हारी हस्तरेखा बताती है कि तुम्हारे घर के नीचे बहुत धन है।
चिंटू- ठीक कहा आपने, मेरे घर के नीचे बैंक की ब्रांच है।

# गणेश महोत्सव की धूम, सजा बप्पा का भव्य दरबार


जगतपुर क्षेत्र में सजा गणपति बप्पा का दरबार।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** जिले में जगह-जगह से गणेश पांडाल में भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पूरा पांडाल भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

शहर के इन्दिरा नगर स्थित पार्क के पास, छोटी बाजार, नेहरू नगर सहित तमाम जगह पर गणेश पांडाल सजाया गया। इसी तरह जगतपुर कस्बे के रायबरेली रोड पर भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। कस्बे में भक्तिमय वातावरण बन गया है। सेवादार दुर्गेश सोनी, रितेश, सचिन, जितेन्द्र, अनिल श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, बच्चन सोनी, मोनू मास्टर, रमेश मौर्य, अमित त्रिवेदी, मन्नू लाल, भारत लाल, पप्पू, मनीष श्रीवास्तव, जगदीश मौर्य, अमिताभ द्विवेदी, राजा भदौरिया एवं उनकी पूरी टीम ने खुशी जाहिर की। प्रतिमा स्थापित होने के बाद पंडाल में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। इस दौरान पूजा पांडाल में भक्ति गीतों के गुंजायमान होने से श्रद्धालु झूमते रहे।

### गणेश पूजा महोत्सव में सम्मानित किए गए बच्चे

**रायबरेली, अमृत विचार।** गणेश नगर में आयोजित गणेश पूजा महोत्सव के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता, एनजीओ प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने पूजा अर्चना की। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में वैभव, रौनक, मानवी, मान्या, तान्या, तेजस, नित्या, किट्टू, लाडो जायसवाल, यशी जायसवाल, लाडो पांडेय, राघव तिवारी, अनन्या दीक्षित, काव्या जायसवाल, गुनगुन, अवी, सावी, मान्या, नव्या को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए स्नेहा, तनु राजपाल, योगेश कक्कड़, राकेश कक्कड़, महेंद्र अग्रवाल सहित कई गणेश नगरवासियों को सम्मानित किया गया।


सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मानित किए गए बच्चे, मौजूद पदाधिकारी।

# बेटियों के लिए शिक्षा बहुत जरूरी : जयपाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी जय पाल वर्मा की अध्यक्षता में लाल ऋषि इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, मीना मंच के प्रभारी एसएस पांडे अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने कहा कि समाज में शिक्षित महिलाओं व बालिकाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित बेटा एक घर रोशन करता है, पर दो घरों की शान होती है शिक्षित बेटिया।

उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए शिक्षा बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इसके साथ ही बाल संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गई। सखी वन स्टॉप सेंटर की परामर्श दाता श्रद्धा सिंह भदौरिया, केस वर्कर अर्चना सिन्हा, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, वन स्टॉप सेंटर कार्यप्रणाली, चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यप्रणाली आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य, अध्यापक और छात्र-छात्राओं इंटर कॉलेज एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे।


लाल ऋषि इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किए गए शिक्षक।

# पुरुष पुलिस कर्मियों को जल्द मिलेगा 150 आवास

## डीएम ने निर्माणाधीन आवासीय परिसर का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** पुरुष पुलिस कर्मियों के आवास की समस्या जल्द दूर हो जाएगी। शासन की ओर से 150 आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य को गुणवत्तापरक कराने के निर्देश दिए। कहा कि तय समय में आवासीय भवन बनकर तैयार कराए, ताकि लाभ जरूरतमंद पुलिस कर्मियों को मिल सके।

डीएम ने एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ पुलिस लाइन पहुंची। यहां पर चल रहे आवासीय भवन निर्माण कार्य को देखा। गुणवत्ता को लेकर मौजूद कर्मचारियों को निर्देशित किया। कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाने की जरूरत है। कार्य समय से पूरा कराना पहली प्राथमिकता है। कार्य में जो भी सामाग्री प्रयोग की जा रही है उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। डीएम ने आसपास जलभराव मिलने पर नाराजगी जताई। कहा कि कार्य करते समय जहां पर भी जल भराव की समस्या आ रही है उसे पहले से ही ठीक करा लिया जाए। इससे कार्य में तेजी आ सकेगी। यह आवासीय हॉस्टल 150 पुरुष पुलिस कर्मियों के लिए बनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर।

## सिपाही का महिला के साथ अश्लील आडियो वायरल

**ऊंचाहार, अमृत विचारः** कोतवाली में तैनात एक सिपाही का महिला के साथ का अश्लील आडियो वायरल हुआ है। इस वायरल आडियो को लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। सोमवार की देर शाम ऊंचाहार क्षेत्र के सोशल मीडिया में एक आडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक पुरुष और महिला की अश्लीलता भरी बातें हैं। वायरल आडियो में पुरुष कहता है कि आज मिलो, मेरी ड्यूटी बाहर है। मुझे जाना है। इस बातचीत के दौरान महिला किसी अन्य महिला से पुरुष के संबंधों की बात करके उसे गाली भी देती है। उसके बाद महिला कहती है कि मैं अपने बच्चों के साथ घर में हूं। अभी कहीं नहीं आ सकती। बताया जा रहा है कि ये पुरुष की आवाज एक सिपाही की है। उक्त सिपाही ने फोन पर बताया कि जिसको जो करना हो, कर लो। जब महिला शिकायत नहीं कर रही तो मीडिया क्यों परेशान है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वायरल आडियो के बारे में उन्हे सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई है। तदानुसार कार्रवाई होगी।

# कमेटी ने बीएसए को सौंपी जांच रिपोर्ट

▸▸ निरीक्षण के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा बीईओ से की गयी अभद्रता का मामला

संवाददाता,डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** विकासखंड डलमऊ में खंड शिक्षा अधिकारी के विद्यालय निरीक्षक के दौरान मिली कमियों एवं उनको छुपाने के लिए इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा बीईओ से की गई अभद्रता की शिकायत बीएसए द्वारा किए जाने के बाद गठित की गई जांच कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौप दी गई है। हालाकि जिम्मेदार कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

बीते 31 अगस्त को खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ नंदलाल रजक के द्वारा प्राथमिक विद्यालय अचाकापुर का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान अनेक कमियां पाई गई जब खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा इन कर्मियों के विषय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक से बात की गई तो वह कर्मियों को छुपाने के लिए अभद्रता पर उतारू हो गए और खंड शिक्षा अधिकारी को धक्का देते हुए वहां से भगा दिया। इतना ही नहीं रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की। वही खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ नंदलाल रजक ने विद्यालय में मिली कमियां एवं शिक्षक द्वारा की गई अभद्रता के विषय में कार्रवाई के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा। विभाग की किरकिरी होता देख तत्काल जांच कमेटी का गठन कर दिया गया। जांच कमेटी में शामिल खंड शिक्षा आधिकारी खीरो एवं हरचंदपुर ने मामले की जांच रिपोर्ट शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप दी है। बावजूद इसके ढुलमुल रवैया के चलते अभी तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। सूत्रों की माने तो मामले में अधिकारी पर उच्च अधिकारियों के द्वारा सुलह का दबाव बनाया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### कैथवल में ट्रांसफार्मर बदलने से ग्रामीणों को मिली राहत


पट्टी रहस कैथवल में ट्रांसफार्मर लगाते विद्युत कर्मी और मौजूद ग्रामीण।

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** बीस दिनों से बिजली समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के पट्टी रहस कैथवल के ग्रामीणों को राहत मिल गई है। सोमवार को यहां का खराब ट्रांसफार्मर बदला गया है। अवर अभियंता लालमणि ने मौके पर मौजूद रहकर उपभोक्ताओं को राहत दी। गौरतलब हो कि क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल में ट्रांसफार्मर बीस दिन पहले जल गया था। इस ट्रांसफार्मर से कुल 1400 विद्युत कनेक्शन है, जिसमें घरेलू और कृषि कनेक्शन शामिल है। ट्रांसफार्मर जल जाने से सभी उपभोक्ता परेशान थे। उमस भरी गर्मी में यहां बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी को भारी कठिनाई उठानी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने बिजली अधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलवाने की गुहार लगाई, लेकिन जिम्मेदार ग्रामीणों की नहीं सुन रहे थे। बीते शनिवार को हिमांशु उपाध्याय , हर्ष उपाध्याय , शिवम , भास्कर उपाध्याय आदि ग्रामीणों ने एसडीएम को इसकी शिकायत की थी। उसके बाद सोमवार को गांव पहुंचे अवर अभियंता ने नया ट्रांसफार्मर लगवाया, जिसके बाद विद्युत व्यवस्था बहाल हुई। इससे ग्रामीणों को राहत मिली है।

### डायमंड जेसी सप्ताह में हैप्पीनेस आवर्स का आयोजन



जेसीआई की ओर से आयोजित डायमंड जेसी सप्ताह कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**रायबरेली, अमृत विचार।** जेसीआई रायबरेली द्वारा जेसीआई के 75 वर्ष पूर्ण होने पर नौ सितंबर से 15 सितंबर तक डायमंड जेसी सप्ताह 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पहले दिन हैप्पीनेस आवर्स का आयोजन शुभाषीश संस्थान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष जेसी ऋषि अग्रवाल, जेसी प्रभात श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव, पवन गुप्ता और सप्ताह चेयरमैन जेसी रजत गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से अध्यक्ष जेसी रचित मुरारका, सचिव जेसी प्रभु अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अभिनव वर्मा द्वारा आए हुए सभी जेसी सदस्यों व उपस्थित सभी का स्वागत किया। जेसीआई रायबरेली सदस्य जेसी प्रभात श्रीवास्तव और कृष्णकांत गुप्ता द्वारा शुभाशीश संस्थान में एक इनवर्टर व उसकी बैट्री का इंस्टॉलेशन करवाया गया। संस्थान के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव और छमा श्रीवास्तव को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी जेसी अभिनव वर्मा ने आए हुए सभी जेसी सदस्यों व शुभाशीष संस्थान के सभी अध्यापक, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को धन्यवाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेसी प्रियंका अग्रवाल, शालिनी श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, रजत गुप्ता, रचित मुरारका, प्रभु अग्रवाल, अभिनव वर्मा, संस्कार जायसवाल, सुयश जीवनानी, पियूष सिकरिया, देवांग सिकरिया, हर्षवर्धन आदि सदस्य मौजूद रहे।

### सभी पात्रों को दिया जायेगा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास


मिनी सचिवालय गूढ़ा में आयोजित गोष्ठी में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के मिनी सचिवालय गूढ़ा में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास सर्वे उन्मुखीकरण गोष्ठी सम्पन्न हुई। ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज शर्मा ने गोष्ठी में उपस्थित ग्राम पंचायत सदस्यों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्रामीणों को पात्रता-अपात्रता के मानक की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मनोज शर्मा ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए कहाकि सरकार की मंशा है कि कोई पात्र परिवार आवास से वंचित ना रहने पाए सभी के पास पक्की छत हो, हर किसी के पास अपना घर हो जिसको लेकर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास सर्वे उन्मुखीकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य पात्रों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना सूची में शामिल करना है, जिससे पात्रों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा, रोजगार सेवक सत्यप्रकाश वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य आशाराम, जागेश्वर आदि लोग उपस्थि रहे।

### धान क्रय के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराएं किसान

**रायबरेली, विचार।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने कृषि से कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत कृषकों से धान क्रय के लिए ऑनलाइन कृषक पंजीकरण कराये जाने के लिए कृषक बंधु द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य धान 2300 रुपये एवं ग्रेड ए रुपए 2320 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। धान विक्रय के लिए ऑनलाइन पंजीकरण व नवीनीकरण प्रारंभ है। कृषक बंधु द्वारा अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है। धान की बिक्री के लिए कृषकों को खाद्य तथा रसद विभाग की साइट पर पंजीकरण व नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। कृषक भाई पंजीकरण के लिए वर्तमान मोबाइल नंबर अंकित कराएं एवं एसएमएस द्वारा प्रेषित ओटीपी भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें।

# बदहाल सड़कें व लगे कूड़े के ढेर से लोग परेशान


खाली पड़े प्लाट में फैली गंदगी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** मधुबन क्रासिंग के आसपास मुहल्लों की दशा बेहद खराब है। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण सीवर लाइन बिछाने के लिए कहीं पर सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है तो कहीं पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन जिम्मेदारों ने सुध लेना तक मुनासिब नहीं समझा।

शिक्षक संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि स्थानीय सभासद रामखेलावन बारी से कई बार कहा गया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। खाली प्लाट में कूड़ा कचरा फैला रहता है। कोई भी देखने तक नहीं आता है। इतना ही नहीं सीवर लाइन के चक्कर में कई जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई। मरम्मत नहीं होने से चलना दुश्वार है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो डीएम से शिकायत की जाएगी।, उधर, अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह का कहना है कि सड़क मरम्मत का कार्य जल निगम का है। उनके द्वारा ही सीवर डाला जा रहा है। सफाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।


बदहाल सडक और फैली गंदगी।

# आधार कार्ड न बनने से आक्रोश, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, डीह, रायबरेली

**अमृत विचारः** विकास क्षेत्र अंतर्गत मात्र एक आधार संशोधन केंद्र संचालित होने पर क्षेत्र के शिक्षार्थियों व आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस की महिला नेता किरन देवी ने 31 अगस्त को जिलाधिकारी कार्यालय में पत्राचार करके डाक घर में आधार संशोधन केंद्र पुनः चालू करवाए जाने की मांग किया। इसके बावजूद किसी ने संज्ञान में नहीं लिया।

सोमवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ मिलकर पुनः जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को डीह उप डाक घर में आधार संशोधन केंद्र संचालित कराए जाने की मांग किया। डीह ब्लॉक क्षेत्र में मात्र एक आधार संशोधन केंद्र चल रहा है जो डीह के पूरे गोसाई स्थित बीआरसी भवन में है, जहां केवल परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का ही आधार संशोधन किया जाता है। बाकी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों व अन्य लोगों का आधार संशोधन यहां नहीं किया जाता। डीह कस्बा स्थित उप डाक घर में कई महीनों से डाक विभाग द्वारा आधार संशोधन कार्य बंद कर दिया गया है। वहां पर जब लोग जाते है तो यह कह कर वापस कर दिया जाता है कि आधार बनाने वाला स्टाफ नही है या फिर किसी को लैपटाप व प्रिंटर मशीन खराब होने का बहाना बना कर वापस लौटा दिया जाता है। लगातार आधार सेवा केंद्र में उत्पन्न हो रही इन समस्याओं पर कोई भी जिम्मेदार संजीदा नहीं है। यही कारण है कि आधार बनवाने व संशोधन कराने के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

सोमवार को पुनः यूपी कांग्रेस कमेटी की सदस्य किरन देवी ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अति शीघ्र आधार संशोधन केंद्र संचालित कराए जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव त्रिपाठी, इंद्रानी, दिनेश सिंह, सुभद्रा देवी, भवानी प्रसाद, दीनानाथ, राजकुमारी, संतोष आदि मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपती कांग्रेस कमेटी की सदस्य किरन देवी।

# 184 कुष्ठ रोगियों की हुई पहचान, इलाज जारी

### कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

▸▸ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 3010 टीमें व 584 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गए हैं

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में दो सितम्बर से कुष्ठ रोगी खोजी अभियान शुरू हुआ है जो कि 15 सितम्बर तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने साल 2027 तक कुष्ठ उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। यह सभी के सहयोग से सफल हो पायेगा।

इसी क्रम में समाज में छिपे हुए कुष्ठ रोगियों को खोजने के लिए कुष्ठ रोगी खोजी अभियान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है। अभियान में 3010 टीमें और 584 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गए हैं। हर टीम में दो सदस्य होंगे- एक आशा कार्यकर्ता और एक पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता। टीम घर-घर जाकर लक्षणों के आधार पर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेगी और संभावित कुष्ठ रोगियों को संदर्भन पर्ची बनायेंगे और स्वास्थ्य इकाइयों पर पर्ची दिखाकर वरीयता के आधार पर कुष्ठ रोगियों की जांच की जाएगी और कुष्ठ की पुष्टि होने पर उसका इलाज किया जायेगा। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. शरद कुमार ने बताया कि जनपद में 184 कुष्ठ रोगी हैं जिनका इलाज चल रहा है। कुष्ठ रोगियों का सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट (एमडीटी) से निःशुल्क इलाज होता। एमडीटी के उपचार के बाद इस रोग की पुनरावृत्ति दुर्लभ होती है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति की करेक्टिव सर्जरी फ्री की जाती है और मरीज को श्रम ह्रास के बदले में 12,000 रुपए दिए जाते हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस.अस्थाना ने बताया कि कुष्ठ बैक्टीरियाजनित कम संक्रामक रोग है। कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों में तंत्रिका के प्रभावित होने के कारण जटिलताएं उत्पन्न होती हैं। तंत्रिकाओं के क्षतिग्रस्त होने के कारन त्वचा पर स्पर्श, दबाव, दर्द या गर्म ठन्डे की संवेदना शक्ति प्रभावित होती है।

**लापरवाही** अली मिया चौक से जहानाबाद चौकी तक सड़क गड्ढों में तब्दील, पीडब्ल्यूडी विभाग बना उदासीन

# गड्ढों में फंसकर पलट रहे वाहन, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** शहर के अली मिया चौक से जहानाबाद चौकी तक की सड़क पूरी तरह से बदहाल है। महज सौ मीटर की दूरी पर एक सैकड़ा से अधिक छोटे-बड़े गड्ढे हैं। कई ई-रिक्शा इन गड्ढों में फंसकर पलट चुके हैं। लोग घायल भी हुआ, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूट रही है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

पूर्व सभासद इसरार अहमद ने बताया कि अलीमिया चौक से जहानाबाद चौकी तक लोक निर्माण की सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। बीते दिनों बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से दो ऑटो पलट गए थे। गनीमत रही कि किसी को ज्यादा चोट नहीं आई। उन्होंने कहा कि 25 दिन पहले इसी सड़क का मुद्दा जोर शोर से उठाया गया तो पैचिंग का पैसा आ गया। लेकिन अभी तक काम नहीं शुरू कराया गया। उन्होंने कहा जल्द इस सडक की पैचिंग कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। समाजसेवी रिंकू पाण्डेय मौके पर पहुंच लोगों की समस्याओं को सुना। कहा कि लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों ने शीघ्र इसे नहीं कराया तो विरोध किया जाएगा। पूर्व सभासद इसरार अहमद ने कहा कि माना यह सड़क नगर पालिका की नहीं है, फिर भी इस पर गिट्टी-मिट्टी डालकर चलने योग्य बनाया जा सकता था। इसी रास्ते से नगर पालिका के वोटर भी हजारों की संख्या में निकलते है।

इस मौके पर हसन कुरैशी, नाजिम टिम्बर, मोहम्मद शारिक, अजय पासी, दीपेन्द्र दीक्षित, गुड्डु, शमशाद चुन्नी, सैय्यद अर्ली, शकील गुर्जर, अब्बास नक़वी, शिव कुमार नेता, फैज़ी, सलमान, जुबैर, आदि मौजूद रहे।


अली मिया चौक से जहानाबाद चौकी तक की बदहाल सड़क। अमृत विचार

# अच्छी शिक्षा में अभिभावक का सतर्ता रहना जरूरी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** केएन पब्लिक स्कूल मुंशीगंज में अभिभावक व शिक्षक की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें अभिभावको ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रबंधक प्रशांत पांडेय ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा में अभिभावकों की अहम भूमिका होती है।

विद्यालय में शिक्षक के बाद घर में अभिभावक ही देखरेख करते हैं। ऐसे में उन्हे पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इससे उन्हें आगे बढ़ने में आसानी हो सकेगी। प्रबंधक ने बैठक के उद्देश्य के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक होती है। जिसे स्कूल प्रबंधन समय-समय पर आयोजित करता रहता है। बैठक मे अभिभावको के प्रश्नो के उत्तर के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास व प्रत्येक सब्जेक्ट पर बात की जाती है।

बच्चों के उज्जवल भविष्य के विषय मे शिक्षक से चर्चा कर यूनिट टेस्ट व नंबरों को देखा जाता है । बच्चों से प्रतिदिन विद्यालय में पढ़ाए गए विषय की जानकारी लेने के लिए अभिभावको को प्रेरित किया जाता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, प्रभाकर यादव, दीपक यादव ,आशीष, सुधीर, अनिल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अचानक ऑटो चालक की बिगड़ी तबियत, मौत

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे के सलोन रोड पर आटो चालक की अचानक तबियत बिगड़ी गई। स्थानीय लोगों द्वारा जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चालक की मौत हो गई। सोमवार को पवन कुमार यादव निवासी गउवा की बाजार थाना सलोनी आटो रिक्शा चलाकर जगतपुर आया था। तभी सलोन रोड पर शिव मंदिर के पास अचानक तबियत बिगड़ी गई और आटो से गिर गया। स्थानीय लोगों द्वारा जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां चालक की मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई है। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी अजय कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### करंट की चपेट में आया वृद्ध, अस्पताल में हुई मौत

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। घर में फर्राटा पंखा लगाते समय एक वृद्ध करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया है। यह हादसा सोमवार की दोपहर क्षेत्र के गांव रैयापुर मजरे कोटिया चित्रा में हुई है। सोमवार की दोपहर गांव के राम चंद्र (65) पुत्र बद्री प्रसाद अपने घर में फर्राटा पंखा लगा रहे थे। पंखे का तार कटा होने से राम चंद्र जैसे ही पंखे को स्पर्श किया, वह करंट की चपेट में आकर पंखा समेत जमीन पर गिर गए। जब परिजनों ने उन्हे देखा तो तत्काल विद्युत स्विच बंद कर तुरंत निजी वाहन से राम चंद्र को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मारपीट का लगाया आरोप

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव बरौला निवासी सुनीता देवी ने आरोप लगाया है कि रविवार को रात लगभग नौ बजे मैं अपनी नव निर्मित दीवार में तरीकर रही थी। तभी मेरे पड़ोसी शिव नारायण की तरफ पानी चला गया। जिससे नाराज होकर शिव नारायण ने मुझे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र पर नामजद आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर घायल का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी खीरों में कराया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### शिक्षक को फोन पर मिली धमकी, केस दर्ज

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में तैनात गणित के शिक्षक विवेक सिंह को लगातार एक युवक मोबाइल फोन से धमकी दे रहा था। शिक्षक का आरोप है कि फोन पर बाइस्ताबा विक्रम नाम के युवक द्वारा विद्यालय में तैनात महिला लिपिक से लोन की रकम न दिलाने पर शिक्षक व महिला लिपिक उपेंद्र कौर को अंजाम भुगतने व मारने की धमकी दी है। सोमवार को पुलिस ने शिक्षक की तहरीर पर केस दर्ज किया है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। सर्विलांस के जरिए कॉल ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

रायबरेली, अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में 14 सितम्बर को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसे सफल बनाने के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से डोर टू डोर प्रचार सामग्री के माध्यम से प्रचार-प्रसार पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व मनोज कुमार प्रजापति के द्वारा किया गया। प्रचार-प्रसार के लिए नगर पालिका की गाड़ी में लगे ध्वनि यंत्र के माध्यम से सम्बन्धित आडियो क्लिप बजवाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# बारिश में ढहा कच्चा मकान, बाल-बाल बचा परिवार

## जिम्मेदारों की उदासीनता, अब तक नहीं मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचारः** जोरदार बारिश के बीच रविवार की रात एक गरीब परिवार का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि मासूम समेत दम्पति की जान बाल-बाल बच गई। पीड़ित परिवार ने पड़ोसियों के घर में जाकर रात बिताई। घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दी गई, लेकिन दोपहर तक पीड़ित के गिर आशियाने की जांच पड़ताल करने जिम्मेदारों का काफिला नहीं पहुंचा था।

सलोन नगर पंचायत के वार्ड कच्ची मस्जिद निवासी मोहम्मद वसीम पुत्र हसन रजा अपनी पत्नी नाजिरा बानो चार बेटिया निदा, अरीबा, इकरा, जुमेरा के साथ कच्चे आशियाने में रहकर गुजर बसर करता है। रविवार की रात अचानक बिजली की कड़कड़ाहट के साथ तेज बारिश होने लगी। रात लगभग दो बजे के करीब अचानक मोहम्मद वसीम का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान गिरने के चलते चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग ने दौड़कर मलबे के अंदर फंसे परिवार को सकुशल बाहर निकाला गया। पीड़ित परिवार की माने तो घटना के दौरान आफत में जान फंसी थी। डरे सहमे परिवार ने पड़ोसी के घर मे रुककर रात गुजारी। बताया जाता है सिस्टम की लाचारी से आज तक वसीम को पीएम आवास से वंचित रखा गया है। तहसीलदार दीपिका सिंह से जब पूंछा गया तो उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर 14 का प्रकरण है। अभी टीम भेजवती हूं।


मोहम्मद वसीम का गिर पड़ा। अमृत विचार

### चढ़ावा देने पर ही मिलता आवास योजना का लाभ

बारिश में जिस तरह से कच्चे मकान एक-एक करके ढहने लगे हैं। इससे लोगों के जान पर बन आई है। पिछले 48 घंटे में तीन मकान ढह चुके हैं। इसमें जनहानि तो नहीं लेकिन मवेशियों की जरूर मौत हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार की ओर से पक्का मकान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना संचालित है। इसके बावजूद कच्चे मकानों में अभी भी लोग रहने को विवश हो रहे हैं। इससे साफ पता चल रहा है कि लाभार्थी तभी बनेंगे, जब जिम्मेदार को चढ़ावा मिलेगा।

### खुले आसमान के नीचे देवकली का परिवार


सटवा सलोन में गिरा मकान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सलोन कोतवाली अंतर्गत जगतपुर मार्ग सटवा निवासी देवकली पत्नी धनगू का कच्चा मकान रविवार तड़के लगभग चार बजे बारिश के दौरान भरभरा कर ढह गया। गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। एसडीएम सलोन ने बताया कि महिला का मकान कच्चा मकान गिरने की सूचना मिली है। लेखपाल के रिपोर्ट आने के बाद नुकसान का आंकलन होगा। फिलहाल जनहानि की कोई सूचना नहीं है।

> घटना की जानकारी स्थानीय लोगों से मिली है। राहत आपदा के तहत उनकी सहायता की जाएगी। इसके अलावा पीएम आवास आजतक पीड़ित परिवार को क्यों नही मिला इसकी जांच कराकर आवास के लिए नाम भेजा जाएगा।
> –प्रियंका तिवारी, अधिशाषी अधिकारी सलोन

# महिला चिकित्सक की मनमानी से मरीज परेशान

संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के हेवतहा नेवढ़िया में संचालित होम्योपैथिक चिकित्सालय में महिला चिकित्सक की मनमानी उजागर हुई है। उच्चाधिकारियों के भी निर्देश को नहीं मानती है। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से महिला चिकित्सक के हौसले बुलंद है, जहां एक ओर सूबे के मुख्यमंत्री आदित्य योगीनाथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए दिशा निर्देश दे रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर हेवतहा नेवढ़िया होम्योपैथिक अस्पताल में तैनात डॉ. ज्योत्सना मिश्रा की मनमानी उजागर हुई।

लंबे अरसे से अस्पताल न आकर उच्चाधिकारियों से सेटिंग करके नौकरी का खेल चल रहा है। जिसको लेकर ग्राम प्रधान व जिला पंचायत सदस्य ने भी इसके पूर्व में भी कई बार डीएचओ से इसकी शिकायत की थी, लेकिन उसके बावजूद भी अधिकारियों की करीबी चिकित्सक पर कोई कार्यवाही नहीं हुई थी। जिसका खामियाजा आम जनता व मरीज भुगत रहे। सुरेश कुमार, राधेश्याम, राम प्यारे, मनोज कुमार, वैभव, आदित्य आदि लोगों ने बताया कि कई बार अस्पताल गए, पर वहां चिकित्सक नहीं मिली। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा दवाई दी गई है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम प्रधान हेवतहा नेवढ़िया रामवती ने अपने लेटर पैड पर इसकी शिकायत एसडीएम ऊंचाहार से की। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि जगतपुर से जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को इस संदर्भ में अवगत कराया गया, लेकिन उच्च अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया। वहीं, एसडीएम से इस संबंध में वार्ता कर ऐसे डॉक्टर को हटाए जाने की मांग की है। इस बाबत एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी कहा कि डॉक्टर की शिकायत काफी दिनों से मिल रही है। शीघ्र डॉक्टर पर कार्रवाई होगी।

# उत्तर प्रदेश में निर्दोष को प्रताड़ना अपराधी को अभयदानः प्रियंका

संवाददाता, रायबरेली



**अमृत विचारः** गदागंज थाना क्षेत्र में हुई लूटकांड की घटना में फर्जी आरोपी को जेल भेजने का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इस मामले ने विपक्ष को सत्ता पर जुबानी हमला करने के लिए मौका दे दिया है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने फेसबुक हैंडल पर पोस्ट करके रायबरेली की पुलिसिंग व्यवस्था व उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। जानकारी के अनुसार गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत जन सुविधा केंद्र संचालक से लूट हुई थी जिसमें व्यापारी ने रास्ते में पड़े बैग पुलिस को दे दिया। मामले में पुलिस ने उसी व्यापारी को जेल भेज दिया था। डलमऊ पुलिस की विवेचना के बाद व्यापारी दीपू को 12 दिन बाद जेल से रिहाई मिल गई है। दीपू को रिहाई मिलना विपक्ष के लिए मुद्दा बन गया है।

सोमवार को प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने फेसबुक हैंडल पर पोस्ट करके योगी सरकार पर निशाना साधा है और कहा यूपी की कानून व्यवस्था खिलवाड़ बन चुकी है। यूपी में निर्दोष को प्रताड़ना अपराधी को अभयदान दिया जा रहा है। दीपू ने अच्छे नागरिक का फर्ज अदा किया था लेकिन पुलिस ने उसे ही जेल भेज दिया।

### तीन नामजद समेत 6 लोगों पर केस दर्ज

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। चेयरमैन पति की जमीन में कब्जे की नियत से पहले से बने पिलर उखाड़ने के आरोप में तीन नामजद समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की है। सोमवार को चेयरमैन पति प्रभात साहू ने तहरीर देते हुए कोतवाली पुलिस को उनकी जमीन में बने पिलरों को उखाड़ फेंकने के आरोप में कस्बे के ही रुद्रनगर निवासी नंदकिशोर, बृजकिशोर व जय हनुमान पुत्र गण भोला व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत की। मामले में चेयरमैन पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों की समस्याएं नहीं सुनते अधिकारी : भाकियू

## भाकियू पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, निस्तारण कराने की मांग की

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचारः** अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस की लचर कार्यशैली एवं मनमाने रवैए को लेकर शिवगढ़ ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की महापंचायत सम्पन्न हुई।

सोमवार को शिवगढ़ ब्लॉक परिसर में एक दर्जन से अधिक जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही निस्तारण कराने की मांग की है।

**महापंचायत**

▸▸ किसानों ने पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदारों पर उपेक्षा का लगाया आरोप

महापंचायत को संबोधित करते हुए सर्वेश वर्मा ने कहा कि ग्रामीण और किसान ब्लॉक में समस्याएं लेकर आते हैं तो अधिकारी-कर्मचारी उनकी समस्याए सुनने के बजाय इधर-उधर टरकाते रहते हैं। यहीं हाल शिवगढ़ पुलिस का है पुलिस की लचर कार्य शैली से अपराधों का ग्राफ तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिन पर अंकुश लगाने में शिवगढ़ पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। फरियादी थाने फरियाद लेकर जाता है तो पुलिस उनकी सुनने के बजाय सेटिंग गेटिंग करके दोनों पक्षों का 151 में चालान कर देती है। कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पुलिस कर्मियों पर तत्काल प्रभाव से अंकुश न लगाया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत शांत नहीं बैठेगी। विरोध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 6 अक्टूबर को राजधानी लखनऊ में होने वाली किसान महापंचायत में रायबरेली जिले से हजारों की संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता शामिल होंगे। महापंचायत में पहुंची नायब तहसीलदार सत्या को भाकियू ने ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। इस मौके पर चंद्रफल कुशवाहा, पूर्णमासी साहू, भौसी ग्राम पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, शिव कुमार सिंह, राजेश विश्वकर्मा, राम सजीवन विश्वकर्मा, शिवानंद वर्मा, रामसुमिरन, काशी प्रसाद, शिवशंकर, हृदय नरायन पाण्डेय, गंगा प्रसाद वर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, गंगा प्रसाद, अवतार आदि मौजूद रहे।


भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ब्लॉक परिसर में आयोजित महापंचायत में मौजूद किसान।

# बिजली कटौती से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, महराजगंज

**अमृत विचारः** विद्युत कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों के साथ कस्बे के नागरिक भी परेशान हैं। वहीं पढ़ने के लिए छात्रों को इमरजेंसी लैंप का सहारा लेना पड़ता है। रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति के लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

व्यापार मंडल महराजगंज के नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने पदाधिकारियों के साथ महराजगंज विद्युत उपकेंद्र में पहुंचकर अधिशाषी अभियंता ओपी सिंह को ज्ञापन सौपकर विद्युत कटौती से निजात दिलाने की मांग की है। जल्द से जल्द विद्युत कटौती से निजात न दिलाई गई तो व्यापार मंडल के साथ साथ कस्बावासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर संदीप वैश्य, मोहित सोनी, रमजान अली, राम केवल, अंजनी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


बिजली कटौती के विरोध में ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### रणगांव के कोटेदार पर घटतौली का आरोप

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। योगी सरकार की लाख कोशिशें के बावजूद कोटेदार सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। घटतौली और अभद्रता की शिकायते आए दिन कोटेदारों के खिलाफ होती रहती हैं। ताजा तरीन मामला रणगांव कोटेदार रविंद्र शर्मा का है। सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से राशन लेने वाले ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार कोटेदार के खिलाफ शिकायत की गई है लेकिन अधिकारी जांच के नाम पर लीपा पोती कर देते है। बताते चले कि गरीब जनता को राशन की दुकान से निशुल्क राशन मिल रहा है और घटतौली रोकने के लिए सरकार के द्वारा ई-पास मशीन से राशन दिया जा रहा है फिर भी कोटेदारों के द्वारा घटतौली की जा रही है। वही गांव के ही भाजपा नेता बीके सिंह का कहना है कि मामले में कुछ लोगों के द्वारा रंजिसन कोटा निरस्त कराने के लिए ग्रामीणों से हंगामा कराया जा रहा है। कोटेदार के द्वारा घटतौली किए जाने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा और मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

### दिव्यांगों में भी अद्भुत क्षमताएं : बीईओ


शहीद जूनियर हाईस्कूल में आयोजित बैठक में मौजूद अभिभावक।

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की एक बैठक शहीद जूनियर हाईस्कूल में सोमवार को संपन्न हुई। बीईओ राजीव कुमार ओझा ने कहा कि दिव्यांगों में भी अद्भुत क्षमताएं होती हैं। इन्हें भी सम्मानजनक तरीके से जीने का अधिकार है। पैराओलिंपिक में दिव्यांगो ने पदकों का अंबार लगा दिया। उन्होंने सभी अभिभावकों से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व सरकार की ओर से मिल रही सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए सजग रहने को कहा। बैठक में लगभग 50 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। बैठक में अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। दिव्यांग बच्चों की समस्याएं भी सुलझाई गई। इसमें मौजूद लोगों में गोविंद बाजपेई, नवीन पांडेय, जितेंद्र पटेल, प्रगति मिश्रा, बालकृष्ण तिवारी आदि मौजूद रहे। बैठक के संयोजक गोविंद बाजपेई ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### फर्जी इंद्राज कराकर तालाब पर कब्जा करने की शिकायत

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। लालगंज नगर के तालाबों पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण कराए जाने का सिलसिला चल रहा है। जमीन की कीमतें बढ़ जाने के कारण लोग सरकारी जमीन और तालाबीय भूमि पर भी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे है। लालगंज कस्बे का चाहे घोसियाना स्थित पक्का तालाब हो या वार्ड नंबर 4 महेश खेड़ा का चंदुवा तालाब हो, हर जगह तालाब को पाट कर कब्जा करने का अभियान अवैध अतिक्रमणकारियो के द्वारा किया जा रहा है। महेश खेड़ा के चंदुवा तालाब में हो रहे कब्जे की शिकायत वार्ड के ब्रहमेन्द्र विक्रम सिंह, गुड्डू सोनकर, राजू, विनय सिंह, शिव शंकर शर्मा, प्रेमा देवी, राजेश सिंह, आशीष और श्याम सुंदर ने एसडीएम लालगंज से की है। तालाब के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि अभिलेखों में राजस्व विभाग द्वारा हेरा फेरी करके खतौनी में गलत इंद्राज कर दिया गया है। तहसील महकमे के लोगों के द्वारा झाबर हरदो पट्टी के एक व्यक्ति का नाम तालाबीय भूमि पर इंद्राज कर दिया गया है। वार्ड के लोगों ने इंद्राज को फर्जी बताया है। नगर के लोगों का कहना है कि तालाब का अस्तित्व समाप्त होने की ओर चल पड़ा है। विनय सिंह का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश है कि तालाब की शक्ल न बदली जाए। तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और उन पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, लेकिन लालगंज तहसील प्रशासन तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर पूरी तरह लापरवाही व हीला हवाली बरत रहा है। सोमवार को वार्ड के लोगों ने तालाब को सुरक्षित कराए जाने के लिए फिर से एसडीएम लालगंज से शिकायत की है। लालगंज एसडीएम ने टीम बनाकर जांच कराए जाने की बात कही है।

### बैठक में टूर्नामेंट की तैयारी पर चर्चा

रायबरेली, अमृत विचार। मटिहा स्थित ए गोल्ड स्मिथ स्पोर्ट्स एकेडमी में बोर्ड मीटिंग संपन्न हुई। इसमें आयोजित होने वाले इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन सीनियर टूर्नामेंट की तैयारी पर चर्चा की गई। जिला टेनिस एसोसिएशन प्रबंधक संजय वर्मा और सचिव श्वेता वर्मा ने कहा कि टूर्नामेंट की तारीख जल्द ही साइट पर आ जायेगी। इसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतर मौका है। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री से की सरेनी पीएचसी की बंद सेवाएं शुरू कराने की मांग

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** भाकियू (बैसवारा) के नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर सरेनी में बंद पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कराने की मांग की।

सरेनी में वर्ष 1970 में लखनापुर ग्राम पंचायत की भूमि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हुई थी। वर्ष 2013 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत हुई जो सरेनी से तीन किमी दूर गोविंदपुर ग्राम पंचायत में स्थापित हुआ। तब से इस करोड़ों की लागत से बने स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटक रहा है। भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव अजय शुक्ल ने बताया है कि इसे पुनः चालू करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मिले।

अजय शुक्ल ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने यहां पर चिकित्सकीय सुविधाएं बहाल करने का आश्वासन दिया है। इससे सरेनी व आसपास के लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए तीन किमी की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मंत्री से मुलाकात करने वालों में अतुल दीक्षित, सुरेंद्र तिवारी, चंद्रकांत त्रिवेदी आदि भी शामिल थे।


स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को प्रतिमा देते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

# बाल वैज्ञानिक ने एआई के उपयोग को किया साझा

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचारः** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार को विद्यालय के होनहारों में अपना नाम बाल वैज्ञानिक के रूप में दर्ज करा चुके नैतिक श्रीवास्तव ने स्कूल के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत चलाए जा रहे तकनीकी ज्ञान को साझा किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इंटरनेट कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के उपयोग और उसके महत्त्व को प्रदर्शित कर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बाल बैज्ञानिक नैतिक श्रीवास्तव को ब्लाइंड पीपल्स के लिए बनाए गए चश्मे के मॉडल को लेकर राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किये जा चुके है। साथ ही जापान जैसे तकनीकी देश में इस प्रोजेक्ट को नैतिक श्रीवास्तव के द्वारा प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के कक्षा तीन के छात्र अनग अग्रवाल ने इंग्लिश एस्पेलिंग बी प्रतियोगिता में यूपी में क्वालीफाई करके विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने दोनों छात्रों को सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षा की शक्ति सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने बच्चों को सदैव पढ़ाई के साथ-साथ को-करिकुलम प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करते रहना चाहिए, जिससे मानसिक व शारीरिक दोनों का विकास हो सके।

**लापरवाही** खराब पड़े कैमरों की वजह से अपराधी पुलिस की धरपकड़ से दूर

# पुलिस की तीसरी आंख में लगी सेंध, कैसे रुके अपराध

हर्षित द्विवेदी, रायबरेली

**अमृत विचारः** अपराधियों पर नजर रखने के साथ-साथ सर्राफा व्यापारियों की दुकानों में लूट जैसी घटनाओं से बचाने के लिए जिले के पूर्व कप्तान आलोक प्रियदर्शी ने आपरेशन दृष्टि के तहत शहर, कस्बों और ग्रामीणांचलों में कैमरे लगवाए थे। साथ ही एक कमांड सेंटर भी स्थापित करवाया था। जिससे जिले में हत्या, लूट, छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों को चिन्हित कर जेल भेजा जा सके, लेकिन वर्तमान में पूर्व कप्तान का सपना ऑपरेशन दृष्टि बैसाखी पर आ गया है। जिले में बढ़ रही लूट की घटनाओं से जहां हर खासोआम चिंता में है। वहीं रायबरेली पुलिस कुम्भकर्णीय नींद में है। प्रतिदिन हो रही घटनाओं से भी सीख न ले पाने वाली रायबरेली पुलिस अब किसके भरोसे है यह तो ईश्वर ही जाने। यहीं नहीं अब लोग यह भी कह रहे है कि पुलिस का घटनाओं का अनावरण न कर पाने का कारण अनुभव की कमी ही है। अगर ऐसा है तो क्या गलतियों से भी नहीं सीखा जा सकता।

क्राइम पर कंट्रोल खो देने वाली रायबरेली पुलिस रोज की घटनाओं से सीख नहीं ले पा रही है। इसका कारण यह है कि पूर्व कप्तान आलोक प्रियदर्शी के द्वारा शासन के निर्देश पर चलाए गए आपरेशन दृष्टि का बैसाखियों पर आ जाना है। अगर समय से जिले में लगे सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत होती तो शायद जिले के चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख का पहरा बना रहता और अपराधी घटनाओं को कारित न कर पाते। अपने ही विभाग के अधिकारियों के अच्छे कामों का अनुसरण न करना, रायबरेली पुलिस की हठधर्मिता का परिचायक कहा जाए तो गलत नहीं होगा। बैसाखी के सहारे चल रहे आपरेशन दृष्टि को सही समय पर पुलिस जैसी संजीवनी पिला दी जाती तो हो सकता था की रोज इतने बड़े-बड़े अपराध न होते। जिले में चौकी इंचार्जो ने अपने-अपने निजी व्यय से सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे लेकिन आज उन कैमरों की स्थिति सफेद हाथी की तरह हो गई है। ना ही इन कैमरों में रिचार्ज होते है और नही सर्विसिंग, जिससे यह स्पष्ट है की कागजी आंकड़ों में ही रायबरेली क्राइम मुक्त है और हकीकत इससे परे।


त्रिपुला स्थित पुलिस चौकी में लगा सीसीटीवी कैमरा।

### चौराहों पर लटक रहे कैमरे, जिम्मेदार अंजान

शहर कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुला चौराहे पर ऑपरेशन दृष्टि के तहत लगा कैमरा धूल रहा और तार के सहारे लटका पड़ा है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब सिटी में लगे कैमरों का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों में लगे कैमरे तो राम भरोसे ही होंगे। ऐसे में अगर पुलिस की तीसरी आंख दुरुस्त होती तो जल्द ही घटनाओं का अनावरण हो सकता था। गुरबख्शगंज में चोरियां व लालगंज में लूट की घटना का खुलासा न होना कहीं न कहीं सीसी कैमरों का खराब पड़ा होना है।

> कैमरे खराब है, यह हमारी जानकारी में नहीं है। यदि ऐसा है तो जल्द ही जांच कराकर खराब पड़े कैमरों को चिन्हित कराया जाएगा। साथ ही कोशिश रहेगी कि जल्द से जल्द सही हो जाए, जिससे पुलिस को भी अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सके।
> –प्रशांत कुमार द्वितीय, पुलिस महानिरीक्षक रेंज, लखनऊ

# दस बाल साहित्य सम्मान का आवेदन 24 तक

रायबरेली, अमृत विचार। डीएम हर्षिता माथुर ने बताया है कि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा बाल साहित्य संबर्द्धन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023 के लिए दिये जाने वाले दस बाल साहित्य सम्मान के लिए चल रहे आवेदन की आखिरी तारीख 24 सितम्बर है। डीएम ने उक्त सम्मानों के लिए साहित्यकारों/विद्वानों की संस्तुतिकर्ता का स्पष्ट नाम, जन्म तिथि, पता, दूरभाष सहित तथा जिसके नाम की संस्तुति की जा रही है, उसका जीवनवृत्त संस्तुति प्रपत्र के साथ संलग्न होना अनिवार्य है। प्रत्येक सम्मान की राशि 51 हजार होगी। उपर्युक्त बाल साहित्य सम्मानों के लिए संस्तुतियां बाल साहित्य सम्मान संबंधी शीर्षक से निदेशक, यूपी हिन्दी संस्थान, लखनऊ को 24 तक भेज दी जायेगी।

## एक नजर

### डेंगू के चार और मरीज मिले

अयोध्या। जिले में सोमवार को डेंगू के चार नए मामले सामने आए हैं। इसमें तीन नगर क्षेत्र में व एक मसौधा का है। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक अब 26 मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें 20 ठीक हो चुके हैं। छह का अभी भी इलाज चल रहा है।

### कोलकाता मामले को लेकर चिकित्सकों का पैदल मार्च

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ हुई दरिंदगी को लेकर एक बार फिर ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायिनीकोलॉजिकल सोसायटी के चिकित्सकों ने प्रदर्शन किया। अध्यक्ष डॉ. सईदा रिजवी व सेक्रेटरी डॉ. मंजूषा पांडेय के नेतृत्व में चिकित्सकों ने महिला अस्पताल से जिला अस्पताल तक पैदल मार्च किया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आफरोज खान ने बताया कि मार्च के दौरान चिकित्सकों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

अयोध्या, अमृत विचार। रौनाही थाना क्षेत्र के सोहावल निवासी चन्दन (35) पुत्र मूसे को गंभीर हाल में रविवार रात जिला अस्पताल लाया गया। पत्नी उषा ने



बताया कि किसी कारण गेहूं में डालने के लिए रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। पत्नी उषा उसको एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लेकर जा रही थी कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पत्नी वापस लेकर जिला अस्पताल पहुंची तो डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट संबंधित थाना पुलिस को भेजवाई जाएगी।

# नल, नील और अंगद टीले का होगा जीर्णोद्धार

## राम मंदिर परिसर के निकास द्वार के पास होने से श्रद्धालुओं को भी भाएगा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर निर्माण के साथ अतिरिक्त अन्य भूमि को विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। जिसके तहत परिसर में नल-नील के साथ अंगद टीले का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

70 एकड़ में स्थित राम मंदिर परिसर में कई प्राचीन स्थल हैं। इसमें कुबेर टीला, नल और नील टीला भी शामिल है। इसके साथ ही पश्चिम और दक्षिण दिशा की ओर प्राचीन अंगद टीला भी राम जन्मभूमि परिसर में शामिल हो गया है। कुबेर टीले पर शिव मंदिर और जटायु की प्रतिमा लगाए जाने के बाद अन्य स्थान पर हरियाली विकसित कर जीर्णोद्धार का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब नल, नील और अंगद टीले के जीर्णोद्धार की भी योजना बनाई जा रही है।

### 40 एकड़ परिसर में हो रहा लैंडस्केपिंग का कार्य

राम जन्मभूमि परिसर में लगभग 30 एकड़ में निर्माण का कार्य चल रहा है और 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में लैंडस्केपिंग का कार्य किया जाएगा। इसके तहत पुष्प वाटिका व नवग्रह वाटिका का भी निर्माण कराया गया है। उसके साथ ही परिसर में कई स्थानों पर वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए छायादार और औषधि युक्त पौधों को भी लगाया जा रहा है।

यह तीनों स्थान मंदिर परिसर के निकास द्वार के पास होने के नाते तैयार किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय के मुताबिक मंदिर परिसर में राम मंदिर के अलावा आठ अन्य मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है। ट्रीटमेंट प्लांट, बिजली के लिए सबस्टेशन के साथ एक ऑडिटोरियम अतिथि निवास और ट्रस्ट भवन बनेंगे। अन्य भूमि पर हरे भरे पेड़, पौधे लगाए जाएंगे। पूरा परिसर लैंडस्केपिंग के माध्यम से सुंदर दिखाई देगा। इसके लिए अलग-अलग कंपनियों को जिम्मेदारी दी गई है। आवश्यकता अनुसार कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# आईसीयू में भर्ती महंत नृत्य गोपाल दास ने अयोध्या आने की जताई इच्छा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का स्वास्थ्य सामान्य स्थिति में है। विहिप मीडिया प्रभारी व उनके मीडिया सलाहकार शरद शर्मा ने बताया कि महाराज का स्वास्थ्य रविवार को अचानक खराब हुआ था, जिन्हें लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

अभी चिकित्सकों की देखरेख में उनकी स्थिति सामान्य है। भूख की समस्या यथावत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि महाराज जी बार-बार अयोध्या धाम चलने की बात कर रहे हैं, लेकिन वरिष्ठ चिकित्सकों की सलाह और पूर्ण स्वस्थ्य होने के पश्चात ही उन्हें अयोध्या धाम लाया जायेगा। उधर, मेदांता की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक अभी भी उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



मेदांता के आईसीयू में भर्ती महंत नृत्य गोपाल दास।

# बैंकुठ धाम में ही होगा शवों का अंतिम संस्कार

## रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे शवों का दाह संस्कार बंद ▶ बिजली, एलपीजी और ग्रीन हुड चैंबर के जरिए भी होगा अंतिम संस्कार

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** बड़े महानगरों की तर्ज पर अब रामनगरी में बिजली, एलपीजी और ग्रीन हुड चैंबर में शवों का दाह संस्कार किया जाएगा। इसके लिए करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या धाम में सरयू तट पर बैकुंड धाम को विकसित कर लिया गया है। अब यहीं शवों का अंतिम संस्कार होगा। रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे शवदाह बंद कर दिया गया है।

सदियों से सरयू तट पर अंतिम संस्कार किया जाता रहा है। जल स्तर घटने बढ़ने से थोड़ी दिक्कतें पेश आती है। अंतिम संस्कार स्थल अस्थाई रहता था, भीषण गर्मी के दिनों में यहां सिर छिपाने के लिए स्थान भी नहीं मिलता था। बरसात में चारों तरफ दलदल जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता था। अब लखनऊ-गोरखपुर हाईवे के किनारे नगर विकास विभाग की ओर से अत्याधुनिक बैकुण्ठ धाम के निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

### नि:शुल्क शवदाह की भी तैयारी

बैकुंठ धाम में एक सिस्टम के तहत कार्य होगा। इसमें पंडा समाज, महापात्र, पूजा सामग्री व लकड़ी बेचने वालों का चार्ज नगर निगम तय कर रहा है। इसके अलावा गरीब या अक्षम के शवों का शवदाह नि:शुल्क करने की तैयारी चल रही है।






अयोध्या धाम में बस अड्डे के पास बना बैकुंठ धाम एवं लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह लगाए गए साइनेज।

### जगह-जगह लगे साइनेज, बैकुंठ धाम में कराएं दाह संस्कार

नगर निगम ने बैकुंठ धाम में ही अंतिम संस्कार कराने के जगह-जगह साइनेज लगवाए हैं। इसमें लिखा गया है कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे शवदाह स्थल बंद कर दिया गया है। अब बैकुंठधाम में ही शवदाह संस्कार कराएं। वहां पर सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ विद्युत शवदाहगृह भी उपलब्ध है। इसके लिए एक नंबर भी दिया गया है।

> बैंकुंठ धाम का संचालन शुरू हो गया है। रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे अब शवों का अंतिम संस्कार नहीं होगा। जागरुकता के लिए जगह-जगह साइनेज लगवाए जा रहे हैं। -वागीश शुक्ला, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

### बैकुंठ दाम में दो इलेक्ट्रिक चैंबर व आठ प्लेटफार्म

बैकुंठ धाम में दो इलेक्ट्रिक, दो ग्रीन हुड व एक एलपीजी क्रिमेशन चैंबर बनाया गया है। हर कोई इलेक्ट्रिक व एलपीजी सिस्टम के पक्ष में नहीं रहता है। कई लोग परंपरा के अनुसार ही शवों का अंतिम संस्कार कराते हैं। इसके लिए बैकुंठ धाम में छायादार आठ प्लेटफार्म भी बनाए गए हैं।

# अयोध्या से प्रतापगढ़ तक बनेगी नई छह लेन सड़क

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** रामनगरी से प्रतापगढ़ तक ग्रीन फील्ड छह लेन एक्सेस कन्ट्रोल हाईवे निर्माण को हरी झंडी मिल गई। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए पूर्व सांसद लल्लू सिंह काफी समय से प्रयासरत थे।

नई बनने वाली सड़क वर्तमान सड़क के समानांतर बनाई जाएगी। इस समय अयोध्या से प्रतापगढ़ टू-लेन और प्रतापगढ़ से प्रयागराज चार लेन की सड़क से आवागमन हो रहा है। अब छह लेन की इस सड़क के निर्माण से अयोध्या से प्रयागराज के मध्य आवागमन में यात्रियों की बेहतर सुविधा मिलेगी।

# एसडीएम का पेशकार गिरफ्तार

## विजलेंस टीम ने रिश्वत के पांच हजार रुपए के साथ दबोचा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** एंटी करप्शन की विजलेंस टीम ने एसडीएम के पेशकार योगेश श्रीवास्तव को घूस लेते रंगे हाथों पकड़ने के बाद गिरफ्तार कर लिया। विजलेंस टीम की इस कार्रवाई से अमेठी तहसील में हड़कंप मच गया। विजलेंस टीम ने अपनी गाड़ी में वन विभाग का स्टिकर लगाकर छापेमारी की।

पेशकार योगेश श्रीवास्तव की एक महीने से लोग शिकायतें कर रहे थे। संतोष बनाम बुधिराम निवासी करनाईपुर के मामले में विजलेंस टीम ने कार्रवाई की। कई महीनों से पेशकार द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी। वहीं विजलेंस टीम के इंस्पेक्टर द्वारा एसडीएम अमेठी से भी पूछताछ की गई। पेशकार को गाड़ी में बैठाकर पूछताछ के लिए अपने साथ विजलेंस की टीम ले गई।



विजलेंस टीम की गिरफ्त में पेशकार। अमृत विचार

### एंबुलेंस की टक्कर से युवक की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मझगवां गांव के पास हाईवे पर एंबुलेंस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुल्तानपुर की तरफ से आ रही एंबुलेंस से बाइक सवार टकरा गया था। उसके पास से मिले कागजात के आधार पर मृतक की पहचान किशोर कुमार पुत्र स्व. राम पियारे उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम लाली का पुरवा मजरे पल्ही पुर सुल्तानपुर के रूप में हुई।

# युवक को लाठी-डंडों से पीट कर मार डाला

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी

▶▶ कुछ दिन पूर्व युवक की पत्नी की भी की थी पिटाई

**अमृत विचार।** जायस कोतवाली क्षेत्र के पूरे गंगा राम मजरे बहादुरपुर में बीती रात्रि पुरानी रंजिश के चलते बाजार से घर जा रहे युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीट कर युवक की हत्या कर दी गई, जिसमें चार लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

घटनाक्रम के अनुसार, रामदेव का बेटा संतोष उम्र 25 वर्ष बीती शाम बाजार से सामान लेकर घर जा रहा था। तभी घात लगाए बैठे गांव के ही राजकरन पुत्र केशरी, सुमाता पत्नी राजकरन, अनामिका पुत्री राजकरन व प्रिंस पुत्र राजकुमार ने लगभग शाम 8 बजे लाठी डंडों से पीट पीट कर मौके पर ही हत्या कर दी।

घटना की सूचना पाते ही जायस कोतवाली पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। सभी नामजदों पर मृतक के पिता रामदेव की तहरीर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### त्योहार में गड़बड़ी पैदा करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीओ



पीस कमेटी की बैठक में शामिल अधिकारी व नागरिक। अमृत विचार

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** त्योहार खुशियों का होता है, जिसे आपसी प्रेम से मिलकर मनाएं। यह बात बारावफात त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने कही। बैठक में तहसीलदार राहुल सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीओ ने कहा कि बारावफात का त्योहार हमें मानवता की सीख देता है, जिसे आपस में मिलकर मनाएं। त्योहार में किसी प्रकार का खलल डालने वाले हुड़दंगियों को चिन्हित कर धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई है। तहसीलदार राहुल सिंह ने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह से बचें व छोटे-मोटे मामलों को मिल बैठकर हल करें। बैठक में अल्लू मियां ने कहा कि कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा, जिसमें 17 सितम्बर को जुलूस निकाला जाएगा। कोतवाल धीरेंद्र यादव ने बताया कि जुलूस में किसी भी प्रकार के पटाखे व डीजे का प्रयोग नहीं होगा, यदि कोई ऐसा करते पाया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एखलाक, समीर कुरैशी, राजा कौशल, मुन्ना यज्ञसैनी, गोकुल कौशल, महमूद, निजाम हैदर, हैदर अली, मकबूल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### विदेश में नौकरी के लिए काउंसलिंग 12 को

**अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के सौजन्य से विदेश (सऊदी अरब, इजराइल, स्लोवाकिया) में नौकरी के इच्छुक अभ्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास केन्द्र (एनएसडीसी) द्वारा जनपद के राजकीय आईटीआई, गौरीगंज में 12 सितम्बर को काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### कमला देवी को आरोप से मुक्त करने की अर्जी खारिज

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कचहरी गैंगवार केस में कोर्ट ने आरोपी कमला देवी को आरोप से मुक्त करने की अर्जी खारिज कर दी। यह आदेश अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय ओझा, रोहित पांडेय व अधिवक्ता दिनेश तिवारी, अमित तिवारी ने बताया कि कचहरी में कानूनगो रामकुमार हत्याकांड में जिला जज की अदालत में पेशी पर आए यशभद्र सिंह उर्फ मोनू पर जानलेवा हमला हुआ था। जिसमें एक साधु वेशधारी साहिल की मौत हो गई थी। जैनेंद्र शर्मा को कचहरी में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। यशभद्र सिंह की तहरीर पर मामले में जैनेंद्र शर्मा समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना में पुलिस ने विधायक विनोद सिंह और कमला देवी का नाम निकालते हुए अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके एक अभियुक्त जैनेंद्र शर्मा को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा हो गई है। मामले में तलबी आदेश को विनोद सिंह ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। जिसमें सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने विधायक विनोद सिंह के ऊपर चल रहे मामले को समाप्त कर दिया था और कमला देवी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद भी वह अदालत में उपस्थित नहीं हुई तो कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई थी। अदालत की तरफ से शिकंजा कसने पर उन्होंने कोर्ट में आत्मसमर्पण करके जमानत अर्जी दी थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था कमला देवी जेल में हैं।

### विशेष सुरक्षा ड्यूटी में आए सिपाही की हादसे में मौत

**अयोध्या,अमृत विचार।** प्रयागराज से विशेष सुरक्षा ड्यूटी में अयोध्या आए सिपाही की एक सप्ताह पूर्व हादसे में हुई मौत के मामले में सिपाही पत्नी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गाजीपुर निवासी सिपाही मुकेश कुमार चौकी कृषि थाना नैनी, प्रयागराज से तीन माह की विशेष सुरक्षा ड्यूटी पर अयोध्या आया था। वो 31 अगस्त की रात बाइक से पुलिस लाइंस अयोध्या जा रहा था। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में बाईपास स्थित साकेत पेट्रोल पंप के पास गंभीर घायल हालत में मिला था। उसकी पत्नी और पुलिस में ही सिपाही के पद पर तैनात ग्राम सिहोरी थाना नन्दगंज, गाजीपुर निवासी राधा सिंगला का कहना है कि उनके पति 31 अगस्त शाम किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से साकेत पुल के पास घायल अवस्था में मिले थे। उनकी क्षतिग्रस्त बाइक बगल में पड़ी थी।

### रिटायर्ड शिक्षिका के बैग से दो लाख चोरी

**अयोध्या,अमृत विचार।** एसएसपी से शिकायत के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने सेवानिवृत्त शिक्षिका ढठरइया मोहल्ला निवासी चम्पा देवी के बैग से दो लाख रुपया चोरी होने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उन्होंने चार सितंबर को ख्वासपुरा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से दोपहर बाद दो बजे दो लाख रूपये निकाले। रकम को अपने बैग में रखकर ई-रिक्शे से नाहरबाग स्थित केनरा बैंक जा थी। इसी दौरान ई-रिक्शे पर चार महिलाएं सवार हुईं। करीब ढाई बजे वह रकम जमा करने नहरबाग स्थित केनरा बैंक पहुंची तो देखा कि बैग की चेन आधी खुली है और रुपया गायब है। जाँच में बैंक ऑफ बड़ौदा का सीसीटीवी खराब मिला और पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। जिसके चलते शिकायत एसएसपी को दी।



सड़क हादसे में मारे गए युवक के घर पहुंचे सांसद किशोरी लाल शर्मा। अमृत विचार

# मृत युवक के परिजनों को सांसद ने दी सांत्वना

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** खालिसपुर के पूर्व प्रधान रहे रामस्वरूप यादव के भतीजे संजू यादव पुत्र शारदा प्रसाद की बीते 29 अगस्त को रायबरेली में अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से बुरी तरह घायल होने के बाद एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर थी। क्षेत्र के सभी गणमान्य मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

सूचना पर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मृतक युवक के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और परिवारजनों को सांत्वना दी। मृतक के पिता से सांसद ने कहा कि हम इस दुःख की घड़ी में आपके साथ है। वहीं सांसद के साथ अमेठी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पवन शुक्ला, आईपी श्रीमाली, शशी जायसवाल, राजू गुजर आदि ने भी मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं : सांसद

**अमेठी, अमृत विचार।** राजीव गांधी सभागार में अमेठी जिला कांग्रेस अनुसूचित विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, जिला अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष रजवाड़ी प्रसाद पासी, अमेठी संसदीय क्षेत्र के 17 ब्लॉक अध्यक्ष और वरिष्ठ अनुसूचित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दलितों के उत्थान में अग्रणी रही है। उन्होंने बसपा की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता का कर्तव्य समाज का नेतृत्व करना होता है, नकि सौदेबाजी करना। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को बताया कि कांग्रेस सर्व समाज की पार्टी है और उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने समाज को सही दिशा दिखाएं और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला वृद्ध का शव

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव में खेत की रखवाली करने गए वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी कल्पनाथ यादव उम्र करीब 70 वर्ष रविवार की शाम को खाना खाकर प्रतिदिन की भांति अपने खेत की रखवाली करने गए थे। सुबह होने पर परिजन खाना लेकर जब खेत में बनी झोपड़ी में पहुंचे तो कल्पनाथ यादव मृत अवस्था में मिले। जानकारी मिलते ही ग्रामीण भी पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं।

# एडीओ पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप

## खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर की जांच की मांग

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** विकासखंड संग्रामपुर के राधेश्याम निवासी उत्तर गांव ने एडीओ पंचायत संग्रामपुर पर गलत जांच रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। प्रार्थी ने कहा है कि एडीओ पंचायत ने प्रार्थी से 5000 रुपये की मांग की। राधेश्याम का कहना है कि उनका अंत्योदय राशन कार्ड बना हुआ था, जिसको कोटेदार के द्वारा काटकर गांव के ही फुलेरा देवी का बना दिया गया। जिसकी शिकायत उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से की। जिला पूर्ति अधिकारी ने एडीओ पंचायत संग्रामपुर को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। एडीओ पंचायत ने 6 सितंबर को राधेश्याम के घर जाकर जांच की, जिसमें राधे श्याम ने आरोप लगाया है कि एडीओ पंचायत ने उनसे 5000 रुपये की मांग की, जिस पर प्रार्थी ने गरीबी का हवाला देकर मना कर दिया। उन्होंने एडीओ पंचायत पर आरोप लगाया कि मेरी बेटी अनीता जिसकी अभी तक शादी नहीं हुई है, उसको इन्होंने अपनी रिपोर्ट में शादीशुदा दिखा दिया है।

आज दोबारा राधेश्याम पुत्र शीतला दीन ने संग्रामपुर ब्लॉक पर एडीओ पंचायत के खिलाफ खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारतीय को प्रार्थना पत्र देकर जांच कराने की मांग की। इस पूरे प्रकरण में खण्ड विकास अधिकारी संग्रामपुर शिव पूजन भारतीय ने कहा कि हम मामले को संज्ञान में लेकर जांच करेंगे, जांच करने के बाद जो तथ्य सही निकलेगा, वह किया जाएगा।



पीड़ित राधेश्याम। अमृत विचार

# नवनियुक्त लेखपालों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को इन्दिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गौरीगंज में नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण सत्र का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र में लेखपालों को संबोधित करते हुए कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग व प्रशासन की मजबूत कड़ी हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि आप सभी को जनता के बीच रहकर उनकी सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। बिना किसी शर्त के व सम्मानपूर्वक अपनी सेवाएं दें। किसी के दबाव में आकर या प्रलोभन में पड़कर कभी कोई गलत कार्य न करें और अपनी रिपोर्ट ससमय व सही लगायें, जिससे कि आगे की कार्यवाही तेजी से हो सके और आमजनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो सिखाया जाए, उसे पूरी मेहनत और लगन से सीखने का प्रयास करें, अच्छा प्रदर्शन करें, जो भी कार्य आपको दिए जाएं उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निवर्हन करें। अंश निर्धारण, जमीन की पैमाइश, खसरा-खतौनी, पट्टे का सत्यापन इत्यादि को गहनता से सीखें, जिससे फील्ड में काम पूरी निष्पक्षता व मजबूती से कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर नवनियुक्त लेखपाल जनपद में कुल 76 लेखपाल नियुक्त किये गये हैं, जिसमें प्रथम सत्र में 39 तथा द्वितीय सत्र में 37 लेखपालों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है।



नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

▶▶ जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उदघाटन

## एक नजर

### विजय सोनी बने प्रदेश मंत्री

**गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वर्णकार भागीदारी मंच का प्रदेश मंत्री रामापुर के विजय कुमार सोनी को बनाया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कौशल सोनी ने मनोनयन का पत्र जारी कर उन्हें बधाई दी है। प्रदेश मंत्री मनोनीत होने पर रामापुर बाजार में सोमवार को लोगों ने खुशी जताई। इस मौके पर अमित वैश्य, संजय मिश्र, दिनेश सोनी, अशोक सोनी, पप्पू सोनी, नितेश उमर वैश्य, विजय आदि ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय लोकदल ने आजाद पर फिर जताया भरोसा

**प्रतापगढ़** : राष्ट्रीय लोकदल के शीर्ष नेतृत्व की ओर से जिला इकाई में कई नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी तय की गई है। एक बार फिर से पार्टी का जिलाध्यक्ष आजाद अली पप्पू को बनाया है। नगर अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्र, युवा अध्यक्ष रियाज, जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह, रवींद्र बहादुर सिंह, ज्वाला प्रसाद पटेल, अब्दुल रज्जाक को बनाया गया है। जिला महासचिव अनिल कुमार सिंह, वेद प्रकाश यादव, जिला संगठन मंत्री सुनील कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष रामू गौड़, जिला सचिव अशोक कुमार पांडेय सहित सात सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है।

### घर में रखा सोने चांदी का आभूषण चोरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पहाड़ी स्थित कच्चे मकान में रखा सोने चांदी के आभूषण को चोर लिया पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। हलिया पहाड़ी निवासी निर्मला ने दिए गए तहरीर में बताया है बीती रात घर में सोई थी कि दो बजे रात्रि किवाड़ कोई खटखटाया तो मैं डरवास दुकान में चली गई 5 बजे घर में गई तो देखा कि गहना पेटी, छागल, मंगलसूत्र , बाक्स में रखा था खोजबीन पर पता नहीं चलने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है हलिया निवासी एक व्यक्ति दुकान पर आकर धमकी दी थी कि उठवा ले जाऊंगा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### दीक्षारम्भ में बीटेक के विद्यार्थियों को दी जानकारी

**जौनपुर :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में बीटेक प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के विश्वेश्वरैया सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों का भ्रमण कराकर जानकारी दी गई. कार्यक्रम में मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी में हो रहे तीव्र बदलाव पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर रवि प्रकाश ने छात्रों को पूर्ण मनोयोग के साथ विद्या अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

# एसडीएम ने खाद बिक्री के खिलाफ चलाया अभियान

**हलिया (मिर्जापुर)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने तहसील क्षेत्र के अंतर्गत संचालित खाद दुकानों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई किया है।

लहंगपुर के सम्राट खाद एवं हर्षा खाद की दुकान पर छापेमारी किया है। दोनों दुकानों के स्टाक रजिस्टर मैनटेन नहीं पाया गया है। दोनों दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई किया गया है। इसके बाद लालगंज क्षेत्र के खाद दुकानदारों के विरुद्ध छापेमारी जा रही है। इसके बाद हलिया क्षेत्र के दुकानदारों के विरुद्ध छापेमारी किया किया गया है। लालगंज कस्बा के दो दुकानदारों के विरुद्ध छापेमारी किया गया है। एसडीएम के इस छापेमारी की कार्रवाई से दुकानदार दुकान बंद कर फरार हो गए। इसके बाद हलिया क्षेत्र के खाद बीज के दुकानदारों के विरुद्ध छापेमारी किया गया इस दौरान राजीव क्लिनिक एंव खाद बीज दुकान बंद पायी गयी।इस दौरान एसडीएम के कार्रवाई से कई दुकानदार दुकान बन्द कर फरार हो गए।

इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया गया है।हलिया बाजार में अधिकतर दुकानों पर ताला लटकता हुआ मिला दुकान बंद कर फरार होने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

# कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज तहसील के पतार कला के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में कोटेदार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर कोटे की दुकान को निरस्त किए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार के द्वारा हर राशन कार्ड धारक को 2 किलो राशन काम दिया जाता है, जबकि उपरोक्त आरोप की जांच उप जिलाधिकारी लालगंज के द्वारा 19 जनवरी को दुकान पर जाकर जांच किया गया था जिसमें अनियमितता पाई गई थी। जिसके आधार पर उप जिलाधिकारी लालगंज के द्वारा दुकान को सील व निलंबित कर दिया था। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द कोटे की की दुकान को निरस्त करने की मांग की।

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- जूडो व कराटे में महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज रहा विजेता, ताइक्वांडो में अबुल कलाम इंटर कॉलेज उपविजेता



प्रतियोगिता सम्पन्न होने के बाद खुशी जताते जूडो, ताइक्वांडो के विजेता व उपविजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जनपदीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जूडो, कराटे व ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। खेल प्रतियोगिता में जूडो व कराटे में महादेव प्रसाद इंटर कालेज पट्टी विजेता एवं अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज उपविजेता रहा। ताइक्वांडो में अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज विजेता व महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में अबुल कलाम आजाद इंटर कॉलेज, पीबी इंटर कालेज, महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आनंदबन इंटर कॉलेज आदि की टीमों ने प्रतिभाग किया।

संयोजक अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आजाद अहमद ने अतिथियों का स्वागत कर प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दिया। इस दौरान क्रीड़ा सचिव आबाद अहमद, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, दिनेश पांडेय, विनीत सिंह, अखिलेश सिंह, आशुतोष सिंह आदि मौजूद आदि रहे।

# सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत

## ससुराल से लौटते समय लालगंज में हनमुत निकेतन के पास हुआ हादसा

- ई-रिक्शा को बचाने में ट्रैक्टर टॉली की चपेट में आ गए
- अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों ने जताया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़ अमृत विचार** : ससुराल से बाइक से जिला मुख्यालय जा रहे अधिवक्ता की नेशनल हाइवे पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। खबर मिलते ही रोते - बिलखते परिजन और अधिवक्ता साथी ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। शिक्षक विधायक, अधिवक्ताओं सहित लोगों ने अधिवक्ता की मौत पर गहरा दुख जताया है।

देल्हूपुर थाना क्षेत्र के देवनगर मदरा निवासी 37 वर्षीय मनीष मिश्र मारुत पुत्र बैजनाथ मिश्र मारूत कचहरी में वकालत करते थे। गांव में एमकेडी एजुकेशनल एकेडमी का संचालन करते थे। सोमवार की सुबह वह रायबरेली के सलोन थाना के पण्डित का पुरवा पारी गांव में स्थित अपनी ससुराल से बाइक से प्रतापगढ़ जा रहे थे। सुबह करीब नौ बजे लालगंज बाजार में नेशनल हाइवे पर हनुमत निकेतन के पास पहुंचे तो सामने एक ई रिक्शा आ गया। उसे बचाने में बेकाबू ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। टक्कर के बाद वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। लोगों ने आनन फानन में उन्हें लालगंज ट्रॉमा सेण्टर पहुंचाया।

सूचना मिलते ही आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ट्रॉमा सेण्टर पहुंचे। चिकित्सक हाथ में ड्रेसिंग कर रहे थे तभी मनीष की सांसें थम गयी। खबर मिलते ही मनीष के बड़े भाई जूबाए के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, पूर्व महामंत्री विवेक त्रिपाठी



मनीष मिश्र मारुत (फाइल फोटो)।

के साथ ट्रॉमा सेण्टर पहुंचे। पत्नी अनामिका भी रोते बिलखते ट्रॉमा सेण्टर पहुंची। लालगंज कोतवाल नीरज यादव मयफोर्स पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मनीष की मौत पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, अधिवक्ताओं समेत लोगों ने गहरा दुख जताया है।

### मनीष का शव देख बदहवास हो गए पिता व पत्नी

बेटे मनीष के सड़क हादसे में घायल होने की जानकारी होने पर पिता बैजनाथ मिश्र ट्रॉमा सेण्टर पहुंचे। वह बेटे का शव देख मूर्छित हो उठे। वहीं मायके से ट्रॉमा सेंटर पहुंची पत्नी अनामिका रोते रोते बदहवास हो गई। पांच वर्षीया पुत्री मान्या व दो माह के मासूम बेटे के सिर से पिता का साया उठने से वहां मौजूद सभी की आंखें नम रहीं। इधर जानकारी मिलते ही संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, बीडी पटेल, केके शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, राहुल मिश्र, कुलभूषण शुक्ल आदि अधिवक्ताओं ने भी गहरा दुख प्रकट किया है।



अधिवक्ता मनीष मिश्र के निधन के बाद ट्रॉमा सेंटर में बदहवास पत्नी व अन्य।

**पुलिस ने खंगाली सीसीटीवी फुटेज :** ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने हादसे के बाद पुलिस से ट्रैक्टर की तलाश किए जाने पर जोर दिया। इसके बाद सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिसकर्मियों के साथ आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। कहा कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### प्राइवेट बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : बाइक से रिश्तेदारी जा रहे दो युवकों को प्रयागराज–अयोध्या हाईवे पर प्राइवेट बस ने कोहंडौर के करिस्ता गांव के पास सामने से टक्कर मार दी। इससे एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज रेफर कर दिया गया।



विक्रम वर्मा (फाइल फोटो)।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के चौखड़ा निवासी रामबहादुर वर्मा का 20 वर्षीय बेटा विक्रम बगल के राआसरे वर्मा के 21 वर्षीय बेटे अर्जुन के साथ सोमवार दोपहर बाइक से रिश्तेदारी सुल्तानपुर के लंभुआ जा रहा था। दोनों कोहंडौर बाजार के पास करिस्ता गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आई प्राइवेट बस ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालत गंभीर देख दोनों को मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां से दोनों को प्रयागराज रेफर किया गया। वहां से निकलते ही विक्रम की मौत हो गई तो एंबुलेंस चालक शव लेकर लौट गया। घायल अर्जुन की भी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। एसओ राधेश्याम ने बताया कि चिलबिला के पास से बस बरामद कर ली गई है। तहरीर मिली है कार्रवाई की जाएगी।

# मुस्लिम संगठनों ने कभी नहीं कि वक्फ बोर्ड के भ्रष्टाचार की मुखालफत : अनीश

**परियावां, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अनीश मंसूरी ने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 कोढ़ में खाज जैसा है। अफसोस है कि अधिनियम का विरोध करने वाले ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमाते इस्लामी जैसे बड़े संगठनों ने कभी भी वक्फ बोर्ड के भ्रष्टाचार रूपी कोढ़ को खत्म करने की दिशा में कोई पहल नहीं किया। यही वजह है कि आज सरकार देश की वक्फ बोर्ड पर नजरें गड़ाए हुए है।

उन्होंने कहा कि पशमांदा मुस्लिम समाज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गहन अध्ययन के बाद संयुक्त संसदीय कमेटी के चेयरमैन जगदंबिका पाल से मिलकर उनको असलियत से अवगत कराएंगे। अनीश मंसूरी ने कहा कि देशभर के वक्फ बोर्डों में पहले से ही भ्रष्टाचार व्याप्त है। इसमें बोर्ड के पदाधिकारी से लेकर बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी तथा मुतवल्ली शामिल हैं। इस्लाम में वक्फ की अवधारणा का सिर्फ एक मकसद है कि समाज के पसमांदा तबके के लोगों, यतीमों, बेवाओं और कामकाज ना कर सकने के कारण परिवार से वंचित वृद्धो की आर्थिक मदद हो सके। लेकिन वक्फ संशोधन का विरोध कर रहे आलइंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड, जमाते इस्लामी हिंद सहित तमाम मुस्लिम संगठनों ने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया। बताया कि देश भर के वक्फ बोर्ड का अध्ययन करने के लिए यूपी वक्फ बोर्ड के लिए 12 सदस्यों की टीम अलग– अलग कमेटियों का गठन किया है। कमेटी में शेख सलाहुद्दीन, एडवोकेट एजाज अहमद, हाजी अंजुम अली, महमूद आलम, महबूब आलम, मोहम्मद इलियास मंसूरी, मुख्तार अहमद मंसूरी, आस मोहम्मद, कैफ आजाद मंसूरी, मोहम्मद वसीम राइनी, डॉ.आरिफ नदीम और जमीर अहमद खान को रखा गया है। सभी कमेटियां 30 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 139 मरीजों का उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलें में आने वाले मरीजों का नि :शुल्क उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा कामेश्वर तिवारी के देखरेख में संपन्न हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 41मरीजों का उपचार किया गया है।इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर बालकृष्ण के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 52मरीजों का उपचार किया गया है। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन डा सुरेश कनौजिया देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 46मरीजों का उपचार घर नि :शुल्क दवा वितरित किया गया है। शासन द्वारा प्रत्येक रविवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन कर लोगों का उपचार कर दवा वितरित किया जाता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमंडगंज बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मंदिर में कुल 139 मरीजों का उपचार कर नि :शुल्क दवा वितरित किया गया है।इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डा जितेन्द्र यादव, बीसीपीएम अनिल कुमार, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

### मंगेश यादव एनकाउंटर की जांच को लेकर दिया ज्ञापन

**जौनपुर।** मंगेश यादव एनकाउंटर की न्यायिक जांच कराने को लेकर अखिल भारतीय यादव महासंघ के तत्वावधान में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। मंगेश यादव निवासी अगरोरा थाना बक्सा जनपद जौनपुर को पीड़ित परिवार के अनुसार विशेष टास्क फोर्स तथा बक्सा थाना पुलिस द्वारा डकैती का मामला दिखाकर रात्रि 2 बजे घर से पूछताछ के लिये ले जाकर थाना में दो दिन रखा जाता है। इसके बाद मुठभेड़ दिखाकर हत्या कर दिया जाता है। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव फौजी ने कहा कि जिस लूट में मंगेश यादव का एनकाउंटर किया गया, उसमें अन्य जाति के लोग भी आरोपी थे। यहां तक कि मुख्य आरोपी को सही सलामत आत्मसमर्पण करवाया गया और मंगेश को यादव होने की सजा भुगतनी पड़ी। इसी क्रम में अन्तरराष्ट्रीय यदुवंशी परिषद के संयोजक डा. ब्रजेश यदुवंशी ने कहा कि मंगेश यादव प्रकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार न्यायिक जांच करवाये जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। वहीं जो भी दोषी हो, उसे दण्डित भी किया जाना चाहिये। इस अवसर पर राजेश यादव लोहिया प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, डॉ जंग बहादुर यादव, जवाहर लाल यादव, फूलचन्द यादव, बृजेश यादव जिला पंचायत सदस्य, अनिल यादव प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, अरुण यादव एडवोकेट, व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल, पंकज यादव, नीरज यादव, राम साहब यादव प्रधान, राकेश यादव एडवोकेट, अवधेश यादव, मैन बहादुर यादव, राजनाथ यादव, कृष्ण कुमार यादव सभासद, कमलेश यादव फौजी, हवलदार यादव फौजी, अनिल यादव फौजी, संतोष यादव फौजी, श्याम लाल यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पैगंबर पर टिप्पणी पर गरजे ओवैसी की पार्टी के नेता

**प्रयागराज, अमृत विचार** : पैगंबर पर टिप्पणी को लेकर प्रयागराज में सोमवार को ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। नेताओं ने कहा कि पैगंबर की शान में की गई गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वालों की गिरफ्तारी की जाए। धरना प्रदर्शन करने के बाद डीएम को ज्ञापन भी दिया गया। महानगर अध्यक्ष अफसर महमूद का कहना है कि पैगंबर पर महन्त रामगिरी द्वारा की गई अभद्र टिपणी पर अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे मुस्लिम समुदाय में रोष है। कलेक्ट्रेट में जमा हुए एमआईएम नेताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और गिरफ्तारी की मांग किया। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया गया। अफसर महमूद ने बताया कि महाराष्ट्र के साथ ही यूपी के कई जिलों में प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद, जिला अध्यक्ष मेराज अहमद, युवा जिला अध्यक्ष आमिर बादशाह, युवा महानगर अध्यक्ष मोहम्मद जैद, इफ्तिखार अहमद मंदर, माजिद फारुकी, तौफीक अहमद, रियाज उल हक चौधरी, शारिक कलीम, तारिक नदीम, नसीम अहमद, नईम अहमद, सुल्तान अहमद, डॉक्टर जमील अहमद, अफसार अहमद, सलमान, अफजाल, मोहम्मद मासूम, मोहम्मद उमर, मोहम्मद नूर आलम, मेराज, छोटू सरफुद्दीन, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद असलम, मोहम्मद असद, कलीमुल रहमान आदि मौजूद रहे।

# राजस्व कार्यों में लेखपाल महत्वपूर्ण कड़ी : डीएम



नवनियुक्त लेखपालों को संबोधित करते डीएम संजीव रंजन। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : जनपद में 137 नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व कार्यों में लेखपाल महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सभी लेखपाल इस सेवा को जनसेवा का ध्येय बनाकर अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। आम-जन की समस्याओं का निष्पक्षता के साथ निस्तारण करें।

# 151 विद्यार्थियों को मेडल देंगी राज्यपाल

**उत्साहवर्धन**

- प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षांत समारोह आज

**नैनी, अमृत विचार :** प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय का भव्य सप्तम दीक्षांत समारोह मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अखिलेश सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महोदया द्वारा किया जायेगा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि चंद्रयान की सूत्रधार ए.एस. किरन कुमार, अध्यक्ष, फिजिकल रिसर्च मैंनेजमेंट कौंसिल, सदस्य, स्पेस कमीशन, भारत सरकार, पूर्व अध्यक्ष, इसरो होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेन्द्र उपाध्याय, मंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं रजनी तिवारी, राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परास्नातक, संस्कृत विभाग छात्रा अंजली गिरि, को कुलाधिपति स्वर्ण पदक कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रदान किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में कुल 1,15,827 विद्यार्थियों (स्नातक-70331, परास्नातक एवं व्यावसायिक-45496) को उपाधि प्रदान की जाएगी। साथ ही 151 छात्रों को 156 मेडल दिए जाएंगे, जिसमें स्नातक/परास्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक पाने वाले कुल 49 विद्यार्थियों को 49 स्वर्ण, 52 को रजत पदक एवं 55 को कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे। इस बार भी 71 फीसदी लड़कियों ने बाजी मार ली, जबकि 29 फीसदी लड़के हैं। कुलपति ने बताया कि गोद लिए गांव के बच्चों की प्रतियोगिताएं कराई गई थी, जिनके विजेताओं को भी इस अवसर पर मेडल दिए जाएंगे। साथ ही राज भवन की ओर से निर्धन छात्रों को किताबें बांटी एवं फतेहपुर के लिए 200 आंगनबाड़ी किट बांटी जाएगी।

इसके अलावा दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल प्राप्त करने वाली सुनीता देवी एवं गुवाहाटी में आयोजित खेलो इंडिया में बॉक्सिंग के 63से 67 किलोग्राम भार में ब्रांज मेडल प्राप्त खिलाड़ी आकें को भी मेडल दिया जाएगा। साथ ही कुलपति डॉ अखिलेश ने बताया कि इस मौके पर चार शैक्षिक सुविधाओं का भी लोकार्पण किया जाएगा।

### सर्वोच्च अंक लाने वाले छात्रों को मिलेंगे मेडल

दीक्षांत समारोह में स्नातक 70331 व परास्नातक एवं व्यावसायिक 45496 छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी तथा स्नातक/परास्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक पाने वाले 49 विद्यार्थियों को 49 स्वर्ण, 52 रजत पदक एवं 55 को कांस्य पदक कुल 156 प्रदान किए जाएंगे

**आयोजन** — भारत विकास परिषद शौर्य ने मनाया तीज उत्सव

# महिलाओं ने रचनात्मक प्रतिस्पर्धा में किया प्रतिभाग

**जौनपुर, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शौर्य ने सावन एवं तीज उत्सव का कार्यक्रम किया जहां सर्वप्रथम मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, विशिष्ट अतिथि एवं निर्णायक भूमिका में डा. प्रियम्बदा सिंह, डा. प्रियंका श्रीवास्तव, कंचन पाण्डेय, डा. शिल्पी सिंह, अंजू सिंह, प्रियंका पाण्डेय, रविन्दर कौर, सुधा पाण्डेय ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्वलन किया।

इसके बाद महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव ने वन्दे मातरम गीत गाया जिसके बाद नई सदस्य रोली श्रीवास्तव ने कजरी गायन किया। तत्पश्चात संस्था की सभी महिला सदस्यों ने संगीतमय अन्ताक्षरी सहित विभिन्न प्रकार की रचनात्मक प्रतिस्पर्धा किया जिसमें थाली सजाओ प्रतियोगिता में शालिनी निगम प्रथम, मीनू श्रीवास्तव द्वितीय, प्रियंका पाण्डेय तृतीय आयीं। चूड़ी डालो प्रतियोगिता में रंगोली सिंह प्रथम, प्रिया सिंह द्वितीय, मीनू श्रीवास्तव तृतीय आयीं। म्यूजिक चेयर में डा. एकता कन्नौजिया प्रथम व साधना जायसवाल द्वितीय स्थान प्राप्त कीं। बच्चों के गेम में दौड़ प्रतियोगिता में उत्कर्ष उपाध्याय प्रथम एवं आलोक सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किये। गुब्बारा फुलाओ प्रतियोगिता में उत्कर्ष उपाध्याय प्रथम एवं अपेक्षा सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।




मुख्य अतिथि ने कहा कि शौर्य निरन्तर सेवा और संस्कार के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। साथ ही महिलाओं द्वारा आयोजित आज का यह कार्यक्रम अत्यन्त सराहनीय है।

# आखिरकार दो बच्चियों की पिता ने क्यों की हत्या ?

**फॉलोअप**

**धूमनगंज की घटना**

- पत्नी के प्रेम प्रसंग के शक में गई तीन जानें
- दोनों बेटियों के पेट में घोंपा था चाकू

प्रयागराज

**अमृत विचार:** धूमनगंज के रम्मन का पुरवा में रविवार को हुई दो मासूम बच्चियों की हत्या और एक खुदकुशी के मामले में मृतक की पत्नी के अफेयर की बात सामने आई है। पत्नी के प्रेम प्रसंग के शक में पिता ने अपनी दो मासूम बेटियों की चाकू से गोद-गोद कर निर्मम हत्या कर दी और उसके बाद खुद फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बड़ी बेटी पांच साल की, तो छोटी बेटी तीन साल की थी।

धमूनगंज के रम्मन का पुरवा में मनीष किराए का कमरा लेकर रहता था। वह मकान के पहली मंजिल पर रहता था। सबसे नीचे मकान मालिक रहते थे। घटना उस वक्त की है जब मनीष की बेटियां कमरे में सो रही थी। उस वक्त मनीष ने किचन से चाकू लाकर दोनों बेटियों के पेट में घोंप दिया था। उस वक्त दोनों बच्चियां दर्द से कराह रही थी, लेकिन मनीष दोनों के पेट में तब तक चाकू घोंपता रहा, जब तक दोनों की सांसे थम नहीं गई। 5 साल की नैंसी और 3 साल की खुशबू को मनीष ने इतनी बेरहमी से मारा कि सुनकर कलेजा कांप जाये। दोनों बच्चियों की इस दर्दनाक मौत को देखकर यह लगता है कि मनीष दोनों बच्चियों से दुलार नहीं नफ़रत करता था।

### पत्नी पर रखता था निगाह

सूत्रों के मुताबीक कई बार मनीष ने पत्नी संगीता पर रोक टोक भी की थी।जिसको लेकर दोनों में नोकझोंक भी होती थी।

### सात साल पहले मनीष और संगीता ने की थी लव मैरिज

मनीष ने सात साल पहले कानपुर की रहने वाली संगीता से लव मैरिज की थी। हालांकि मनीष के घरवाले इस शादी से बिल्कुल खुश नहीं थे और मनीष को घर से बेदखल कर दिया था। मनीष पेंटिंग और बिजली मिस्त्री का कार्य करता था।

### मनीष का मोबाइल खोलेगा घटना का राज

पुलिस का कहना है कि इस पूरी घटना का राज मनीष के मोबाइल से खुलेगा। मोबाइल को कब्जे में लिया गया है। उसकी कॉल डिटेल, फोटो, वीडियो से पूरी कहानी सामने आएगी। पुलिस का मानना है कि कातिल पिता के मोबाइल से कई राज खुल सकते है। इसके बारे में पत्नी से भी पूछताछ की जा रही है। मनीष की मौत के बाद अपनी उसकी पत्नी संगीता जो बयान देगी वो माजा जायेगा। लेकिन मनीष के मोबाइल को लेकिलर पुलिस सक्रिय है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,559.54 | 24,936.40 |
| बढ़त | 375.61 | 84.25 |
| प्रतिशत में | 0.46 | 0.34 |





अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 10 सितंबर 2024

## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,600 |
| सोना रवा | 73,450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,600 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# सेबी से बचने को एफपीआई ने किया एसएटी का रुख

## बीओ का खुलासे के नियमों से बचने को निवेशकों ने चुना कानूनी विकल्प

नई दिल्ली, एजेंसी

सेबी के समक्ष अंतिम लाभकारी स्वामित्व (बीओ) का खुलासा संबंधी नियमों का पालन करने से बचने के लिए कुछ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने (एफपीआई) कानूनी विकल्प चुना है। मानदंडों का पालन करने की समयसीमा सोमवार को समाप्त हो रही है।

मॉरीशस स्थित दो एफपीआई एलटीएस इन्वेस्टमेंट फंड और लोटस ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ने विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए मानदंडों का पालन करने से तत्काल राहत पाने के लिए कथित तौर पर प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण (एसएटी) का रुख किया है। अमेरिकी निवेश एवं शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की अदाणी समूह पर जनवरी 2023 में जारी रिपोर्ट में इन दो एफपीआई का जिक्र था। इन दो एफपीआई ने एसएटी से अनुरोध किया है कि वह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को इन नियमों का पालन करने के लिए और समय देने का निर्देश दे।

### आगामी तिमाहियों में एफडीआई प्रवाह में तेजी की उम्मीद



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में कटौती की संभावना, अमेरिकी में वृद्धि दर हल्की रहने तथा दूसरी तरफ भारत में अनुकूल आर्थिक परिदृश्य के साथ यहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी आने की उम्मीद है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस साल अप्रैल-जून के दौरान 47.8% बढ़कर 16.17 अरब डॉलर रहा है। पिछले एक दशक में निवेश स्रोत बदल गये हैं और इसमें विविधता आई है। पूंजी नए उभरते क्षेत्रों से आ रही है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि आठ साल पहले की तुलना में, बिजली, निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र अब आकर्षक निवेश स्थल बन गये हैं।

# पीई से समझें कंपनी के शेयर की स्थिति...

पीई रेशियो (प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो) एक वित्तीय अनुपात है जो कंपनी के शेयर की कीमत को प्रति शेयर की आमदनी (ईपीएस) से विभाजित करता है। यह निवेशकों को कंपनी के शेयर की मूल्यवत्ता को समझने में मदद करता है। यह रेशियो निवेशकों को यह संकेत देता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। सामान्यत: पीई रेशियो 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह विभिन्न उद्योगों और बाजार स्थितियों के आधार पर भिन्न हो सकता है। पीई रेशियो के आधार पर निवेश करते समय, अन्य वित्तीय संकेतकों और कंपनी के भविष्य की संभावनाओं का भी मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। आइये इसके बारे में जाने...




**इसे कैसे देखे**

**वित्तीय रिपोर्ट्स :** कंपनियों की वित्तीय रिपोर्ट्स और उनकी वेबसाइट्स पर पीई रेशियो की जानकारी अक्सर मिलती है।

**वित्तीय समाचार और वेबसाइट्स :** कई वित्तीय समाचार और डेटाबेस जैसे कि याहू फाइनेंस, गूगल फाइनेंस पर भी पीई रेशियो मिल सकता है।

**स्टॉक ब्रोकर्स और निवेश सलाहकार :** ये भी आपको कंपनी का पीई रेशियो और अन्य वित्तीय जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

**लाभ :** पीई रेशियो निवेशकों को यह समझने में मदद करता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। उच्च पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत अधिक है, जो वृद्धि का संकेत है। निम्न पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत कम है, जो निवेश का अच्छा समय है यदि कंपनी की संभावनाएं अच्छी हैं।

**मानक:** पीई सामान्य या स्वस्थ सीमा विभिन्न उद्योगों के अनुसार बदलती है। तकनीकी और फिनटेक कंपनियों के लिए पीई उच्च हो सकता है जबकि परंपरागत औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह कम हो सकता है। सामान्यत: एक औसत पीई 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह उद्योग और बाजार की स्थितियों पर निर्भर करता है।

**कितना हो की करें निवेश**

**तुलना :** निवेश से पहले, समान कंपनियों के पीई देखें। इससे पता चलेगा कि कंपनी का रेशियो बाजार के मुकाबले कैसा है।

**विकास की संभावनाएं :** उच्च पीई का मतलब होता है कि बाजार कंपनी की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। आप कंपनी की वित्तीय स्थिति, प्रतिस्पर्धा और संभावनाओं का विश्लेषण करें।

**प्रत्याशित लाभ :** उचित निवेश निर्णय लेने को कंपनी की संभावनाओं, वित्तीय स्थिति और अन्य फैक्टरों पर विचार करें।

याद रखें कि पीई अकेला निर्णय लेने का सही आधार नहीं है। अन्य वित्तीय संकेतकों का भी विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है।

# मत्स्य पालन के 51 हजार से ज्यादा केसीसी लंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- 30 सितंबर तक पट्टाधारकों को बांटना है ऋण, समय कम
- खराब प्रगति पर शासन ने जताई नाराजगी, लाभार्थी वंचित

अमृत विचार : प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से मत्स्य पालन बढ़ाने की योजना पर बैंकों ने पानी फेर दिया है। जिलों पर ऋण लेकर मत्स्य पालन करने के लिए तालाब पट्टा धारकों द्वारा किए गए 51 हजार से ज्यादा आवेदन बैंक शाखाओं पर लंबित हैं। जो समय रहते स्वीकृति न होने से हजारों लाभार्थी मत्स्य पालन करने से वंचित हैं। जबकि मत्स्य पालकों को केसीसी के आच्छादित करने की यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। 30 सितंबर तक ऋण वितरण करके लक्ष्य की पूर्ति करना है। जो कम समय रहते सभी आवेदन स्वीकृत करना मुश्किल है। लापरवाही का कारण केसीसी पर ऋण फंसने के डर से वितरण न करना है। जबकि वितरण वितरण का लक्ष्य बैंकों द्वारा निर्धारित किया गया था। इससे खराब स्थिति केसीसी पर पशुपालन करने की है।

### मत्स्य विभाग ने सत्यापित किए थे आवेदन

केसीसी पर ऋण के लिए पट्टाधारकों द्वारा किए गए आवेदन मत्स्य विभाग द्वारा सत्यापित करके जमा कराए गए थे। इस वजह से किसी तरह की कमी की संभावना नहीं है। इसके बाद भी सत्यापित आवेदन स्वीकृत नहीं किए गए और समय निकल गया। इस पर शासन ने नाराजगी जताई है और निदेशालय से समीक्षा करके आवेदन स्वीकृत करने के लिए सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। साथ ही स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी एवं महानिदेशक संस्थागत वित्त को प्रगति रिपोर्ट भेजी है।

### 1.30 लाख में 5185 आवेदन स्वीकृत

वित्तीय वर्ष में 30 सितंबर तक 1.30 लाख केसीसी पर ऋण वितरण करने का लक्ष्य है। 21 अगस्त तक 59,677 आवेदन किए गए। इसमें 2,884 आवेदन निरस्त किए गए और 5185 स्वीकृत हो पाए। जबकि 51,608 आवेदन लंबित रहे।

## इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम को बढ़ाया जाएगा: भारी उद्योग मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने वाली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन योजना 2024 को फेम-3 को अंतिम रूप दिए जाने तक बढ़ाया जाएगा। ऑटोमोटिव कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) के वार्षिक सत्र में भारी उद्योग मंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि (हाइब्रिड एवं) इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने व विनिर्माण (फेम) से जुड़ी योजना के तीसरे चरण को अंतिम रूप देने में कुछ और समय लगेगा।

## औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 2.15% हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

- अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू 1.3 अंक बढ़कर 142.7 अंक पर पहुंचा, जून में 141.4 अंक था

औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जुलाई में घटकर 2.15 प्रतिशत रह गई। श्रम मंत्रालय से जारी बयान में कहा गया कि जुलाई, 2024 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू (औद्योगिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) 1.3 अंक बढ़कर 142.7 अंक पर पहुंच गया। यह जून, 2024 में 141.4 अंक था।

बयान में कहा गया कि मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.54 प्रतिशत की तुलना में जुलाई, 2024 में घटकर 2.15 प्रतिशत रह गई। इसी तरह जून, 2024 में मुद्रास्फीति 3.67 प्रतिशत रही, जो जून, 2023 में 5.57 प्रतिशत थी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला श्रम ब्यूरो देश के 88 औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्रों के 317 बाजारों से जुटाई गई खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तैयार करता है।



## एक नजर

### निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** एसटीएफ ने शेयर बाजार कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी के आरोप में गिरोह के सगरना समेत दो लोगों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ (नोएडा इकाई) के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि गाजियाबाद के वसुंधरा के सेक्टर-पांच में मोहन मिकिंन्स सोसाइटी के फ्लैट से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बागपत निवासी विनोद धामा और रविंद्र उर्फ नवाब के रूप में हुई है। दोनों ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और हैदराबाद के 500 से अधिक लोगों से 70 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

### मध्यप्रदेश में चिकित्सक सहित आठ लोग डूबे

**विदिशा/खंडवा।** मध्यप्रदेश के विदिशा, सीहोर और खंडवा जिलों में अलग-अलग घटनाओं में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के एक जवान और चिकित्सक सहित आठ लोग डूब गए। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि विदिशा जिले में बेतवा नदी के विभिन्न घाटपर पांच लोग डूब गए, सीहोर के दिगंबर झरने में एक चिकित्सक और खंडवा में अग्नि नदी में दो युवती डूब गईं।

### राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बीटेक की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के जुर्म में राहुल राज को बेल देने से इनकार करते हुए फांसी की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उसकी याचिका रद कर दी। राहुल को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा दी थी, जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायाधीश आनंद सेन और गौतम चौधरी सुनवाई की।

# मणिपुर राजभवन पर छात्रों ने किया पथराव, 20 घायल

## ड्रोन, मिसाइल हमलों के खिलाफ मुख्यमंत्री को छह सूत्री मांगपत्र सौंपा, छात्रों की पुलिस से झड़प

- सुरक्षाबलों ने छात्रों को रोका, आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे

मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर इंफाल में स्कूल-कॉलेज के हजारों छात्रों ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय और राजभवन के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों में भगदड़ मच गई।

पुलिस और सुरक्षाबलों ने छात्रों को बैरिकेड लगाकर रोका और कई राउंड आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे। इसमें 20 से ज्यादा छात्र घायल हो गए।



राज्य में हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकते सुरक्षाकर्मी।

छात्र राज्य में बढ़ी हिंसक घटनाओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें स्थानीय लोग भी हैं। रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च निकालने के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए। यह राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे। सोमवार को सुरक्षाबलों ने ज्ञापन की मांग पूरी कर दी, इसके बाद भी छात्र प्रदर्शन करते रहे। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक वे यहां से जाएंगे नहीं, जिस पर उनकी सुरक्षाबलों से झड़प शुरू हो गई।

मणिपुर में पिछले दिनों ड्रोन से विस्फोटक गिराने और मिसाइल दागने की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी और दस लोग घायल हो गए थे। छात्रों ने प्राधिकारियों के स्थिति से निपटने में कथित तौर पर नाकाम रहने को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने मणिपुर जिंदाबाद, सभी अक्षम विधायक इस्तीफा दें और राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपें जैसे नारे लगाए। बाद में छात्रों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्यपाल एल आचार्य से मुलाकात की। छात्रों ने बताया कि उन्होंने हिंसा पर काबू पाने में नाकाम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और सुरक्षा सलाहकार को पद से हटाने समेत छह मांगें रखी हैं।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाए: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। इंफाल वेस्ट जिले के कौत्रुक गांव में रिमोट नियंत्रित ड्रोन का इस्तेमाल करके गत एक सितंबर को हमला किया गया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी तथा नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे अगले दिन तीन किलोमीटर दूर सेंजाम चिरांग में फिर से ड्रोन का इस्तेमाल किया गया और इस हमले में तीन लोग घायल हुए।

## मुस्लिम युवाओं को क्रिप्टो करेंसी से आईएस में भर्ती की हुई साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट**

- एनआईए ने चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट में चार आरोपियों के खिलाफ सोमवार को आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने कहा कि मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मतीन अहमद ताहा, माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ न्यायिक हिरासत में हैं। ताहा और शाजिब को उनके आका ने क्रिप्टो करेंसी से धन दिया था, जिससे मुस्लिम युवाओ को आईएस में भर्ती करने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना थी।

आरोपियों ने धन का इस्तेमाल बेंगलुरु में हिंसा की कई घटनाओं के लिए किया था। इनमें 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन, बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पर विफल आईईडी हमला भी है, जिसके बाद दो प्रमुख आरोपियों ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट की योजना बनाई थी। आरोपपत्र बेंगलुरु की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल किया गया। इस साल एक मार्च को बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए थे। एनआईए को जांच से पता चला कि शाजिब ने बम रखा था। शाजिब और ताहा अल-हिंद मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार थे, जिनको पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था।

## कांग्रेस करे फैसला, नहीं तो सभी 90 उम्मीदवारों की कर देंगे घोषणा : आप

नई दिल्ली, एजेंसी

आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उसके साथ गठबंधन को अंतिम रूप देने में विफल रहती है तो पार्टी आज शाम तक सभी 90 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।

गुप्ता ने कहा कि आप सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। गठबंधन के संबंध पर उन्होंने कहा कि हम शाम तक 90 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी करेंगे। आप जितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है उनकी संख्या को लेकर दोनों पार्टियों में बातचीत अटकी हुई है। पार्टी 10 सीटों की मांग कर रही है, जबकि कांग्रेस पांच सीटों की पेशकश कर रही है।

### आप ने हरियाणा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** आप ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिससे कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए वार्ता में बाधा पैदा होने का संकेत मिलता है। आप नेता अनुराग ढांडा को कलायत से और इंदु शर्मा को भिवानी से मैदान में उतारा है। विकास नेहरा को महम से और बिजेंद्र हुड्डा को रोहतक से मैदान में उतारा गया है। आप कितनी सीट पर चुनाव पर लड़ेगी, इसको लेकर बातचीत अटक गई है।

## कोर्ट ने जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

**चिकित्सक से दरिंदगी**

- सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जांच पर 17 तक नई रिपोर्ट जमा करने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के मामले में पोस्टमार्टम के लिए जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर सोमवार को चिंता जताई। साथ ही पीठ ने सीबीआई से इसकी जांच करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चालान के इस्तेमाल का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने सीबीआई और पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि जब शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सौंपा गया था तो इसका चालान कहां है? पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि चालान उनके रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ से कहा कि उन्हें तत्काल दस्तावेज नहीं मिल पाया है और वह इस बारे में बाद में अदालत को बताएंगे। न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज होने में कोलकाता पुलिस की ओर से की गई कम से कम 14 घंटे की देरी पर भी सवाल उठाया। न्यायालय ने सीबीआई को जांच पर 17 सितंबर तक नई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### केंद्र की साजिश में वामपंथी दल शामिल हैं : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कोलकाता में चिकित्सक से हुई घटना जन आक्रोश को लेकर केंद्र साजिश रच रहा है। उन्होंने दावा किया कि इसमें कुछ वामपंथी दल भी हैं। राज्य सचिवालय नबान्न में प्रशासनिक समीक्षा बैठक में ममता ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मृतक चिकित्सक के माता-पिता को कभी पैसों की पेशकश नहीं की। उन्होंने लोगों से दुर्गा पूजा नजदीक होने पर उत्सवों की ओर लौटने का अनुरोध किया।

## दर्शन व आरोपियों की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा के साथ उनकी महिला मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ा दी है। दर्शन और पवित्रा समेत सभी 17 आरोपियों को सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर राज्य की विभिन्न जेलों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

## आईआईटी गुवाहाटी के छात्रावास में मृत मिला उत्तर प्रदेश का छात्र

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्रावास के कमरे में सोमवार को कंप्यूटर विज्ञान का छात्र मृत मिला। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी छात्र का शव ब्रह्मपुत्र छात्रावास के उसके कमरे में मिला। वह कंप्यूटर विज्ञान में तीसरे वर्ष का छात्र था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल गुवाहाटी आईआईटी में किसी छात्र की मौत की यह चौथी घटना है। नौ अगस्त को एक छात्रा का शव कमरे में फंदे से लटका मिला था। प्रवक्ता ने कहा कि गुवाहाटी आईआईटी को बेहद दुख के साथ सूचना देनी पड़ रही है कि हमारे समुदाय के एक छात्र की मौत हो गई है। हम इस कठिन समय में छात्र के परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

## 23 अक्टूबर को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को 23 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले की जांच में ईडी से जारी समन को चुनौती दी है। सुनवाई टालते हुए न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि ईडी के जवाब पर केजरीवाल का प्रत्युत्तर रिकॉर्ड पर नहीं है। केजरीवाल के वकील ने कहा कि प्रत्युत्तर दायर हुआ है, हो सकता है कि कोर्ट के रिकॉर्ड में न हो।

**आबकारी घोटाला मामला**

### अमानतुल्लाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आप विधायक अमानतुल्लाह खान को धन शोधन के मामले में सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने मामले की सुनवाई की।

## मोदी ने पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है और प्रधानमंत्री ने उससे पहले लोगों से यह आग्रह किया है। मोदी ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जमीनी स्तर के नायकों को पहचानने के महत्व पर जोर दिया। नामांकन प्रक्रिया के पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने प्राप्त नामांकन की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की है और अधिक लोगों से आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए योग्य उम्मीदवारों को नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स कहा कि पिछले दशक में, हमने अनगिनत जमीनी स्तर के नायकों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है।

## जेल में बंद आरोपी दूसरे आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत का हकदार है : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीन न्यायधीशों की पीठ ने की सुनवाई, बोले- गिरफ्तारी के बाद जमानत का आवेदन एकमात्र उपाय

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी मामले में हिरासत में बंद आरोपी दूसरे मामले में यदि गिरफ्तार नहीं हुआ है तो वह अग्रिम जमानत पाने का हकदार है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उस कानूनी प्रश्न पर सुनवाई कर रही थी कि क्या जेल में बंद आरोपी को किसी अन्य आपराधिक मामले में गिरफ्तारी पूर्व जमानत के लिए अर्जी देने का अधिकार है?

न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि एक आरोपी तब तक अग्रिम जमानत पाने का हकदार है जब तक उसे उस अपराध के संबंध में गिरफ्तार नहीं किया गया है और यदि उसे उस मामले में भी गिरफ्तार किया गया है तो नियमित जमानत के लिए आवेदन करना एकमात्र उपाय है। यह फैसला 2023 में दाखिल धनराज अश्वनी की याचिका पर आया है जिसमें यह सवाल उठाया गया था। पीठ ने कहा कि ऐसा कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है जो किसी आरोपी को किसी अन्य अपराध के संबंध में हिरासत में होने पर अग्रिम जमानत देने के लिए सत्र या उच्च न्यायालय को रोकता है। किसी मामले में हिरासत में होने का प्रभाव किसी दूसरे मामले में गिरफ्तारी की आशंका को दूर करने पर नहीं पड़ता है।

# गिलेस्पी ने दी पीसीबी को सलाह, बोले- कप्तानों को जल्दबाजी में बर्खास्त न करें

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के सीमित ओवरों और टेस्ट टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी ने देश के क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में हालिया खराब प्रदर्शन के बाद जल्दबाजी में कप्तान नहीं बदलने की सलाह दी है।

भारत में 2023 में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के राउंड रॉबिन दौर से बाहर होने के बाद बाबर आजम को सीमित ओवरों की कप्तानी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह लेने वाले शाहीन शाह अफरीदी को एक खराब श्रृंखला के बाद हटा दिया गया था। इसी तरह टेस्ट में बाबर के इस्तीफा देने के बाद, शान मसूद को कप्तान बनाया था।



**गैरी कर्स्टन और जेसन ने बोर्ड से कहा- टीम की बेहतरी के लिए कप्तानी में चाहते हैं निरंतरता**

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि मसूद और बाबर की बर्खास्तगी के बारे में हालिया मीडिया अटकलें कयास से ज्यादा कुछ नहीं हैं। कप्तानों को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने यह फैसला दोनों कोच और चयनकर्ताओं पर छोड़ा है। कर्स्टन और गिलेस्पी बहुत स्पष्ट है कि शान और बाबर दोनों को उनकी नेतृत्व क्षमता का आकलन करने से पहले उचित समय दिए जाने की जरूरत है। दोनों कोच कप्तानी में निरंतरता चाहते हैं और उन्होंने यह बात बता दी है।

# पंत सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर : गांगुली



कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर हैं, लेकिन साथ ही उन्हें छोटे प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद पंत को रविवार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और पूरी उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। पंत ने इस साल के शुरू में सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की थी और इनमें अच्छा प्रदर्शन किया था।



- **भारत के पूर्व कप्तान सौरव बोले- भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं, वहां होगी भारतीय टीम की असली परीक्षा**

गांगुली ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे। अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि उसे छोटे प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वह प्रतिभाशाली है और मुझे यकीन है कि वह जल्द ही ऐसा करने में सफल रहेगा। मोहम्मद शमी को टखने के ऑपरेशन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया लेकिन गांगुली को विश्वास है कि यह तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएगा। मैं जानता हूं कि मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण टीम में शामिल नहीं है लेकिन वह जल्द ही वापसी करेगा क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं। टीम की वहां असली परीक्षा होगी।

## खेल डायरी

### गीली आउटफील्ड के कारण पहले दिन का खेल रद्द

**न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान टेस्ट**



**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के शुरुआती दिन सोमवार को यहां गीली आउटफील्ड के कारण खेल संभव नहीं हो सका। मैच अधिकारियों ने दिन भर कई बार निरीक्षण किया लेकिन परिस्थितियां खिलाड़ियों के मैदान में उतरने के लिए उपयुक्त नहीं थीं। सोमवार को बारिश नहीं हुई लेकिन आधुनिक ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था के अभाव के कारण पिछले सप्ताह भारी बारिश से मैदान प्रभावित हुआ। पूरे सप्ताह बारिश और तूफान के पूर्वानुमान के कारण यह देखना होगा कि टेस्ट मैच खराब मौसम से कितना प्रभावित होता है। अफगानिस्तान को 2017 में टेस्ट दर्जा मिला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट मैच है। अफगानिस्तान ने अब तक 10 टेस्ट मैच खेले हैं। उसे बांग्लादेश, श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ अपनी पिछली तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड के लिए यह इस साल मार्च के बाद पहला टेस्ट मैच है।

### वैशाली के लिए ग्लोबल शतरंज आनंद से सीखने का मौका

**लंदन।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर वैशाली तीन से 12 अक्टूबर तक यहां होने वाले ग्लोबल शतरंज लीग में पहली बार भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि इसमें उन्हें अपनी टीम के साथी और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से कुछ नया सीखने को मिलेगा। वैशाली को इस प्रतियोगिता में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के साथ गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स की टीम में रखा गया है जबकि उनके भाई आर प्रज्ञाननंदा नार्वे के मैगनस कार्लसन के साथ अल्पाइन एसजी पाइपर्स की टीम में शामिल हैं। वैशाली ने कहा मैं उस टीम में हूं जिसमें विशी (आनंद) सर हैं। उनके साथ खेलना मेरे लिए विशेष होगा। इस तरह के टूर्नामेंट से निश्चित तौर पर खिलाड़ियों को अपने खेल में सुधार करने में मदद मिलेगी। यह मेरे लिए कुछ नया सीखने का शानदार मौका होगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मिला वीजा

**लाहौर।** भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने के बाद पाकिस्तान का 12 सदस्यीय दल दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को चेन्नई के लिए रवाना हो गए। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि शनिवार को वीजा मिलने के बाद एथलीट और अधिकारी चेन्नई के लिए रवाना हो गए हैं। अधिकारी ने कहा पाकिस्तान का दल वाघा सीमा के रास्ते रवाना हो गया है, जहां से वे अमृतसर जाएंगे और वहां से विमान से चेन्नई पहुंचेंगे जहां दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। बाद में इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि पाकिस्तानी दल वाघा सीमा पर पहुंच गया है। एएफआई ने टीम की तस्वीर के साथ ट्वीट किया पाकिस्तान की जूनियर एथलेटिक्स टीम और अधिकारी आज अमृतसर में वाघा सीमा पर पहुंच गए हैं। सैफ जूनियर चैंपियनशिप 11 से 13 तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखलाओं के लिए घोषित की टीम

**केपटाउन।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मेजबानी में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान और आयरलैंड के साथ होने वाली एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के प्रमुख कोच रॉब वाल्टर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि ऑलराउंडर एंडिले सिमेलेने को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। टी-20 खेल चुके ऑलराउंडर जेसन स्मिथ और स्पिनर नकबा पीटर एकदिवसीय टीम में पर्दापण करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार तेम्बा बावुमा अफगानिस्तान और आयरलैंड दोनों सीरीज के लिए एकदिवसीय टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि एडेन मारक्रम टी-20 टीम की अगुआई करेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय टीम में तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, डी जोर्जी, फोर्टुइन, हेंड्रिक्स, एडेन मारक्रम, मुल्डर, लुंगी एन्गिडी, फेहलुकवेओ, नकाबा पीटर, एंडिले, स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स शामिल हैं।

# भारत ने ध्वस्त किया जापान का डिफेंस

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने जापान को 5-1 से हराकर हासिल की लगातार दूसरी जीत

- **पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से कल भिड़ेगी भारतीय टीम 17 सितंबर को खेला जाएगा फाइनल**

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान के खिलाफ गोल दागने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे।

मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारत ने मैच के दूसरे मिनट में ही सुखजीत के शानदार मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। सर्कल के दाईं ओर खड़े संजय ने क्रॉस किया जिसे सुखजीत ने तेजी से डिफ्लेक्ट कर दिया। भारत ने अगले मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी जब अभिषेक ने कई जापानी डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोलकीपर को हैरान करके गोल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी यही आक्रामक सिलसिला जारी रहा जब संजय ने 17वें मिनट में शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। हाफ टाइम तक 3-0 की बढ़त के साथ भारत अच्छी स्थिति में था।

टूर्नामेंट के पिछले चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली जापानी टीम ने 21वें मिनट में पेनलटी कॉर्नर हासिल करने के लिए हमले तेज किए, लेकिन जापान के ड्रैग फ्लिकर भारतीयों के सामने नाकाम रहे। भारतीय टीम ने तेजी से जवाबी हमला किया और इस दौरान जुगराज सिंह ने फ्री हिट हासिल की, पर इसका कोई फायदा नहीं मिला। दूसरे क्वार्टर में एक गोल से भारत ने दबदबा बनाये रखा। इस दौरान उन्होंने 11 बार सर्कल में प्रवेश किया और गोल पर तीन शॉट लगाए। हाफ-टाइम ब्रेक के बाद भारत ने फुर्ती बनाए रखने की कोशिश की। फिर जापान के लिए 41वें मिनट में काजुमासा ने मैदानी गोल कर दिया। भारत के लिए चौथे गोल का श्रेय जर्मनप्रीत सिंह के अच्छे स्टिक वर्क को जाता है जिन्होंने बेहतरीन मैदानी गोल करने में उत्तम सिंह की मदद की। फिर अभिषेक की सहायता से सुखजीत ने 60वें मिनट में अपने नाम एक और गोल किया।

मैच के नायक अभिषेक ने कहा आज पूरी टीम ने प्रयास किया और हमने बेसिक्स पर ध्यान दिया। हमने अच्छा आक्रमण किया और सुनिश्चित किया कि हम गोल पर ध्यान लगाए रहें। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी। मंगलवार को आराम का दिन है। छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग के बाद शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

# रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीती पुर्तगाल टीम

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया।

इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

### 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने पर होगा हैरी केन का सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड के फुटबॉल टीम कप्तान हैरी केन को मंगलवार को वेम्बली में फिनलैंड के खिलाफ नेशंस लीग मैच से पहले अपने देश के लिए 100वां मैच खेलने के अवसर पर सोने की टोपी प्रदान की जाएगी। इंग्लैंड की टीम मंगलवार को फिनलैंड के खिलाफ खेलेगी। बायर्न म्यूनिख का यह दिग्गज स्ट्राइकर इस मुकाबले में 100 मैच खेलने वाला इंग्लैंड का 10वां खिलाड़ी बनेगा। वह 2014 में वेन रूनी के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी होंगे। केन के नाम इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 66 अंतर्राष्ट्रीय गोल करने का रिकॉर्ड है।

# भारतीय टीम ने जीते सात स्वर्ण सहित 21 पदक : एनआरएआई

नई दिल्ली, एजेंसी

**बधिर निशानेबाजी विश्व कप**



भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) ने सोमवार को बताया कि भारत ने जर्मनी के हनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में सात स्वर्ण सहित 21 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में भारत ने सात रजत और इतने ही कांस्य पदक भी जीते।

एनआरएआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूक्रेन सात स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर और मेजबान जर्मनी दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्पर्धा के आखिरी दिन माहित संधू ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में स्वर्ण पदक जीता। अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि चेतन हनमंत सपकाल ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम में 13 निशानेबाज शामिल थे जिन्होंने चैंपियनशिप की 16 में से 15 स्पर्धाओं में भाग लिया।

# सिनर के सिर सजा अमेरिकी ओपन का ताज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पिछले दिनों डोपिंग मामले में दोष मुक्त होने वाले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के खिलाफ अपने बेसलाइन के खेल का शानदार नमूना पेश किया और 6-3, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके अमेरिका का वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीतने का पिछले 21 वर्षों से चला आ रहा इंतजार बढ़ा दिया।



अमेरिकी ओपन जीतने बाद ट्रॉफी को चुमते यानिक सिनर। ● एजेंसी

इटली के 23 वर्षीय सिनर ने कहा मेरे लिए यह ट्रॉफी काफी मायने रखती है क्योंकि मेरे करियर का पिछला कुछ समय काफी मुश्किल भरा था। सिनर के करियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी पुरुष एकल की ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज के पास अमेरिका का इंतजार खत्म करने का मौका था

- **सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया, लंबा हुआ अमेरिका का इंतजार**

लेकिन फाइनल में उनकी सिनर के सामने एक नहीं चली जिससे दर्शक काफी मायूस हुए। एंडी रोडिक अमेरिका के आखिरी खिलाड़ी थे जिन्होंने अमेरिकी ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में यहां ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे थे। वह 2009 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी थे। उनसे पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पहुंचने वाले आखिरी खिलाड़ी भी रोडिक थे जो 2009 में विंबलडन में रोजर फेडरर से हार गए थे।

## बॉलीवुड हलचल



# दक्षिण भारतीय फिल्मों में दिखाई जाती हैं जड़ों से जुड़ी कहानियां : तमन्ना

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का कहना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं, इसलिये उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है। तमन्नया भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के साथ ही बॉलीवुड फिल्मों में भी सक्रिय हैं। तमन्ना भाटिया ने दक्षिण भारतीय फिल्म और बॉलीवुड की फिल्मों के बीच अंतर बताया है। तमन्ना भाटिया का मानना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है और फिल्में डबिंग वगैरह के जरिए लोगों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में केवल वही बात कहने की कोशिश की जा रही है, जिसे वे अच्छे से जानते हैं। दक्षिण की फिल्मों में वहां की भौगोलिक स्थिति के बारे में खूब बात होती हैं।

# स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकार्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने फिल्म गदर 2 का रिकार्ड तोड़ते दिया है और यह फिल्म हिंदी में सबसे अधिक कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गई है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, हर दिन बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर चौथे वीकेंड में एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया। इस फिल्म ने गदर 2 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए भारत में अब तक की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने 525 .7 करोड़ रुपये की कमाई की थी। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, स्त्री 2 ने अपने 25वें दिन इस आंकड़े को पार करते हुए कुल 527 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भारतीय बाजार में नेट कमाई के मामले में शाहरूख खान की फिल्म जवान 640 करोड़ रूपये की कमाई के साथ पहले नंबर पर रहे। दूसरे नंबर पर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल है जिसने 553 करोड़ की कमाई की। तीसरे नंबर पर शाहरूख की हीं फिल्म पठान है, जिसने नेट 543 करोड़ की कमाई की है। फिल्म स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।

# फिल्म कन्नप्पा की टीम ने जारी किया पोस्टर




**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के 57वें जन्मदिन के मौके पर कन्नप्पा की टीम ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके किरदार का एक मनमोहक पोस्टर भी साझा किया। अक्षय जल्द ही तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। कन्नप्पा फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा गया @अक्षय कुमार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! इस फिल्म में भगवान शिव का आपका चित्रण आपके अटूट समर्पण का प्रमाण है। टीम #कन्नप्पा आपको आज और हमेशा खुश रहने की कामना करती है। पोस्टर में अक्षय का चेहरा सामने नहीं आया है, लेकिन पवित्र रुद्राक्ष माला से सजी उनकी भुजाओं ने प्रशंसकों का उत्साह दोगुना कर दिया। कन्नप्पा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया है और फिल्म मांचू के बैनर एवीए एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में प्रीति मुकुंदन, मोहनलाल, मोहन बाबू, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम, मधु और मुकेश ऋषि भी हैं। इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, सहित हिंदी और अंग्रेजी भाषा में रिलीज किया जाएगा। कन्नप्पा एक पौराणिक कल्पना है। रिलीज डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

### नेगेटिव बातों से खुद को दूर बनाए रखती हैं अनन्या पांडे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती है। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की बेटी की इन दिनों अपनी वेबसीरीज कॉल मी बे को लेकर चर्चा में है। अनन्या ने बताया कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती हैं। अनन्या पांडे ने कहा, मैं अच्छे काम पर फोकस कर रही हूं, लोगों को जो कहना है कहते रहें, मुझपर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हर किसी का एक नजरिया होता है, जजमेंट होता है। लोग हर तरह की बातें करते हैं। मैंने भी समय के साथ कई चीजें सीखी हैं। मैं फालतू के जजमेंट्स पर ध्यान नहीं देती। आप कितना भी कुछ कर लो, लोग कुछ न कुछ नेगेटिव ढूंढ़ ही लेंगे इसलिए बेहतर है कि आप अपने काम पर फोकस करो।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### कुवैत के तेल मंत्री इमाद अतीकी बर्खास्त

**दोहा।** कुवैत के अमीर (बादशाह) मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने उप प्रधानमंत्री एवं तेल मंत्री इमाद अतीकी को बर्खास्त कर दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी (केयूएनए) ने रविवार को अमीर के आदेश का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। एक अन्य आदेश के माध्यम से अमीर ने वित्त मंत्री एवं आर्थिक मामलों की मंत्री नूरा फासम को उनके मौजूदा कर्तव्यों के अलावा कार्यवाहक तेल मंत्री के रूप में नियुक्त किया।

### विज्ञापन को लेकर गूगल पर एक और मुकदमा

**एलेक्जेंड्रिया।** गूगल के सर्च इंजन को एक न्यायाधीश द्वारा अवैध एकाधिकार वाला बताए जाने के करीब एक महीने बाद प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी को उसकी विज्ञापन तकनीक को लेकर एक और मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। न्याय विभाग और राज्यों का तर्क है कि गूगल ने ऑनलाइन प्रकाशकों को विज्ञापनदाताओं से मिलाने वाली तकनीक पर एकाधिकार बनाया है और उसे कायम रखा है।

### वियतनाम में तूफान से मरने वालों की संख्या 59 हुई

**हनोई।** उत्तरी वियतनाम में तूफान के कारण हुई अधिक बारिश के चलते सोमवार को बाढ़ आ गई, जिसमें एक पुल टूट गया और एक बस बह गई। सरकारी मीडिया के अनुसार दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में इस प्राकृतिक आपदा में 59 लोगों की जान जा चुकी है। वियतनाम में शनिवार को आये तूफान में नौ लोगों की मौत हो गई और इसके परिणामस्वरूप आई बाढ़ और भूस्खलन के दौरान 50 अन्य लोगों की जान जा चुकी है। उत्तरी वियतनाम में कई नदियों का जल स्तर ख़तरनाक स्तर पर है।

### जयपुर साहित्य उत्सव का ह्यूस्टन में समापन

**ह्यूस्टन।** जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) के सातवें संस्करण का ह्यूस्टन में भव्य आयोजन किया गया जिसमें तीन दिन तक प्रभावी बातचीत, दमदार प्रस्तुतियों और विचारों का उत्सव मनाया गया। विश्व स्तर पर प्रसिद्ध इस साहित्योत्सव में अनेक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लेखकों, विचारकों और स्थानीय रचनाकारों ने भाग लिया। साहित्यकारों ने नारीवाद, जलवायु परिवर्तन, साहित्य की सर्जनात्मक शक्ति और व्यक्तिगत और वैश्विक विमर्श के बीच के अंतरसंबंध जैसे सामयिक मुद्दों पर नए दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

### फंड जारी करने में देरी पर आईएमएफ की आलोचना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पर देश में पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के सत्ता में आने के बाद जानबूझकर फंड जारी करने में देरी करने का आरोप लगाते हुए संगठन की आलोचना की तथा उसकी मंशा पर सवाल उठाए। डार ने पाकिस्तानी ओवरसीज फाउंडेशन की ओर से लंदन में आयोजित एक रक्षा कार्यक्रम में कहा कि आईएमएफ ने सभी समीक्षाएं पूरी होने के बावजूद जानबूझकर फंड का वितरण नहीं किया है ।

# इजराइल की सीरिया में भीषण गोलीबारी, 14 लोगों की मौत

दमिश्क, एजेंसी

- 40 से अधिक घायल, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र को भी बनाया निशाना

इजराइल ने रविवार देर रात सीरिया के कई इलाकों में हमले किए जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि रविवार देर रात मध्य सीरिया के कई इलाकों में इजराइली हमले हुए, जिसके बाद हमास प्रांत में एक राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया और आग लग गई, जिसके बाद सोमवार सुबह दमकलकर्मी आग पर काबू करने के लिए जूझते दिखे।

पश्चिमी हमास प्रांत के मस्याफ नेशनल हॉस्पिटल द्वारा दी गई शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार मरने वालों की संख्या चार थी। अस्पताल प्रमुख फैसल हैदर के हवाले से 'सना' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मरने वालों की संख्या 14 हो गई है जबकि 40 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्रिटेन से संचालित युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्सर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' की रिपोर्ट के अनुसार एक हमले में मस्याफ में एक वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र और उन अन्य स्थलों को निशाना बनाया गया जहां ईरानी मिलीशिया और विशेषज्ञ सीरिया में हथियार विकसित करने के लिए ठहरे थे।

स्थानीय मीडिया ने तटीय शहर टार्टस के आसपास भी हमले की सूचना दी। इजराइल की सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इजराइल ने हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया के सरकारी नियंत्रण वाले हिस्सों में सैकड़ों हमले किए हैं, लेकिन उसने कभी इन हमलों को स्वीकार नहीं किया है ।

# अवसाद, चिंता, अकेलापन खत्म कर रहे जीने की चाहत

दस सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आत्महत्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है। आत्महत्या एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जो विश्वभर में एक बड़ी चुनौती बन गई है। हर साल लाखों लोग इसके शिकार होते हैं, जिसमें युवा पीढ़ी अधिक प्रभावित होती है। आत्महत्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अवसाद, चिंता, अकेलापन और सामाजिक दबाव शामिल हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम आत्महत्या के बारे में खुलकर बात करें और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाएं। हमें उन लोगों की मदद करनी चाहिए जो आत्महत्या के विचारों से जूझ रहे हैं और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करनी चाहिए। आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हमें आत्महत्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें मिलकर आत्महत्या को रोकने के लिए काम करना चाहिए और एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज बनाना चाहिए।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस



### किशोरों में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति

किशोर आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, और इसके पीछे मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं कुछ प्रमुख कारण हैं। स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई का तनाव, एग्जाम का प्रेशर, जॉब की टेंशन, शर्मिंदगी और तरह-तरह की नकारात्मक भावनाओं से टीन एजर्स काफी घिरे रहते हैं। जब उनके मन में नकारात्मकता बहुत अधिक बढ़ जाती है और वे स्थिति से लड़ नहीं पाते हैं तो वे आत्महत्या जैसी कदम उठाते हैं। आत्महत्या को रोकने के लिए समय पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करना और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करना आवश्यक है। लोगों के बीच समय बिताना, गेम्स खेलना, म्यूजिक सुनना, खानपान अच्छा रखना और एक्सरसाइज, योग और मेडिटेशन करना कुछ उपाय हैं जो मदद कर सकते हैं।

### मोबाइल और टीवी संस्कृति का भी प्रभाव

मोबाइल और टीवी पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रमों में अक्सर नकारात्मक संदेश और हिंसा दिखाई जाती है, जो युवाओं को नकारात्मक विचारों की ओर धकेल सकती है। मोबाइल और टीवी के अधिक उपयोग से युवा अकेलापन महसूस कर सकते हैं, जो उन्हें आत्महत्या की ओर धकेल सकता है।

### कई कारक हैं जिम्मेदार

- मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं : अवसाद, चिंता, और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आत्महत्या के प्रमुख कारक हो सकती हैं।
- जीवन की परिस्थितियां : जीवन की कठिन परिस्थितियां, जैसे कि आर्थिक समस्याएं, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- दुर्व्यवहार और हिंसा : शारीरिक, मानसिक या यौन दुर्व्यवहार भी आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- नशीली दवाओं का सेवन : नशीली दवाओं का सेवन आत्महत्या के जोखिम को बढ़ा सकता है।
- पारिवारिक इतिहास : अगर परिवार में पहले आत्महत्या की घटनाएं हुई हैं तो इसका जोखिम बढ़ सकता है।
- अकेलापन और सामाजिक अलगाव : अकेलापन और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- चिकित्सा समस्याएं : कुछ चिकित्सा समस्याएं, जैसे कि गंभीर दर्द या असाध्य बीमारी, आत्महत्या की कारक हो सकती हैं।

# भारत-यूएई में चार समझौते

## रणनीतिक संबंधों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और शेख खालिद के बीच हुई वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की तथा दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच समझौता चार समझौतों में शामिल हैं। अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया।



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद के साथ नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में एक बैठक के दौरान बातचीत करते प्रधानमंत्री मोदी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी और युवराज अल नाहयान ने रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि भारत-यूएई संबंधों में शानदार प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं ने बहुआयामी भारत-यूएई संबंधों और नए एवं उभरते क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के अवसरों पर चर्चा की। नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। मोदी से बातचीत के बाद शाह ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। जायसवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहती हैं। हम यूएई के साथ अपनी दोस्ती को मजबूत कर रहे हैं। समझा जाता है कि अपनी बातचीत के दौरान मोदी और अल नाहयान ने गाजा में स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया।

### भारत-यूएई के संबंधों में कुछ वर्षों में आई प्रगाढ़ता

भारत-यूएई संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ता आई है। अगस्त 2015 में मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) और जुलाई 2023 में एक स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) प्रणाली पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में लगभग 85 अरब अमेरिकी अमरीकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भी यूएई, भारत में शीर्ष चार निवेशकों में शामिल है।

# पाकिस्तानी बलों से संघर्ष में आठ तालिबान मारे गए

**इस्लामाबाद।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पास सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के साथ भीषण झड़प में आठ अफगान तालिबान मारे गए हैं जिनमें दो प्रमुख कमांडर शामिल हैं।

प्रांत के खुर्रम सीमावर्ती जिले में सप्ताहांत में सामने आई घटना में अफगान तालिबान के 16 जवान घायल भी हो गए हैं। अफगान पक्ष ने शनिवार सुबह पाक-अफगान सीमा पर पलोसिन इलाके में भारी हथियारों से पाकिस्तानी चौकी पर हमला किया था।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुआ विस्फोट, छह घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ताओं को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मियों सहित छह लोग घायल हो गए।

घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस की टुकड़ियां विस्फोट स्थल पर पहुंचीं।

# सेना-नौसेना के अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने समुद्र और जमीन पर सेना और नौसेना के संयुक्त अभियानों के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसके लिए संयुक्त सिद्धांत यानी 'एम्फीबियस डोक्टराइन' जारी कर दिया। जनरल चौहान ने सोमवार को यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की बैठक के दौरान इस तरह के अभियानों के संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया।

यह एक प्रमुख प्रकाशन है जो मौजूदा जटिल सैन्य माहौल में संचालन के लिए कमांडरों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह क्षमता सशस्त्र बलों को युद्ध और शांतिकाल दोनों में हिंद महासागर क्षेत्र में विभिन्न अभियान चलाने का अधिकार देती है। ये अभियान मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का एक महत्वपूर्ण घटक हैं और सशस्त्र बलों के बीच सामंजस्य तथा एकीकरण का सबसे अच्छा उदाहरण हैं। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत के बाद जमीन और समुद्र दोनों में कार्रवाई के लिए जारी किया जाने वाला यह दूसरा संयुक्त सिद्धांत है।

### सुखोई-30 के इंजन के लिए 26,000 करोड़ का अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) के साथ सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एयरो-इंजन की खरीद के वास्ते 26,000 करोड़ रुपये का समझौता सोमवार को किया। एयरो-इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा किया जाएगा। उम्मीद है कि यह सुखोई-30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायु सेना की जरूरत को पूरा करेगा। रक्षा मंत्रालय ने सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एल-31एफपी एयरो इंजन के वास्ते एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उसमें कहा गया है कि यह अनुबंध 26 हजार करोड़ रुपये का है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# भारत-जापान वित्तीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, टोक्यो में आयोजित 'दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद' में दोनों देशों ने वित्तीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे की वृहद-आर्थिक स्थिति पर अपनी राय से भी अवगत कराया। इस बैठक में भारत और जापान ने अन्य देशों में सहयोग, द्विपक्षीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने विनियमन एवं निगरानी, वित्तीय डिजिटलीकरण और दोनों देशों में अन्य नीतिगत पहल सहित वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों पर विचार साझा किए।

# यूट्यूब पर वीडियो देख की सर्जरी, किशोर की मौत

छपरा, एजेंसी

- आरोपी झोलाछाप को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिहार के सारण जिले में एक 'झोलाछाप' द्वारा यूट्यूब वीडियो देखकर पित्ताशय से पथरी निकालने की सर्जरी किए जाने के बाद एक किशोर की मौत हो गई। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने सोमवार को बताया कि आरोपी चिकित्सक अजीत कुमार पुरी को रविवार रात गोपालगंज जिले से गिरफ्तार कर लिया गया।

मृतक किशोर की पहचान सारण जिले के भुआलपुर गांव के निवासी गोलू उर्फ कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार, गोलू को कुछ समय से पेट दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद शुक्रवार को उसे सारण के धर्मबागी बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में ले गए। जिला पुलिस ने कहा कि गोलू को भर्ती करने के बाद झोलाछाप ने पित्ताशय की सर्जरी करने का फैसला किया... और उसकी टीम के सदस्यों ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। सर्जरी के बाद गोलू की हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। गोलू के दादा प्रह्लाद प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक ने मुझे डीजल लाने के लिए भेजा था, जब मैं वापस आया, तो देखा कि पुरी यूट्यूब पर एक वीडियो देखकर मेरे पोते का ऑपरेशन कर रहा था।

# मस्क 2027 तक बन सकते हैं विश्व के पहले ट्रिलियनेयर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन (10 खरब) से अधिक की संपत्ति अर्जित कर विश्व के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी के एक पेपर का हवाला से यह जानकारी दी है। मस्क की संपत्ति सालाना औसतन 110 प्रतिशत बढ़ रही है, जिसके आधार पर यह पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 'फोर्ब्स' के अनुसार 81.2 अरब डॉलर की संपत्ति वाले भारतीय अरबपति गौतम अडाणी 2028 में दूसरे ट्रिलियनेयर बन सकते हैं।



# सब मेड इन चाइना, इसलिए बेरोजगारी

वाशिंगटन, एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, गांधी ने कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है और अगर देश उत्पादन के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दे तो वह चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली पर वैचारिक कब्जे का जिक्र करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं : सैम पित्रोदा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने कहा है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं और भारतीय जनता पार्टी जो प्रचार करती है उसके विपरीत वह उच्च शिक्षित, पढ़े-गुने और रणनीतिकार हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने रविवार को डलास में टेक्सास विवि में छात्रों को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का परिचय देते हुए यह टिप्पणी की।



### संघ के विपरीत, विचारों की बहुलता को मानती है कांग्रेस

राहुल ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा और कहा कि जहां उनका मानना है कि भारत एक विचार है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की बहुलता वाला देश है। डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, कि हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### राहुल भारतीय लोकतंत्र के लिए काला धब्बा : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी पर अमेरिका में उनकी ताजा टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला और उन्हें भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला धब्बा' करार दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर विदेश में भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।

# खाड़ी देशों से मजबूत होंगे भारत के रिश्ते

रियाद, एजेंसी

- विदेश मंत्री जयशंकर ने छह देशों के विदेश मंत्रियों से की द्विपक्षीय चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को खाड़ी देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की तथा उन्हें और अधिक गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में शामिल होने के लिए तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे।

जयशंकर ने सोमवार को कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से मुलाकात की जो विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से भारत-कतर के द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रिश्तों में प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। जयशंकर ने रियाद में ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसईदी से द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर बात की। उन्होंने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिल अल जयानी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याहया और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की।



कतर के विदेश मंत्री मुहम्मद बिन अब्दुल रहमान से मुलाकात करते जयशंकर।

# बांग्लादेश को 1 लाख अमेरिकी डॉलर देगा सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने रविवार को पूर्वी बांग्लादेश में भीषण बाढ़ के बाद सिंगापुर रेड क्रॉस (एसआरसी) के सार्वजनिक धन जुटाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह योगदान मानवीय राहत प्रयासों और प्रभावित समुदायों की तत्काल जरूरतों को समर्थन प्रदान करेगा।

पांच सितंबर को एसआरसी ने बांग्लादेश में आपातकालीन कार्यों के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, जिससे बांग्लादेश रेड क्रिसेंट सोसाइटी के माध्यम से प्रभावित समुदायों को राहत प्रदान की जा सके। एसआरसी ने कहा कि वह स्थिति पर नजर रखने के लिए रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के संपर्क में है।

**खगोल विज्ञान** पृथ्वी से 124 प्रकाश वर्ष दूर है यह ग्रह, जीवन की भी संभावना

# बाहरी ग्रह में छिपा हुआ है एक गहरा महासागर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पानी वाले ग्रह की तलाश में एक गहरे महासागर वाले बाहरी ग्रह का पता चला है। यह ग्रह हमसे 124 प्रकाश वर्ष दूर है। संभव है कि इसमें जीवन भी मौजूद हो। इसे के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट नाम दिया गया है।

नासा के वेब स्पेस टेलीस्कोप से इसका पता चला है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसका वायुमंडल हाइड्रोजन का है, जिसके नीचे गहरा वैश्विक महासागर हो सकता है। इस एक्सोप्लैनेट में अणु डाइमिथाइल सल्फाइड जीवन के संभावित बायोसिग्नेचर की मौजूदगी की संभावना भी जताई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। नए अध्ययन के अनुसार अधिक पानी के कारण इसे सूपर अर्थ कहा जा सकता है।



बाहरी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

वैज्ञानिकों का कहना है कि तरल पानी हमारे सौर मंडल समेत अन्य ग्रह प्रणालियों में प्रचुर मात्रा में है और अधिकांश पानी ग्रहों की सतह के बजाय उनके अंदर हो सकता है। नवीन तकनीक से किसी भी ग्रह पर जल की मात्रा का पता लगाने में सक्षम हो चुके हैं। स्विट्जरलैंड के ईटीएच ज्यूरिख, कैरोलिन डोर्न व न्यू जर्सी के प्रिंसटन विश्वविद्यालय के हैयांग लुओ व जी डेंग ने यह शोध किया है। शोध नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुआ है।

के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट पृथ्वी की तरह चट्टानी हैं, लेकिन पृथ्वी से बड़ा ग्रह है। गौरतलब है हाल के वर्षों में हुई ग्रहों की खोज एहसास दिलाती है कि ग्रह जितना हमने सोचते थे उससे कहीं अधिक जटिल हैं। कई ग्रह अपने तारों के बेहद करीब हैं। दूर स्थित ग्रहों की तुलना में निकट स्थित ग्रहों का पता लगाना आसान होता है। उनमें से कई ग्रह इतने गर्म हैं कि उनकी सतहें पिघली हुई हैं।

### दूसरे ग्रहों तक जल्द पहुंचने का तरीका ढूंढना होगा

इसमें दो राय नहीं कि दूसरे ग्रहों की खोज खबर आसान होने लगी है और उनकी विस्तृत जानकारी भी हमें मिलने लगी है। मगर सबसे बड़ी चुनौती तक उन तक पहुचना है। अरबो खरबो किमी से भी अधिक दूरी पर ग्रहों का भरा पूरा संसार है। संभव है कि दूर के उन ग्रहों में जीवन मौजूद हो। मगर वहां तक जल्द कैसे पहुचा जाय।